रजिस्ट्री सं. डी. एल-33001/92

REGISTERED NO. DL-33001/92

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 9, 1993/पौष 19, 1914
No. 2] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 9, 1993/PAUSA 19, 1914

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-Section (ii)

भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किये गये सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं
Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर, 1992

का.आ. 56.—केन्द्रीय सरकार, दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन अधिनियम, 1946 (1946 का अधिनियम सं. 25) की धारा 6 के साथ पठित धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उत्तर प्रदेश सरकार, सचिवालय लखनऊ की सहमति से, जो आदेश सं. 321-जी-6-पी-3-5 (37)/8/92 तारीख 27-9-92 द्वारा दी गई थी दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन के सदस्यों की शक्तियों और अधिकारिता का विस्तार भारतीय दंड संहिता 1860 (1860 का अधिनियम सं. 45) की धारा 409, 419, 420 और 468 के अधीन दंडनीय अपराध और उक्त अपराधों के संबंध में या उनसे संसक्त प्रयत्न, दुष्प्रेरण और षड्यंत्र तथा उन्हीं तथ्यों से उत्पन्न होने वाले वैसे ही संव्यवहार के अनुक्रम में पुलिस थाना कवि नगर, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के अपराध मामला सं 93/92 (उच्च स्तर दूर संचार प्रशिक्षण केन्द्र गाजियाबाद कपट संबंधी मामला) की बाबत किए गए किन्हीं अन्य अपराधों के अन्वेषण के लिए संपूर्ण उत्तर प्रदेश राज्य पर करती है।

[संख्या 228/12/92-ए.वी.डी.-II]

ए. सी. शर्मा, अवर सचिव

MINISTRY OF PERSONNEL, P.G. & PENSIONS
(Deptt. of Personnel & Training)

ORDER

New Delhi, the 23rd December, 1992

S.O. 56.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 5, read with section 6 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (Act 25 of 1946), the Central Government, with the consent of the Government of Uttar Pradesh Secretariat, Lucknow, accorded vide No. 321-G-I/VI-P-3-5(37)8/92 dated 27-9-1992 hereby extends the powers and jurisdiction of the members of the Delhi Special Police Establishment to the whole of the State of Uttar Pradesh for investigation of offences punishable U/s. 409, 419, 420 and 468 of Indian Penal Code 1860 (Act 45 of 1860) and attempts abetments and conspiracies in relation to or in connection with the said offences and any other offences committed in the course of the same transactions arising out of the same facts, in regard to case in crime No. 93/92 (Advanced Level Telecom Training Centre, Ghaziabad, fraud case) of Police Station, Kavi Nagar, Distt. Ghaziabad, Uttar Pradesh.

[No. 228/12/92-AVD.II]

A. C. SHARMA, Under Secy.

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर, 1992

का.आ. 57.—केन्द्रीय सरकार, दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन अधिनियम, 1946 (1946 का 25) की धारा 6 के साथ पठित धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, (जी.आर-V) विभाग के आदेश सं. एफ. 24(8)गृह/जी. आर-5/92 तारीख 23-10-92 द्वारा प्राप्त राजस्थान सरकार की सहमति से थाना बस्सी, जिला जयपुर में भारतीय दंड संहिता, 1860 (1860 का अधिनियम 45) की धारा 323, 376, 379 और 147 के अधीन रजिस्ट्रीकृत मामला सं. 399/92 या उक्त मामले से उत्पन्न ऐसे ही संव्यवहार के अनुक्रम में किए गए अन्य अपराध के संबंध में अन्वेषण के लिए दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन के सदस्यों की शक्तियों और अधिकारिता का विस्तार संपूर्ण राजस्थान राज्य पर करती है।

[संख्या 228/60/92-ए.वी.डी.-II]

ए. सी. शर्मा, अवर सचिव

New Delhi, the 23rd December, 1992

S.O. 57.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 5 read with Section 6 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (Act No. 25 of 1946) the Central Government with the consent of the State Government of Rajasthan vide Home (Gr. V) Department Order No. F. 24(8)Home/Gr. V/92 dated 23-10-92 hereby extends the powers and jurisdiction of the members of the Delhi Special Police Establishment to the whole of the State of Rajasthan for investigation of case No. 399/92 under Sections 323, 376, 379 and 147 Indian Penal Code, 1860 (Act No. 45 of 1860) registered at Police Station Bassi District Jaipur of the Code of Criminal Procedure Code (Act No. 2 of 1974), or any other offences committed in the course of same transaction arising out of the said case.

[No. 228/60/92-AVD.II]

A. C. SHARMA, Under Secy.

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 22 दिसम्बर, 1992

का.आ. 58.—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबंध) स्कीम, 1970 के खंड 9 के साथ पठित खंड 3 के उपखंड (ग) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक से परामर्श करने के पश्चात्, एतद्द्वारा वर्तमान में इलाहाबाद बैंक के मुरादपुर शाखा, पटना में तैनात श्री कमला प्रसाद राय, प्रबंधक (एम. एम. जी स्केल-III) को 22 दिसंबर, 1992 से तीन वर्ष की अवधि के लिए या जब तक वे इलाहाबाद बैंक के एक अधिकारी रूप में अपनी सेवा छोड़ नहीं देते हैं, इनमें से जो भी पहले हो, इलाहाबाद बैंक के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में नियुक्त करती है।

[सं. एफ 9/13/91-बी. ओ.-I]

एम. एस. सीतारामन, अवर सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

(Banking Division)

New Delhi, the 22nd December, 1992

S.O. 58.—In pursuance of sub-clause (c) of clause 3 read with clause 9 of the Nationalised Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the Central Government, after consultation with the Reserve Bank of India, hereby appoints Shri Kamala Prasad Rai, Manager (MMG Scale-III) presently posted at Muradpur Branch, Patna, Allahabad Bank, as a Director on the Board of Allahabad Bank with effect from the 22nd December, 1992 for a period of three years or until he ceases to be an officer of Allahabad Bank whichever is earlier.

[No. F. 9/13/91-B.O.I.]

M. S. SEETHARAMAN, Under Secy.

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर, 1992

का.आ. 59 : राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध तथा प्रकीर्ण उपबंध) स्कीम, 1980 के खंड 9 के उपखंड (2) के साथ पठित खंड 3 के उपखंड (ख) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री एन. एम. बर्मन, विशेष सहायक, ओरिएंटल बैंक ऑफ कामर्स, प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली को दिनांक 23 दिसंबर, 1992 से 22 दिसंबर, 1995 तक की तीन वर्ष की अवधि के लिये या जब तक वे ओरिएंटल बैंक ऑफ कामर्स के एक कर्मचारी के रूप में अपनी सेवा छोड़ नहीं देते हैं, इनमें से जो भी पहले हो, श्री योग राज गुप्त, जो भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग) की अधिसूचना सं. एफ. 15/2/89-आई. आर. दिनांक 1-8-1989 के अनुसरण में नियुक्त किये गये थे, के स्थान पर ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के निदेशक बोर्ड में निदेशक नियुक्त करती है।

[सं. 15/2/92-आई. आर.]

सतपाल भाटिया, अवर सचिव

New Delhi, the 23rd December, 1992

S.O. 59.—In pursuance of sub-clause (b) of Clause 3 read with sub-clause (2) of Clause 9 of the Nationalised Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1980 the Central Government hereby appoints Shri S. M. Burman, Special Assistant, Oriental Bank of Commerce , Head Office, New Delhi as a Director on the Board of Directors of Oriental Bank of Commerce for a period of three years with effect from 23rd December, 1992 to 22nd December, 1995 or until he ceases to be an employee of Oriental Bank of Commerce whichever is earlier in the place of Shri Yog Raj Gupta appointed under Notification of Government of India, Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Banking Division) No. F. 15/2/89-IR dated the 1st August, 1989.

[No. F. 15/2/92-IR]

S. P. BHATIA, Under Secy

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समाहरणालय

अधिसूचना सं० 10/1992

नागपुर, 18 दिसंबर, 1992

का.आ. 60 :—श्री सी. जी. सोनटक्के, अधीक्षक, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समूह "ब" समाहरणालय नागपुर निर्धारित की आयु प्राप्त करने पर दिनांक 30-11-1992 को अपराह्न में शासकीय सेवासे निवृत्त हुए।

[फा. सं. II(3)3/92/स्थापना-I/27798]

हरजिंदर सिंह, उप समाहर्ता

(कार्मिक एवं सतर्कता)

CENTRAL EXCISE COLLECTORATE

NOTIFICATION NO. 10/1992

Nagpur, the 18th December, 1992

S.O. 60.—Shri C. G. Sonikke, Superintendent, Central Excise Group 'B' of Nagpur Collectorate having attained the age of Superannuation retired from Government service on 30-11-1992 in the Afternoon.

[C. No. II(3)3/92/Estt. I/27798]

HARJINDER SINGH, Dy. Collector (Per. and Vig.)]

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, 22 दिसंबर, 1992

का.आ. 61.—केन्द्रीय सरकार राजभाषा (संघ के सरकारी प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम 1976 के नियम 10 के उप-नियम (4) के अनुसरण में मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के निम्नलिखित स्वायत्त संगठन को जिसमें 80% से अधिक कर्मचारियों ने हिंदी का कार्य साधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, अधिसूचित करती है :—

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान,
हौजखास, नई दिल्ली—110016

[सं. 11011/2/92-रा.भा. ए.]

रमेश कुमार आंगिरस, निदेशक
(राजभाषा)

MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT

(Deptt. of Education)

New Delhi, the 22nd December, 1992

S.O. 61.—In pursuance of sub-rule (4) of Rule 10 of the Official Languages (use for official purposes of the Union) Rules, 1976, the Central Government hereby notifies the following autonomous organisation of the Ministry of Human Resource Development (Deptt. of Education), more than 80 per cent staff of which has acquired working knowledge of Hindi :—

Indian Institute of Technology,
Hauz Khas,
New Delhi-110016.

[No. 11011/2/92-OLU]
R. K. ANGIRAS, Director (O.L.)

MINISTRY OF COAL

CORRIGENDUM

New Delhi, the 21st December, 1992

S.O.—62— In the notification of the Government of India in the Ministry of Coal Number S.O. 934(E) dated the 27th December, 1991, published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-3, Sub-section(ii) dated the 27th December, 1991, the following corrections are made: —

S.No.	Page Number	Reference	For	Read
1	2	3	4	5
1.	9	In notification, line 1	force–	force
2.	9	Table-I, Serial Number 1, Coluum 2, line 3 and 4	the Union Territory of Arunachal Pradesh	Arunachal Pradesh
3.	10	Table-I, Serial Number 2, line 2 and 3	the Union Territory of Arunachal Pradesh.	Arunachal Pradesh
4.	10	Table-I, Serial number 4, Column 2, line I	Weekly	Weakly
5.	11	Notes, item 1 (i) line 1 (ii) line 3	ben ben	been been
6.	11	Notes, item 2: (i) line 1 (ii) line 3	'Blendable coals 'semi coking'	'Blendable coals' 'semi coking'
7.	11	Notes, item 4, line 1, after the words "formula"	;	:
8.	11	Notes, item 4, line 7 after the word "reduced"	of	by
9.	11	Notes, item 4, line 10	causes	clauses
10.	11	Notes, item 5, line 2	equilibrative	equilibrating
11.	11	Notes, item 5, line 3	40°C	40°C
12.	11	Notes, Point 6, in table: (i) in column heading 1 (ii) in column heading 2	 Grou olatile	 Group volatile
13.	12	Table II, Serial number 1, column 1, line 2	Union Territory of Arunachal Pradesh	Arunachal Pradesh.

1.	2	3	4	5
14.	12	Table II, Serial number 2, column 1, line 2	Meghalaya	Meghalaya,
15.	12	Table II, serial number 2, column 1, line 2 and 3	Union Territory of Arunachal Pradesh	Arunachal Pradesh
16.	13	Table II, serial number 4, column 1, line 1 and 2	Union Territory of Arunachal Pradesh.	Arunachal Pradesh
17.	13	Table IV, headline	WEEKIY	WEAKLY
18.	14	Notes, item 2, line 1	comprising	comprising of
19.	14	Notes, item 5, line 2	segregation/into	segregation into
20.	14	Notes, item 6(i), line 3, between 'at the' and 'ratio'.	average rate of prices of steam and slack coal in these	
21.	14	Notes, item 7, line 1	weekly	weakly
22.	14	Notes, item 8, line 2	Rs	Re
23.	15	Notes, item 9 (ii) , line 1 and 2	Union Territory of Arunachal Pradesh.	Arunachal Pradesh
24.	15	Notes, item 9(ii), line 2	Per tonne,	per tonne
25.	15	Notes; item 11, line 2	bodies;	bodies,
26.	15	Notes, item 12: (i) line 1 (ii) line 3 (iii) line 4 (iv) line 7	hard coke soft coke ad coal 1.35	Hard Coke Soft Coke and Coal by 1.35
27.	15	Notes, item 16, line 1	soft coke	Soft Coke
28.	15	Notes, item 16: (i) line 1 (ii) line 3	Beheive percent	Beehive percent
29.	16	Notes, item 19: (i) line 1 (ii) line 3	price percent	prices percent,
30.	16	Notes, item 20, line 3	Annexur	Annexure
31.	16	ANNEXURE, Area-KENDA, under heading COLLIERY, line 8	Chora ODP	Chora OCP
32.	16	ANNEXURE, Area-KAJORA, under heading COLLIERY, line 15	Jambac OCP	Jambad OCP
33.	17	ANNEXURE, Area-BAIKUNTHPUR, under heading COLLIERY: (i) line 3 (ii) line 4	 Bhatgaon OCP Bisrampur UG	 Bhatgaon Bisrampur OCP Bisrampur UG
34.	17	ANNEXURE, Area-CHIRIMIRI, Under heading COLLIERY; (i) line 11 (ii) line 12	 CHIRIMIRI OC+Ug 1&3 CHIRIMIRI OC+Ug 2&4	 CHIRIMIRI OC+UG 1&3 CHIRIMIRI OC+UG 2&4

[No. 28012/6/90-CA]

R.C. MISRA, Director

उद्योग मंत्रालय

(भारी उद्योग विभाग)

नई दिल्ली, 11 दिसंबर, 1992

का.आ. 63.—केन्द्रीय सरकार, राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 के नियम 10 के उप-नियम (4) के अनुसरण में निम्नलिखित कार्यालयों को, जिनके 80% कर्मचारियों ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, अधिसूचित करती है :—

(1) एच. एम. टी. लिमिटेड,
पिंजौर-134 101
जिला—अम्बाला (हरियाणा)

(2) एच. एम. टी. घड़ी कारखाना,
रानीबाग—263 126
नैनीताल (उत्तर प्रदेश)

[सं. ई-11012/(1)/92-हिंदी]

ओ. पी. शरवर, उप-सचिव

MINISTRY OF INDUSTRY

(Department of Heavy Industry)

New Delhi, the 11th December, 1992

S.O. 63.—In pursuance of sub-rule (4) of rule 10 of the Official Languages (Use for official Purposes of the Union) Rules, 1976, the Central Government hereby notifies the following offices, the 80 per cent staff whereof have acquired the working knowledge of Hindi :—

1. H.M.T. Limited,
Pinjore-134101
Distt. Ambala (Haryana).

2. H.M.T. Watch Factory,
Ranibag-263126
NAINITAL (Uttar Pradesh).

[No. E-11012(1)/92-Hindi]

O. P. SHARVAR, Dy. Secy.

विद्युत मंत्रालय

नई दिल्ली, 21 दिसम्बर, 1992

का.आ. 64.—भारतीय बिजली अधिनियम, 1910 (1910 का 9) की धारा 36(क) की उपधारा 2(क) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, केन्द्रीय विद्युत् प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री वाई. पी. गम्भीर को श्री कृष्ण स्वरूप के स्थान पर केन्द्रीय विद्युत् बोर्ड का अध्यक्ष नामित करती है।

[संख्या 25/13/92-डी. (एम. ई. बी.)]

एम. एल. शर्मा, डैस्क अधिकारी

MINISTRY OF POWER

New Delhi, the 21st December, 1992

S.O. 64.—In pursuance of Sub-section 2(a) of Section 36A of the Indian Electricity Act, 1910 (9 of 1910), the Central Government is pleased to nominate Shri Y. P. Gambhir, Chairman, Central Electricity Authority as Chairman of the Central Electricity Board vice Shri Krishna Swarup.

[No. 25/13/92-D(SEB)]

M. L. SHARMA, Desk Officer

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

नई दिल्ली, 15 दिसंबर, 1992

का.आ. 65.—केन्द्रीय सरकार, भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् अधिनियम, 1956 (1956 का 102) की धारा 11 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् से परामर्श करने के पश्चात्, उक्त अधिनियम की प्रथम अनुसूची में निम्नलिखित और संशोधन करती है, अर्थात् :—

(1) प्रथम अनुसूची में, "मद्रास विश्वविद्यालय" शीर्षक के नीचे की प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित प्रविष्टि अन्तःस्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

"डिप्लोमा इन मेडिसिन (जठरांत्र विज्ञान)	डी. एम. (ज. वि.)"

(2) "डॉ. एम. जी. आर. आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, मद्रास" शीर्षक के नीचे की प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित प्रविष्टि अन्तःस्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

"डिप्लोमा इन मेडिसिन (जठरांत्र विज्ञान)	डी एम. (ज. वि.)"

(3) "महात्मा गांधी विश्वविद्यालय" शीर्षक के नीचे की प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थात् :—

"डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (समुदाय आयुर्विज्ञान)	एम. डी. (सम. आ.))"
डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (शरीर रचना विज्ञान)	एम. डी. (श.र.वि.)"

(4) "गौहाटी विश्वविद्यालय" शीर्षक के नीचे की प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाएगी, अर्थात् :—

"डॉक्ट ऑफ मेडिसिन (न्याय आ.)	एम. डी. (न्या. आ.)"

[सं वी. 11015/33/92-एम.ई. (यू.जी.)]

आर. विजयकुमारी, डैस्क अधिकारी

MINISTRY OF HEALTH & FAMILY WELFARE

(Department of Health)

New Delhi, the 15th December, 1992

S.O. 65.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 11 of the Indian Medical Council Act, 1956 (102 of 1956), the Central Government after consulting the Medical Council of India hereby makes the following further amendments in the First Schedule to the said Act, namely :—

(1) In the First Schedule, under the heading "UNIVERSITY OF MADRAS" after the entries, the following entry shall be inserted, namely :—

"Diploma in Medicine (Gastro-enterology)	.. D.M. (Gastroenterology"

(2) under the heading "Dr. M.G.R. MEDICAL UNIVERSITY, MADRAS", after the entries, the following entry shall be inserted, namely :—

"Diploma in Medicine (Gastro-enterology)	.. D.M. (Gastroenterology)"

(3) under the heading "MAHATMA GANDHI UNIVERSITY", after the entries, the following entries shall be inserted, namely :—

"Doctor of Medicine (Community Medicine)	.. M. D. (Comm. Med.)
Doctor of Medicine (Physiology)	..M.D. (Physiology)"

(4) under the heading "UNIVERSITY OF GAUHATI", after the entries, the following entry shall be inserted, namely :—

"Doctor of Medicine (Forensic Medicine) .. M.D. (Forensic Medicine)

[No. V. 11015/33/92-ME(UG)]

R. VIJAYAKUMARI, Desk Officer

संचार मंत्रालय

(दूर संचार विभाग)

अनुश्रवण संगठन

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर, 1992

का.आ. 66.—केन्द्रीय सरकार, राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 के नियम 10 के उपनियम (4) के अनुसरण में, संचार मंत्रालय, दूरसंचार विभाग के अनुश्रवण संगठन में प्रभारी अधिकारी अनुश्रवण केन्द्र, हैदराबाद के कार्यालय को जिसके कर्मचारियों ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है अधिसूचित करती है।

[सं. ई-11011/11/90-हिन्दी]

के. वरदराजन, निदेशक, (बेतार अनुश्रवण)

MINISTRY OF COMMUNICATIONS

(Department of Telecom.)

(Monitoring Organisation)

New Delhi, the 1st December, 1992

S.O. 66.—In pursuance of sub-rule (4) of rule 10 of the Official Languages (Use for Official purposes of the Union) Rules, 1976, the Central Government hereby notifies the Office of the Officer-in-Charge, Monitoring Station, Hyderabad in the Monitoring Organisation of the Ministry of Communications, Department of Telecom. the staff whereof have acquired a working knowledge of Hindi.

[No. E.-11011/11/90-Hindi]

K. VARDARAJAN, Director, (Wireless Monitoring)

(डाक विभाग)

शुद्धिपत्र

नई दिल्ली, 21 दिसम्बर, 1992

का.आ. 67.—दिनांक 4 नवम्बर, 1992 की समसंख्यक अधिसूचना के क्रम में क्रमांक 3 पर उल्लिखित कार्यालय को निकाल दिया गया समझा जाए।

[सं. ई-11017/1/92-रा.भा.]

डॉ. गिरिवरधारी सिंह, निदेशक (राजभाषा)

(Department of Posts)

CORRIGENDUM

New Delhi, the 21st December, 1992

S.O. 67.—In continuation of the notification of even No. dated 4th November, 1992, the name of the Office appeared at serial No. 3 may be treated as deleted.

[No. E-11017/1/92-OL]

DR. G. D SINGH, Director (OL).

नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय

(नागर विमानन विभाग)

नई दिल्ली, 12 नवम्बर, 1992

का.आ. 68.—केन्द्रीय सरकार राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 के नियम 10 के उप-नियम (4) के अनुसरण में, नागर विमानन तथा पर्यटन मंत्रालय (नागर विमानन विभाग) के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन इंडियन एयर लाइन्स के उत्तर क्षेत्र के अन्तर्गत स्टेशन प्रबन्धक का कार्यालय, गोरखपुर को जिसके कर्मचारी-वृन्द ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, अधिसूचित करती है।

[संख्या ई-11011/6/88-हिन्दी]

रघुनाथ सहाय, उप निदेशक (रा.भा.)

MINISTRY OF CIVIL AVIATION AND TOURISM

(Department of Civil Aviation)

New Delhi, the 12th November, 1992

S.O. 68.—In pursuance of Sub-rule (4) of rule 10 of the Official Languages (Use for the Official purposes of the Union) Rules, 1976, the Central Government hereby notifies the Office of Station Manager, Gorakhpur under Northern Zone of Indian Airlines under the administrative control of Ministry of Civil Aviation and Tourism (Department of Civil Aviation), the staff of which have acquired the working knowledge of Hindi.

[No. E.-11011/6/88-Hindi]

RAGHUNATH SAHAI, Dy. Director, (O. L.)

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली, 17 अगस्त, 1992

का. आ. 69.—केन्द्रीय सरकार खान अधिनियम, 1952 (1952 का 35) की धारा 27 के अनुसरण में पश्चिमी बंगाल राज्य के बर्द्धमान जिले में मैसर्स ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (जो कोल इंडिया लिमिटेड का समनुषंगी है) की महावीर कोयला खान में 13 नवम्बर, 1989 को होने वाली दुर्घटना से संबंधित कारणों और परिस्थितियों की जांच करने के लिए नियुक्त जांच न्यायालय द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 24 की उपधारा (4) के अधीन उसे प्रस्तुत निम्नलिखित रिपोर्ट को इस अधिसूचना के उपाबंध के रूप में प्रकाशित करती है।

"पश्चिमी बंगाल राज्य के जिला बर्द्धमान में महावीर कोयला खान में 13 नवम्बर, 1989 को होने वाली दुर्घटना की बाबत जांच न्यायालय की रिपोर्ट।"

[फाइल सं. एन-11015/2/92-आईएसएच-II]

आर. टी. पाण्डेय, उप सचिव

मैसर्स ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की महावीर कोलियरी में पानी भर जाने के कारण 13 नवंबर, 1989 को हुई घातक दुर्घटना पर खान अधिनियम, 1952 की धारा 24 के अंतर्गत प्रतिवेदन।

भूमिका

श्रम मंत्रालय ने 3 जनवरी, 1991 को खान अधिनियम, 1952 की धारा 24 के अंतर्गत एक अधिसूचना जारी करके 13 नवंबर, 1989 को हुई घातक दुर्घटना के कारणों तथा परिस्थितियों की जांच के लिए यह नियुक्त किया था। इस दुर्घटना में आसनसोल के निकट महावीर खान में छः व्यक्तियों की जान चली गई थी। श्री सी एन. तिवारी,

महानिदेशक, सेंट्रल माइनिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, धनबाद तथा प्रो. ए. के. घोष प्रोफेसर, खान इंजीनियरिंग, इंडियन स्कूल ऑफ माइंस, धनबाद को जांच न्यायालय का निर्धारक (असेसर) नियुक्त किया गया था।

2. मैंने दुर्घटना स्थल के दौरे के साथ 7 अप्रैल, 1991 को जांच न्यायालय का कार्य प्रारंभ कर दिया। आरम्भ दिन मैंने सम्बन्धित सभी पक्षों को सुनवाई की तथा न्यायालय की प्रक्रिया निर्धारित की, साथ ही पक्षों को वकीलों के माध्यम से प्रस्तुत होने की अनुमति प्रदान की।

3. कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों के संसद के लिए होने वाले आम चुनावों तथा पश्चिम बंगाल विधान सभा के चुनावों में व्यस्त रहने के कारण मैंने मई और जून, 1991 में सुनवाई की कोई तारीख निश्चित नहीं की। चुनावों के हो जाने के बाद ही गवाहों से पूछताछ तथा जिरह का कार्य शुरू हो सका। मैंने जुलाई से अक्तूबर, 1991 के बीच आसनसोल में सभी गवाहों से पूछताछ की तथा निर्धारकों और कुछ गवाहों के साथ एक बार फिर महावीर खान का दौरा किया, ताकि उन घटनाक्रमों की पुनः संरचना की जा सके जो दुर्घटना के लिए उत्तरदायी थे।

4. मुझे श्रम मंत्रालय में अपर सचिव के कार्यों के अतिरिक्त जांच न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। इसके बावजूद जुलाई से अक्तूबर, 1991 तक सुनवाई पूरी कर ली गई। पक्षों ने लिखित तर्क नवंबर 1991 में प्रस्तुत किया उसके पश्चात् मैंने साक्ष्य तथा तर्कों के विश्लेषण के लिए निर्धारकों के साथ बैठक आयोजित की।

5. मोटे तौर पर महावीर कोलियरी में घातक दुर्घटना उस समय हुई जब 55 मीटर की गहराई में स्थित एक गैलरी जिसमें काम चल रहा था। एक पुरानी, बेकार पड़ी हुई शैफ्ट जिसमें पानी भरा हुआ था से जुड़ गई। शाफ्ट के ऊपर स्थित सीम के पानी भराव स्थानों से बहुत तेजी के साथ पानी अंदर आ रहा था। छः खनिकों की जान गई। उस सीम में विभिन्न स्थानों पर कार्य कर रहे 65 खनिक फंस गए क्योंकि उनके बाहर निकलने का रास्ता बंद हो गया था। इन खनिकों ने कार्यस्थल के ऊंचाई वाले भाग में शरण ली, इस हिस्से में पानी नहीं था। उन्हें दुर्घटना के लगभग 75 घंटे के भीतर बाहर निकाला गया। इसके लिए स्थानीय तौर पर निर्मित कैप्सूल की सहायता लेनी पड़ी जिसे एक पहिए की सहायता से इस कार्य के लिए भूमि में किए बड़े छिद्र के माध्यम से खान में उतारा गया था। इस अद्वितीय बचाव कार्य ने, जिसे पहली बार भारत में इस्तेमाल किया गया और जिसे इससे पहले संसार में कहीं भी इतने बड़े पैमाने पर प्रयोग नहीं किया गया।

संचार माध्यम का बहुत अधिक ध्यान आकर्षित किया गया।

6. मेरा मानना है कि घातक दुर्घटना का कारण उस गली में जिसमें खनन कार्य चल रहा था और उसका खनन करते हुए एक पुरानी बेकार, पानी से भरी शैफ्ट की ओर बढ़ा जा रहा था, में एक केन्द्रीय तथा पार्श्व छिद्र (बोर होल) की व्यवस्था का न होना था। अगर पहले से ही ऐसा बोर होल होता तो खान के अधिकारियों का आगे आने वाली पानी से भरी शैफ्ट के बारे में पूर्व चेतावनी दे दी जाती और खतरा टल जाता। कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम 127 के अंतर्गत ऐसे एडवांस बोर होल का होना अनिवार्य है। खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा काम की अनुमति प्रदान करते हुए स्पष्ट रूप से कहा था कि इस प्रकार के बोर होल्स की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त गली उस क्षेत्र में बढ़ रही थी जिसे खान सुरक्षा निदेशालय ने काम के लिए अनुमोदित नहीं किया था बल्कि यह अनुमोदित क्षेत्र से 100 मीटर आगे थी। घटनावश घातक दुर्घटना गैर अनुमोदित क्षेत्र, जिसमें असामान्य जल रिसाव के कारण जनवरी 1988 में काम रोक दिया गया था, की गैलरी में काम प्रारंभ होने के केवल पांच दिन के अंदर हो गई थी। इस प्रकार यह दुर्घटना भारी लापरवाही के कारण है जिसकी जिम्मेदारी महावीर खान के एजेंट और प्रबंधक तथा उनके अधीन काम करने वाले कुछ वरिष्ठ अधिकारियों पर है।

7. यहां यह उल्लेख करना उचित होगा कि क्या इस वर्तमान कोयला और हमारे देश की कोयला खानों में पानी भर जाने के कारण हुई अन्य बड़ी दुर्घटनाओं में कुछ समानता है और क्या पानी भर जाने के कारण होने वाली दुर्घटनाओं तथा विपदाओं की रोकथाम के लिए कोयला खान विनियम, 1957 में आगे संशोधन करना अपेक्षित है। समीक्षा से यह पाया गया है कि भारत में भूमिगत कोयला खानों में पानी जमा होने के कारण हुई कुछ बड़ी दुर्घटनाएं निम्नलिखित हैं—

(i) न्यूटन चिकली कोलियरी (मध्य प्रदेश) में 10 दिसंबर, 1954 को घटित दुर्घटना जिसमें 63 व्यक्तियों की मृत्यु हुई;

(ii) सेंट्रल भौंरा कोलियरी (बिहार) में 20 फरवरी, 1958 को घटित दुर्घटना जिसमें 23 व्यक्तियों की मृत्यु हुई;

(iii) दमुआ कोलियरी (मध्य प्रदेश) में 5 जनवरी, 1960 को घटित दुर्घटना जिसमें 16 व्यक्तियों की मृत्यु हुई;

(iv) सिलेवारा कोलियरी (मध्य प्रदेश) में 19 नवंबर, 1975 को घटित दुर्घटना जिसमें 10 व्यक्तियों की मृत्यु हुई;

(v) चासनाला कोलियरी (बिहार) में 27 दिसंबर, 1975 को घटित दुर्घटना जिसमें 375 व्यक्तियों की मृत्यु हुई, और;

(vi) हुरिलाडीह कोलियरी (बिहार) में 14 सितंबर, 1983 को घटित दुर्घटना जिसमें 19 व्यक्तियों की मृत्यु हुई। इन दुर्घटनाओं की जांच करने के उद्देश्य से नियुक्त जांच न्यायालय की रिपोर्टों से पता चलता है कि इनमें से अधिकांश दुर्घटनाएं परिहार्य मानवीय असफलताओं और गंभीर लापरवाही के कारण हुई। जांच न्यायालयों में से कुछ की सिफारिशों के अनुसरण में भारत सरकार ने समय-समय पर कोयला खान नियमावली में संशोधन किया है। लेकिन दुर्भाग्यवश गंभीर लापरवाही और सांविधिक विनियमनों की अवहेलना के कारण भूमिगत कोयला खानों में पानी जमा हो जाने के कारण दुर्घटनाएं और विपदाएं होती रही हैं। अतः मेरा विचार है कि इस स्थिति में कोयला खान नियमावली, 1957 में आगे किसी संशोधन से अपने आप ऐसी दुःखद दुर्घटनाएं बन्द नहीं हो जाएंगी और विनियमन 127 में भूमिगत पानी से बाढ़ के खतरों से सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपायों की व्यवस्था है। लेकिन दुर्भाग्यवश चासनाला में (27 दिसंबर, 1975) घटित सबसे दुःखद दुर्घटना में भी गंभीर लापरवाही के कारण इस विनियमन, 127 के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया था। इस घातक दुर्घटना को कारण कहानी भी कुछ भिन्न नहीं है।

8. अंत में मैं यह कहना चाहूंगा कि मेरे प्रयास और उन लोगों के प्रयास जिन्होंने इस जांच में मेरे साथ सहयोग किया है, तभी सफल माने जाएंगे यदि कोयला खान विनियमन के सभी प्रावधानों का पालन कोयला खान के प्रबंधन और उनके कर्मचारियों द्वारा किया जाए और इस उद्देश्य के लिए आवश्यक जागरूकता पैदा की जाए।

9. मैं मूल्यांकनकर्ताओं को हार्दिक धन्यवाद देना चाहूंगा जिन्होंने बहुत व्यस्त होने के बावजूद इस जांच के लिए अपना बहुमूल्य समय दिया। मैं संबंधित पक्षकारों का भी उनके स्वैच्छिक सहयोग के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा।

ह./-
(पी. सी. होता)
महावीर जांच न्यायालय
श्रम शक्ति भवन,
रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001

विषय-सूची

अध्याय		विषय	पृष्ठ
I		जांच न्यायालय	
	1.1	भूमिका	48-49
	1.2	श्री के.सी. शर्मा का जांच न्यायालय	52
	1.3	श्री पी.सी. होता का जांच न्यायालय	52
	1.4	न्यायालय की प्रक्रिया	53
	1.5	न्यायालय में सुनवाई	53
II		सामान्य सूचना	
	2.1	महावीर खान	54
	2.2	प्रबंधतंत्र	54
	2.3	भू-विज्ञान	54
	2.4	इससे पूर्व का खनन कार्य	54
	2.5	वर्किंग	55
III		कानून की समीक्षा	
	3.1	कोयला खानों में जल भरने के खतरे के विरुद्ध सांविधिक उपबंध	55
	3.2	भारत	55
	3.3	विकसित देश	56
IV		जल प्लावन विपदा	
	4.1	भारत में जल प्लावन के कारण होने वाली दुर्घटना का सामान्य विश्लेषण	56
	4.2	जल प्लावन के कारण भारत में हुई प्रमुख दुर्घटना	56-57
V		दुर्घटना	
	5.1	दुर्घटना	57
	5.2	लापता व्यक्तियों की छानबीन	59
	5.3	सहायता कार्य	58
VI		निरीक्षण	
	6.1	दुर्घटना स्थल का प्रथम निरीक्षण	58
	6.2	भूतल निरीक्षण	59
	6.3	विशेष निरीक्षण	59
	6.4	निष्कर्ष	59
VII		मुद्दे	
	7.1	न्यायालय के समक्ष विचारणीय विषय	59
	7.2	शाफ्ट नं. 34 का विस्तार	60-61
	7.3	पानी का असामान्य रिसाव	61-62
	7.4	पूर्व में स्थापित लंबा बोरहोल	62-63
	7.5	कामकाज की अनुमति	63-64
	7.6	एडवांस बोरहोल्स	64-65
	7.7	दुर्घटना से संबंधित अन्य मुद्दे	65-66

अध्याय		विषय सूची	पृष्ठ
VIII		कारण	
	8.1	गवाही का विश्लेषण शाफ्ट नं. 34 का विस्तार	66
	8.2	पानी का असामान्य रिसाव	66
	8.3	40 डिप का पुनः चालू किया जाना	66
	8.4	एडवांस बोरहोल्स	67
IX		उत्तरदायित्व	
	9.1	उत्तरदायित्वों का विश्लेषण	67
	9.2	एजेंट-सह-प्रबंधक	67-68
	9.3	सुरक्षा अधिकारी	68
	9.4	सहायक प्रबंधक	68
	9.5	सर्वेक्षक	69
	9.6	उच्चतर प्रबंधन	69
	9.7	अन्य	69
X		निष्कर्ष	
	10.1	निष्कर्षों का सारांश	70
	10.2	सिफारिशें	70-71
	10.3	खर्चों की वसूली	71
	10.4	आभार	71

अनुबंधों की सूची

अनुबंध संख्या		
1	13 नवंबर, 1989 को हुई घातक दुर्घटना के कारण मारे गए व्यक्तियों की सूची	71
2	श्री के०सी० शर्मा की नियुक्ति की अधिसूचना	71
3	श्री पी०सी० होता की नियुक्ति की अधिसूचना	72
4	श्री पी०सी० होता द्वारा दी गई अंडरटेकिंग	72
5	श्री पी० सी० होता द्वारा पक्षकारों को जारी की गयी नोटिस	72
6	प्रबंधन के गवाहों की सूची	72
7	यूनियन के गवाहों की सूची	73
8	न्यायालय के गवाहों की सूची	73
9	प्रबंधन के प्रदर्शों की सूची	73-74
10	यूनियन के प्रदर्शों की सूची	75
11	महावीर खान का वर्णन	75
12	कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम 127 का मूलपाठ	75
13	दुर्घटना स्थल के फोटोचित्र	77
14	उन पक्षकारों और उनके प्रतिनिधियों के नाम जिन्होंने गवाहों की जांच और उनसे जिरह की	77

प्रयुक्त शब्द संक्षेपों की सूची

ए.एम.पी. —खान के परित्याग की योजना

सी.डी.एस —केन्द्रीय डिस्पैचर पद्धति

सी.एम.पी.डी.आई —केन्द्रीय खान योजना और डिजाइन संस्थान।

सी.एम.आर —कोयला खान विनियम

सी.डब्ल्यू. —न्यायालय के गवाह

डी.जी.एम.एस —खान सुरक्षा महानिदेशक

प्रयुक्त शब्द संकेतों की सूची

एम. डब्ल्यू. – प्रबंधकों के गवाह

यू. डब्ल्यू. – यूनियन के गवाह

ई.सी. एल. – मै. ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमि.

प्रद. – प्रदर्श

अध्याय- I

1.1 भूमिका

1.2 श्री के.सी. शर्मा का न्यायालय

1.3 श्री पी.सी. होता का न्यायालय

1.4 न्यायालय की कार्यविधि

1.5 न्यायालय की सुनवाई

अध्याय–1

1.1.1 पश्चिम बंगाल के बर्दवान जिले में मै. ईस्टर्न कोलफील्ड्स, लि. (कोल इंडिया लि. की एक सहायक कंपनी) के महावीर खान के भूमिगत कार्यस्थलों में 13 नवंबर, 1989 को सुबह तड़के पानी भर जाने के कारण एक घातक दुर्घटना हुई। इस दुर्घटना में 6 खनिकों की मृत्यु हो गई जिनके नाम अनुबंध I में दिये हैं। 65 खनिक अंदर ही फंस गये थे क्योंकि उनके बाहर निकलने का रास्ता बंद हो गया था। करीब 75 घंटों के बाद उन्हें बाहर निकाला जा सका। बोर होल ड्रिल करके और स्थानीय रूप से निर्मित चरखी द्वारा संचालित इस्पात कैपसूल को नीचे भेजकर उनको बचाया गया। बाद में हाथ से संचालित इस चरखी के स्थान पर डीजल से संचालित क्रेन का प्रयोग किया गया। बचाव पद्धति, जिसका प्रयोग भारत में पहली बार किया गया था और इतने बड़े पैमाने पर विश्व में इसका कहीं प्रयोग नहीं किया गया था, जो प्रचार माध्यमों ने खूब सराहा।

1.1.2 खान अधिनियम, 1952 के खण्ड 24 के उप खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्रम मंत्रालय, भारत सरकार ने 16 अप्रैल, 1990 को एक अधिसूचना जारी की जिसके द्वारा दुर्घटना के कारणों और संगत परिस्थितियों की औपचारिक जांच करने के लिये श्रम मंत्रालय के सेवा निवृत्त अपर सचिव श्री के.सी. शर्मा को इस उद्देश्य के लिये नियुक्त किया गया। इसी अधिसूचना में जांच न्यायालय के निर्धारकों के रूप में निम्नलिखित व्यक्तियों को भी नियुक्त किया गया था :—

1. श्री बी. एन. तिवारी, महासचिव, कोलियरी मजदूर सभा, आसनसोल, जिला बर्दवान पश्चिम बंगाल।

2. प्रो. ए.के. घोष, प्रोफेसर, माइनिंग इंजीनियरिंग, इंडियन स्कूल ऑफ माइंस, धनबाद।

श्रम मंत्रालय की संगत अधिसूचना अनुबंध II पर दी गई है।

1.2.1 श्री के. सी. शर्मा के जांच न्यायालय की पहली बैठक 24 मई, 1990 को हुई और जिसमें यह निदेश दिया गया कि समाचार पत्रों में नोटिस प्रकाशित करवाये जायें ताकि संबंधित पक्ष अपना लिखित बयान भेज सकें। जांच न्यायालय ने यह भी निर्णय किया कि वह सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इंस्टीट्यूट (सी एम पी डी आई), आसनसोल के परिसर में 10 जुलाई, 1990 से सुनवाई प्रारंभ करेगा।

1.2.2 जांच न्यायाधीश ने 10–11 जून, 1990 को निर्धारकों, प्रबंधकों के प्रतिनिधियों तथा खान सुरक्षा महानिदेशक (डी जी एम एस) के साथ घटना स्थल का दौरा किया। तत्पश्चात् 2 जुलाई, 1990 से न्यायालय ने सी एम पी डी आई, आसनसोल में औपचारिक सुनवाई प्रारंभ की। खान सुरक्षा महानिदेशालय ने खान अधिनियम, 1952 की धारा 7 के अन्तर्गत जब्त किये गये महावीर खान की दुर्घटना से संबंधित सभी कागजात प्रस्तुत किये जिन्हें जांच न्यायालय ने अपने कब्जे में कर लिया। तथापि जांच न्यायालय को 7 जुलाई, 1990 को कलकत्ता उच्च न्यायालय का एक आदेश प्राप्त हुआ जिसमें उच्च न्यायालय ने जांच न्यायालय के एक पक्ष कोल माइंस आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226 के अन्तर्गत दायर रिट याचिका की सुनवाई तक जांच न्यायालय की कार्यवाही पर स्थगन दिया था। अत: जांच न्यायालय ने 7 जुलाई, 1990 के बाद अपनी कार्यवाही स्थगित कर दी।

1.3.1 16 अप्रैल, 1990 की पूर्व अधिसूचना में 3 जनवरी 1991 को आंशिक संशोधन करते हुए भारत सरकार श्रम मंत्रालय ने श्री के.सी. शर्मा के स्थान पर श्री पी.सी. होता, अपर सचिव, श्रम मंत्रालय को जांच के लिये नियुक्त किया। इस संबंध में 3 जनवरी, 1991 को जारी की गई अधिसूचना अनुबंध III पर दी गई है।

1.3.2 चूंकि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने श्री के.सी. शर्मा की जांच पर स्थगन दिया था अत: अपनी नियुक्ति के बाद श्री पी.सी. होता ने उच्च न्यायालय को एक अण्डरटेकिंग दी कि वे पूर्व में श्री के.सी. शर्मा द्वारा की गई जांच प्रक्रिया से बंधे नहीं रहेंगे बल्कि वे अपनी प्रक्रिया स्वयं तय करेंगे। श्री पी.सी. होता द्वारा कलकत्ता उच्च न्यायालय को दी गई अंडरटेकिंग की एक प्रति अनुबंध VI पर संलग्न है।

1.3.3 कलकत्ता उच्च न्यायालय ने निदेश दिया कि श्री पी.सी. होता कानून के अनुसार नये सिरे से उपर्युक्त जांच शुरू करेंगे। इन परिस्थितियों में कोल माइंस आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा दायर रिट याचिका रद्द कर दी गई और जांच न्यायालय की कार्यवाही स्थगित करने का आदेश वापस ले लिया गया।

1.3.4 तदनुसार 21 मार्च, 1991 को पक्षों को नोटिस जारी करके सुनवाई के लिए 8 अप्रैल, 1991 को सी एम पी डी आई, आसनसोल में उपस्थित होने के लिये कहा गया। पक्षों से यह भी अनुरोध किया गया कि वे इस संबंध में उनके द्वारा दिये गये लिखित बयान को प्रमाणित करने के लिये गवाहों की एक पूर्ण सूची प्रस्तुत करें। पक्षों को जारी किये गये नोटिस की एक प्रति अनुबंध V पर दी गई है।

1.3.5 मैंने जांच न्यायाधीश के रूप में 7 अप्रैल, 1991 को प्रो. ए.के. घोष, निर्धारक तथा मैसर्स ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि. (ई सी एल) तथा खान सुरक्षा महानिदेशालय के कुछ अधिकारियों के साथ दुर्घटना स्थल का दौरा किया।

1.4.1 जांच न्यायालय ने 8 अप्रैल, 1991 को सी एम पी डी आई, आसनसोल में सुनवाई की। निर्धारक एवं पक्षकार उपस्थित थे। पक्षों को सुनने तथा निर्धारकों के साथ विचार-विमर्श करके मैंने निम्नलिखित आदेश दिया :—

(क) कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसरण में जांच नए सिरे से प्रारंभ की जाएगी लेकिन पक्षों द्वारा श्री के.सी. शर्मा के जांच न्यायालय में प्रस्तुत किए गए लिखित नोट, शपथ तथा गवाहों की सूची इस जांच न्यायालय के लिए भी वैध मानी जाएगी ;

(ख) पक्षों को अधिक से अधिक 30 अप्रैल, 1991 तक पूरक नोट, शपथ तथा गवाहों की अतिरिक्त सूची, यदि कोई हो, प्रस्तुत करने का एक और अवसर दिया जाएगा।

(ग) यदि पक्ष अभिसाक्ष्य आदि की प्रति चाहेंगे तो वह उन्हें तुरंत दी जाएगी ;

(घ) जांच न्यायालय सांविधिक है और अतः अपना पक्ष प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने के लिए पक्षों को, यदि वे ऐसा चाहें, किसी वकील या किसी ऐसे व्यक्ति/व्यक्तियों जिनसे मामले को प्रस्तुत करने में सहायता मिले, के माध्यम अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे पक्षों को इसके लिए जांच न्यायालय से लिखित अनुरोध करना चाहिए और जांच न्यायालय सामान्य तौर पर इसकी अनुमति दे देगा।

1.5.1 नौवीं लोक सभा के आगामी चुनाव और पश्चिम बंगाल विधान सभा के चुनाव तथा इन चुनावों में कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों की व्यस्तता को ध्यान में रखते हुए मैंने सी एम पी डी आई, आसनसोल में पक्षों की अगली सुनवाई की तारीख 15 से 22 जुलाई, 1991 के लिए निर्धारित की।

1.5.2 15 जुलाई, 1991 को जब सुनवाई शुरू हुई तो श्री के. पाल, खान सुरक्षा महानिदेशक से उनके द्वारा खान अधिनियम, 1952 की धारा 23 के अंतर्गत की गई दुर्घटना की जांच के दौरान खान अधिनियम, 1952 की धारा 7(2) के अंतर्गत जब्त किए गए कागजात प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। तदनुसार श्री के पाल ने न्यायालय को जब्त किए गए कागजातों की सूची प्रदान की और मैंने पाया कि यह सूची उस सूची के समान है जो कि पिछले जांच न्यायाधीश श्री के.सी. शर्मा द्वारा अपने कब्जे में लिए गए उक्त कागजातों की सूची है।

1.5.3 15 से 22 जुलाई, 1991 के दौरान आसनसोल में प्रबंधतंत्र के 16 गवाहों के साथ जिरह की गई। इस अवधि के दौरान संघों के प्रतिनिधियों को उन कागजातों का निरीक्षण करने की अनुमति प्रदान की गई जो कि खान सुरक्षा महानिदेशक द्वारा जब्त किए गए थे तथा जिन्हें जांच न्यायालय ने अपने कब्जे में रखा था। इन निरीक्षणों के दौरान जांच न्यायालय के सचिव मौजूद थे।

1.5.4 20 से 26 सितंबर, 1991 को आसनसोल में हुई जांच न्यायालय की अगली सुनवाई के दौरान 6 गवाहों (प्रबंधतंत्र तथा संघ के तीन-तीन गवाह) से जिरह की गई। इस अवधि के दौरान प्रबंधतंत्र के दो गवाहों से भी जिरह की गई।

1.5.5 जांच न्यायालय की अंतिम सुनवाई आसनसोल में 24 से 26 अक्तूबर, 1991 के दौरान हुई, इस सुनवाई में जांच न्यायालय द्वारा बुलाए गए संघ के तीन गवाह तथा एक गवाह (श्री एस.के. सेनगुप्ता, सहायक प्रबंधक, महावीर खान) के साथ जिरह की गई। तथापि न्यायालय के एकमात्र गवाह अर्थात् श्री एस.के. सेनगुप्ता के सामने भी कोई जिरह नहीं की गई। घातक दुर्घटना के लिए उत्तरदायी घटनाओं के क्रम को पुनः व्यवस्थित करने तथा अन्य संबंधित मामलों के लिए जांच न्यायालय ने निर्धारकों तथा कुछ गवाहों के साथ 26 अक्तूबर, 1991 को एक बार फिर दुर्घटना स्थल का दौरा किया।

1.5.6 24 से 26 अक्तूबर, 1991 के दौरान पक्षों के साथ विचार-विमर्श के बाद यह भी निर्णय लिया गया कि वे केवल लिखित तर्क प्रस्तुत करेंगे। तदनुसार मैंने जांच न्यायालय के सचिव को 12 और 13 नवम्बर, 1991 को आसनसोल में रहने तथा लिखित तर्क स्वीकार करने के निदेश दिया।

1.5.7 12 और 13 नवंबर, 1991 को जांच न्यायालय के सचिव ने आसनसोल का दौरा किया तथा प्रबंधतंत्र और संघों से लिखित तर्क स्वीकार किए।

1.5.8 जुलाई और अक्तूबर, 1991 के दौरान आसनसोल में जांच न्यायालय की सुनवाई के दौरान बयानों को सामान्यलिपि में लिखकर मैंने साक्ष्यों को व्यक्तिगत रूप से रिकार्ड किया। चूंकि कुछ गवाह अंग्रेजी में निपुण नहीं थे अतः उनसे उस भाषा में प्रश्न पूछे गए जिसे वे जानते थे (अर्थात् हिन्दी और बंगाली)। तथापि मैंने उनके बयानों का खुले न्यायालय में अंग्रेजी में अनुवाद किया और सामान्य लिपि में उन्हें रिकार्ड किया। जैसे ही बयान समाप्त हुए पक्षों को गवाहों के बयानों की फोटोकापी देने के प्रयास किए गए।

गवाहों के बयानों की प्रतियां निरन्तर रूप से पक्षों को भेजी गई ताकि वे अपने आप को जिरह के लिए तैयार कर सकें। जांच न्यायालय की इस तत्परता की प्रबंधतंत्र तथा संघ दोनों ने सराहना की।

1.5.9 12 और 13 नवम्बर, 1991 को लिखित तर्क प्राप्त हो जाने के पश्चात मैं और निर्धारक 20 से 23 नवंबर, 1991 तथा 25 और 26 दिसंबर, 1991 को जांच न्यायालय की रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के लिए बयानों, तर्कों तथा अन्य संगत मामलों पर विचार करने के लिए दिल्ली में मिले।

1.5.10 जांच न्यायालय की रिपोर्ट श्रम मंत्रालय के सचिव को प्रस्तुत कर दी गई थी।

1.5.11 इस रिपोर्ट में प्रबंधतंत्र द्वारा पेश किए गए गवाहों को प्रबंधतंत्र के गवाह (एम डब्ल्यू), संघ द्वारा पेश किए गए गवाहों को संघ के गवाह (यू डब्ल्यू) और जांच न्यायालय द्वारा बुलाए गए गवाहों को न्यायालय के गवाह (सी डब्ल्यू) के रूप में रिकार्ड किया गया है। प्रबंधतंत्र संघ तथा न्यायालय के गवाहों की सूची क्रमशः अनुबन्ध VI, VII और VIII पर दी गई है।

1.5.12 वे प्लान तथा कागजात जिन्हें प्रबंधतंत्र ने प्रदर्शित करने का अनुरोध किया था उन्हें प्रबंधतंत्र प्रदर्शन (एक्स एम) तथा जिन्हें कर्मचारी संघों द्वारा प्रदर्शित करने का अनुरोध किया गया था संघ प्रदर्शन (एक्स डब्ल्यू) कहा गया है। क्रमशः अनुबंध IX तथा X पर प्रबंधतंत्र तथा कर्मचारी संघों के प्रदर्शन की सूची दी गई है।

अध्याय—2

2.1 महावीर खान

2.2 प्रबंधतंत्र

2.3 भू-विज्ञान

2.4 पूर्व का उत्खनन

2.5 अभिलाल

2.1.1 महाबीर खान पश्चिम बंगाल के बर्द्धमान जिले के रानीगंज कोयला क्षेत्र में स्थित है। यह आसनसोल स्टेशन से 18 कि.मी. पूर्व तथा कलकत्ता से लगभग 182 कि.मी. उत्तर पश्चिम में स्थित है। महाबीर खान की भौगोलिक स्थिति, भूतल की विशेषता, स्वामित्व आदि का संक्षिप्त विवरण अनुबंध – XI पर दिया गया है।

2.2.1 महाबीर खान 1975 में मै. कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक मै. ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि. के स्वामित्व में है। प्रशासनिक सुविधा के लिए मै. ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि. को दो डिवीजनों में विभाजित किया गया है, अर्थात ईस्टर्न और वेस्टर्न डिवीजन- प्रत्येक प्रभाग का प्रमुख एक क्रियात्मक निदेशक होता है। क्रियात्मक निदेशक (फंक्शनल डायरेक्टर) को खान अधिनियम, 1952 की धारा 76 के अन्तर्गत नामित स्वामी" के रूप में अधिसूचित किया जाता है। निगमित स्तर पर एक आंतरिक सुरक्षा संगठन (आई एस ओ) काम कर रहा है। ईस्टर्न डिवीजन को 63 चालू खानों के साथ 6 क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। महाबीर खान कुनुस्टोरिया क्षेत्र में स्थित है जिसमें महाबीर खान सहित ग्यारह चालू खानें शामिल हैं। दुर्घटना के समय मोहम्मद कलीम (एस डब्ल्यू 17) महाबीर खान का एजेंट व प्रबंधक था। वह जून, 1987 में प्रबंधक था और बाद में एजेंट व प्रबंधक नियुक्त किया गया था। अतः 13 नवम्बर, 1989 के मनहूस दिन तक उसे उपर्युक्त खान में दो साल से अधिक का अनुभव प्राप्त था। मोहम्मद कलीम (एस. डब्ल्यू. 17) को कोयला खान का प्रबंध करने में सक्षमता के लिए प्रबंधक का प्रथम श्रेणी प्रमाणपत्र प्राप्त था। उसने कोयला खानों में प्रशिक्षु के रूप में काम आरंभ किया था और नवम्बर, 1989 तक उसे लगभग 28 वर्ष का अनुभव प्राप्त था।

2.2.2 दुर्घटना के समय श्री एस.के.सेनगुप्ता (सी डब्ल्यू 1) और श्री के. दत्ता (एस डब्ल्यू 19) महाबीर खान के सहायक प्रबंधक थे और दोनों के पास क्षमता का द्वितीय श्रेणी प्रबंधक प्रमाण-पत्र था। श्री पी. एल. बनर्जी (एस डब्ल्यू 16) महाबीर खान के सुरक्षा अधिकारी थे और वे मोहम्मद कलीम, एजेंट एवं प्रबंधक (एस डब्ल्यू 17) के प्रति उत्तर-दायी थे। श्री पी. एल. बनर्जी के पास कोयला खानों में दक्षता का प्रथम श्रेणी प्रबंधक प्रमाणपत्र था।

2.2.3 श्री पी. एल. ठाकुर (एस डब्ल्यू 16) एक सर्वेक्षक थे। उनके पास सर्वेक्षक सक्षमता प्रमाणपत्र है। कोयला खान नियमावली, 1957 (सी एम आर 1957) के विनियम 49 में उनके कर्तव्य दिए गए हैं। संक्षेप में खान अधिनियम और विनियमों के अंतर्गत उनके अपेक्षित कर्तव्य सही सर्वेक्षण और लेवलिंग करना और ऐसी योजना एवं सेक्शन्स तैयार करना और उनका पता लगाना जैसा भी प्रबन्ध निदेश दे। यह उल्लेख करना संगत होगा कि सर्वेक्षक के वैधानिक कर्तव्य है कि जब खान का कार्य उसकी सीमा बाउंड्री या पानी भरे स्थल से लगभग 75 मीटर दूर रह जाए तो वह संपूर्ण तथ्यों को रिकार्ड करें। एक अन्य सर्वेक्षक तथा कुछ सहायक जिनके पास कोयला खान उत्खनन का औप-चारिक सक्षमता प्रमाण पत्र नहीं था बल्कि केवल अनुभव मात्र था, श्री ठाकुर (एस डब्ल्यू 15) की सहायता कर रहे थे।

2.2.4 खान में 13 ओवरमैन तथा 32 सिरदार थे। उनके पास इस प्रकार की नियुक्ति के लिए अपेक्षित वैधानिक प्रमाणपत्र था। श्री शिवदास चटर्जी, ओवरमैन (एस डब्ल्यू 9) कर्मकारों के निरीक्षक के रूप में नियुक्त थे।

2.3.1 रानीगंज कोयला क्षेत्र की कोयला सीम लोअर गोंडवाना पद्धति की दामुदा श्रेणी की रानीगंज स्टेज से संबंधित थी। सतह का सामान्य झुकाव दक्षिण और दक्षिण पूर्व की ओर 2° से 35° के बीच था। कई स्थानों पर निचले गोंडवाना क्षेत्र में डोलाराइट डाइक के रूप में आग्नेय चट्टानें हैं। यहां पर 1.2 मीटर की 10 कोयला सीम है, जो कि रानीगंज स्टेज से संबद्ध मोटाई से ऊपर हैं। कोयला सीमों का नाम अधिकांशतः उन गांवों के नाम पर है जिनसे होकर वे गुजरती हैं, यहां तक कि एक ही सीम का नाम विभिन्न कोयला क्षेत्र के विभिन्न भागों में अलग अलग पाया जाता है। रानीगंज कोयला क्षेत्र में घटते क्रम में सीमों का सामान्य क्रम आर-एक्स से आर-आई है।

2.3.2 महाबीर खान के क्षेत्र में आर – 9 के बराबर सीयरसोल सीम नामक उच्चतम सीम है जिसकी मोटाई लगभग 6 मीटर है। इस क्षेत्र के लगभग बीच वाले भाग में यह सीम स्थित है। खान क्षेत्र के दक्षिणी भाग में नेगा सीम नामक एक दूसरी सीम है, आर–8 के बराबर में स्थित इस सीम की मोटाई लगभग 8 मीटर है। सीयर सोल और नेगा सीम के बीच की दूरी 51 मीटर है। दमोदर नदी के किनारे खान आहते के साथ दक्षिण की ओर आगे बढ़ने पर आर– 7 के बराबर नारायणकुरी सीम नामक तीसरी सीम स्थित है। नारायण सीम की मोटाई लगभग 3.3 मीटर है। नेगा और नारायणकुरी सीम के बीच की दूरी लगभग 24 मीटर है। नारायणकुरी सीम से 30 मीटर नीचे आर- 6 के बराबर 3 मीटर मोटी बोगरा सीम है। इन सभी सीमों का क्रम इस प्रकार है :--

सीयर सोल सीम	6 मीटर मोटी
बीच की दूरी	50 मीटर
नेगा सीम	8 मीटर मोटी
बीच की दूरी	24 मीटर
नारायणकुरी सीम	3.25 मीटर मोटी,
बीच की दूरी	80 मीटर
बोगरा सीम	3 मीटर

2.3.3 इन कोयला सीमों की उत्तरपूर्वी दिशा में सामान्य गहराई 25 में 1 है। कोयला सीमों के बीच के भाग में कोयला चट्टानों का समूह है। इस क्षेत्र में उत्तर की तरफ एक 60 मीटर ऊंचे फाल्ट को छोड़कर अपेक्षाकृत कोई अन्य भू-वैज्ञानिक गड़बड़िया नहीं है। 1 मीटर से 6 मीटर तक के कई अन्य छोटे फाल्ट भी हैं। इस क्षेत्र में कुछ डाइक्स [illegible] हैं। दक्षिण क्षेत्र जो उठा हुआ भाग है में एक बहुत बड़ा डाइक है। इस डाइक को किसी भी स्थान में पार नहीं किया गया है और इसकी वास्तविक चौड़ाई भी अभी तक अज्ञात है। इसके अलावा एक मीटर से कम मोटाई वाले कई छोटे डाइक है। भारतीय कोयला क्षेत्रों में अन्य कोयला सीमों की तुलना में नारायणकुरी सीम का कठोर कोयला क्षेत्र समझा जाता है।

2.4.1 महाबीर खान और उसके समीप के क्षेत्र, भारत में कोयला खनन के प्रथम केन्द्रों में से एक हैं। 13 नवम्बर, 1989 को हुई घातक दुर्घटना का कारण इन पुराने और परित्यक्त कार्यस्थलों में पानी भर जाना है। अतः संक्षेप में इस क्षेत्र के पूर्व कोयला खान के इतिहास की समीक्षा करना लाभदायक होगा। जब कुछ ब्रिटिश उद्यमियों ने रानीगंज में कोयला खान का कार्य शुरू किया था तभी पता चला कि रिकार्ड के अनुसार भारत में पहली बार कोयला खनन का कार्य 1774 में हुआ था। 1815 में इगारा गांव के नजदीक रानीगज सीम में गड्ढे खोदे गए जो अभी महाबीर खान के अहाते के भीतर स्थित है। 1843 में इस कोल-फील्ड में खनन कार्य बंगाल कोल कंपनी नामक संयुक्त पूंजी कंपनी द्वारा किया जाता रहा था। 1855 में रानीगंज तक रेल लाइन बिछाने के बाद इस क्षेत्र में कोयला खनन का कार्य तेजी से विकसित हुआ लेकिन 19वीं शताब्दी के मध्य तक भी भारत में कोयला खनन का कार्य वैज्ञानिक रीति से नही किया जाता था और कार्य योजनाओं का विवरण भी नहीं रखा जाता था। 1860 के आसपास ज्योलोजीकल सर्वे आफ इंडिया के अधीक्षक श्री थामस ओल्डहाम ने खान योजना की स्थिति पर असंतोष

व्यक्त करते हुए निम्नलिखित विवरण दिया :—

"पिछले एक या दो साल से मैं यह कहने में असमर्थ हूं कि भूमिगत कार्यों की एक भी बस्ता में सर्वेक्षण नहीं किया गया या योजना नहीं बनाई गई। जहां तक कार्यस्थलों के विस्तार का प्रश्न है किसी वृद्ध व्यक्ति की स्मरण शक्ति से ही कोई सूचना प्राप्त की जा सकती है .... मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता हो रही है कि यह पद्धति कुछ मामलों में बदल गई है और कम से कम एक मामले में योजनाओं का विवरण रखा जा रहा है और मैं आशा करता हूं कि अन्य मामलों में भी ऐसा ही किया जाएगा ......"

2.4.2 खनन का तरीका चौड़ी गलियों में खनन करते हुए आगे बढ़ना और बीच में छोटे छोटे खंभे छोड़ते जाना है और चूंकि कोयले को भूमिगत कार्यस्थलों से मनुष्य द्वारा निकालना पड़ता है, अतः एक सैक्टर में केवल छोटे क्षेत्र में काम किया जा सकता है जो कि समय के साथ परित्यक्त हो जाती है और जो कि खनन जोखिम का एक बहुत बड़ा कारण हो सकता है।

2.4.3 पूर्व की कोयला खनन के ये ऐतिहासिक साक्ष्य महावीर खान और उसके आस पास के क्षेत्र की संपत्ति में आज भी देखे जा सकते हैं।

2.5.1 पुनर्गठित महावीर खान का नजदीक की तीन लघु खानों को मिलाकर बनाया गया था जिसे इस खान की तीन इकाइयां कहा जाता है। यहां पर सीयरसोल सीम सबसे ऊंची कोयला सीम है तथा 80 वर्ष पूर्व इसमें निजी कोयला कंपनी द्वारा काम किया जा रहा था। सीम में कार्य समाप्त हो गया था, उसे परित्यक्त छोड़ दिया गया और वर्तमान में यह पानी से भरी हुई है।

2.5.2 सीयरसोल सीम के 51 मीटर नीचे नेगा सीम स्थित है जो कि 7.5 मीटर से 8.7 मीटर मोटी है। इस सीम में महावीर खान की सभी तीन इकाइयों की तुलना में सबसे अधिक काम हुआ है। महावीर इकाई में मुख्य पूर्व रेलवे लाइन की उत्तर दिशा में सं. ए और बी पिटों के माध्यम से नेगा सीम में खनन हुआ। ए और बी पिट के ऊंचाई वाले भाग की ओर अर्थात पूर्व रेलवे लाइन की दोनों तरफ नेगा सीम में खनन तत्कालीन बंगाल कोल कं. लि. से संबंधित रानीगंज कोलियरी द्वारा किया जाता रहा जिसके कारण ए और बी पिट के नेगा सीम कार्यक्षेत्र में कोयले का एक बैरियर बनाया गया। योजना के अनुसार बैरियर 60 मीटर है। रानीगंज कोलियरी के नेगा सीम के कार्य क्षेत्रों के बारे में विस्तृत विवरण इस रिपोर्ट में आगे दिया जाएगा।

2.5.3 नेगा सीम के 24 मीटर नीचे नरायनकुरी सीम स्थित है जो 1.8 से 3.3 मी. मोटा है। महावीर इकाई में नरायनकुरी की मोटाई 3.25 मीटर है और यह पिट ए और बी के माध्यम से काम करती है। इसे रानीगंज कोलियरी के नेगा सीम के पानी भरे क्षेत्र के नीचे विकसित किया जा रहा है।

2.5.4 पूर्व की मै. बंगाल कोल कंपनी का रानीगंज कोलियरी द्वारा बनाई गई नेगा सीम के लगभग 120 हेक्टेयर क्षेत्र में जो कि पूर्वी रेलवे लाइन के दोनों ओर फैला है, में बहुत अधिक पुराना कार्यक्षेत्र है। कार्य की कोई विश्वस्त योजना जिसमें "एबन्डनमेंट" माइन प्लान" (ए एम पी) नामक वह योजना भी शामिल है जिसे किसी कोल सीम को परित्यक्त करने से एकदम पहले तैयार करना आवश्यक होता है, ई. इस्टर्न कोलफील्ड्स के पास उपलब्ध नहीं है। महावीर खान के कार्यालय में उपलब्ध योजना की प्रमाणिकता संदेहास्पद थी क्योंकि इस पर किसी के हस्ताक्षर नहीं थे। यह योजना मुख्य रेलवे लाइन के दोनों तरफ के छोटे दलों पर बहुत आवश्यक अवरोध से कार्य को होता दर्शाता है। रेलवे लाइन की उत्तर तथा दक्षिण दिशा में स्थित कार्यस्थलों को दो मीटर चौड़ी गलि के माध्यम से एक दूसरे के साथ जुड़े हुए हैं।

अध्याय — III

3.1 कोयला खानों में जलप्लावन के खतरे के विरुद्ध सांविधिक प्रबंध।

3.2 भारत

3.3 विकसित देश

3.1.1 दुर्घटना जल भर जाने के कारण हुई थी अतः भारत और विदेशों की भूमिगत कोयला खानों में जलप्लावन के खतरे से संबंधित सांविधिक उपबन्धों की समीक्षा की गई।

3.2.1 कोयला खान विनियम, 1957 का विनियम 127 का उपबन्ध अभियोजन चलाये जाने से संबंधित है तथा भूमिगत कोयला खान में उसी खान या समीप की खान के कार्यस्थलों से जल या अन्य तरल पदार्थों का अंदर आना रोकने के उपबन्ध बनाता है। विनियमन खान अधिनियम, 1952 की धारा 57के खण्ड/खण्डों के अन्तर्गत बनाये गये हैं। कोयला खान विनियमन, 1957 के विनियम 127 का संपूर्ण पाठ अनुबंध-XII पर दिया गया है।

3.2.2 यह देखा जा सकता है कि विनियम कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम 127(3) में जो अप्रयुक्त या परित्यक्त कार्यस्थलों जिनकी जांच नहीं की गई थी और उनमें पानी तथा अन्य तरल पदार्थ नहीं पाये गये, के 60 मीटर के अंदर खनन कार्य करने के लिये खानों के मुख्य निरीक्षक जिसे खान सुरक्षा महानिदेशक (डी जी एम एस) भी कहा जाता है कि अनुमति प्राप्त करने की व्यवस्था है। चूंकि नारायणकुरी सीम जलप्लावित नेगा सीम के 24 मीटर नीचे स्थित है अतः कोयला खान विनियम, 1957 का विनियम 127 नारायणकुरी सीम में खनन कार्यों पर भी लागू होता है।

3.2.3 कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम 127 जिसे समय-समय पर संशोधित किया गया था, का एक रोचक इतिहास है। न तो खान अधिनियम, 1901 और न ही उपर्युक्त अधिनियम के अन्तर्गत बनाई गई सामान्य नियमावली, 1908 में भूमिगत कोयला खानों के जल से भरे कार्यस्थलों की ओर बढ़ते समय रखी जाने वाली किसी सावधानी का निर्धारण किया गया है। यहां तक कि खान अधिनियम, 1901 के स्थान पर खान अधिनियम, 1923 को प्रतिस्थापित किया गया तब भी इन सावधानियों की व्यवस्था नहीं की गई। 1936 में खान अधिनियम, 1923 में एक संशोधन करके खानों में पानी भरने का इकट्ठा होने और उसके कारण उत्पन्न होने वाले खतरे के विरुद्ध विनियम बनाने के लिये केन्द्र सरकार को शक्ति प्रदान की गई थी। इस प्रकार खान अधिनियम 1923 के अन्तर्गत बनाये गये भारतीय कोयला खान विनियम, 1926 (आई सी एम आर 1926) में 1936 के बाद पहली बार जलप्लावित या अप्रयुक्त कार्यस्थलों के 100 फीट (30 मीटर) के क्षेत्र में खनन करते समय बरती जाने वाली सावधानी का निर्धारण किया गया है। सावधानियों में गली की चौड़ाई और ऊंचाई को 8 फीट (2.4 मीटर) तक सीमित रखना तथा कार्यस्थल पर केन्द्रीय बोरहोल और दोनों तरफ पर्याप्त फ्लैंक बोरहोल्स और जहां आवश्यक हो अधिक से अधिक 15 फीट (4.5 मीटर) के अन्तराल पर कार्यस्थल के ऊपर और नीचे बोरहोल्स की व्यवस्था करना। यह भी निर्धारित किया गया है कि खनन करते हुए आगे बढ़ने में इन बोरहोल्स को पर्याप्त दूरी पर रखा जाना चाहिये और यह दूरी किसी भी हालत में 10 फीट (3 मीटर) से कम नहीं होना चाहिए। 1951 में मध्य प्रदेश की एक कोयला खान में जलप्लावन के कारण हुए विनाश जिसमें 63 खनकों की मृत्यु

हो गई थी तथा कोयला खान (अस्थायी) विनियम, 1955 के फलस्वरूप जलप्लावित स्थलों के निकट काम करने के प्रतिबंधों को और अधिक कठोर बना दिया गया है। संशोधित विनियमों में दूरी के बारे में सांविधिक प्रतिबंध जिसके लिये खान सुरक्षा महानिदेशालय की अनुमति अपेक्षित है 100 फीट (30 मीटर) से बढ़ाकर 150 फीट (45 मीटर) कर दी गई है। कोयला खान विनियम, 1957 द्वारा आई.सी.एम.आर, 1926 और कोयला खान (अस्थायी) विनियमन, 1955 को समाप्त कर दिया गया है। भूमिगत पानी के जमाव के खतरे को रोकने के लिये कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम 127 में प्रावधान किये गये हैं। तथापि सांविधिक रूप से प्रतिबंधित क्षेत्र को 45 मीटर से बढ़ाकर 60 मीटर कर दिया गया। दिसम्बर, 1975 की चासनाला खान दुर्घटना, जिसमें 375 खनिकों की मृत्यु हो गई थी, के बाद कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम, 127 में व्यापक संशोधन किये गये थे। इनमें से कुछ संशोधन इस प्रकार हैं।

(क) जलप्लावित कार्यस्थलों के 60 मीटर के अंदर कार्य अनुमति के लिए खान सुरक्षा महानिदेशक को प्रस्तुत आवेदन के साथ योजनाओं और उन खण्डों की प्रतियां संलग्न करना आवश्यक है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित दिखाया गया हो— सभी अनुपयुक्त और परित्यक्त कार्यस्थलों के समीप के कार्यस्थलों से संबंधित इसकी रूपरेखा अनुमति में चिह्नित प्रस्तावित कार्यस्थल की रूपरेखा, बाधा और पद्धति, फाल्ट, डाइक्स और अन्य भू-वैज्ञानिक गड़बड़ियां और प्रबंधन के पास उपलब्ध अन्य सूचनायें तथा खान सुरक्षा महानिदेशक द्वारा अपेक्षित किसी अन्य बात के बारे में सूचना।

(ख) जब खान सुरक्षा महानिदेशक द्वारा अनुमति प्राप्त हो जाती है तो अनुमति में निर्दिष्ट शर्तों के अन्तर्गत ही प्लान और पद्धति होनी चाहिये और इसमें कोई अंतर नहीं होना चाहिये बशर्ते कि किसी ऐसे अंतर के निर्माण के लिये खान सुरक्षा महानिदेशक द्वारा पुनः अनुमति न दी गई हो।

(ग) यह भी आवश्यक है कि ऐसे कार्यस्थलों की गहरी लंबाई और चौड़ाई, बनाये गये बोर होल, प्रत्येक बोर होल की लंबाई का रिकार्ड इस उद्देश्य के लिये रखी गई एक जिल्दबंद किताब में रखा जाये और इसमें दर्ज की गई प्रविष्टियों पर प्रतिदिन इस उद्देश्य के लिये नियुक्त सक्षम अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर और प्रबंधक द्वारा प्रति हस्ताक्षर किया जाए।

(घ) किसी भूमिगत कोयला खान के कार्य क्षेत्र में किसी भी स्थल पर जब ज्यादा पानी के रिसाव की घटना हो तो तत्काल काम बंद करने के प्रावधानों में जलप्लावित क्षेत्र के 60 मीटर के भीतर के कार्यक्षेत्र भी शामिल हैं।

(ङ) तथापि कोयला खान विनियम, 1957 का विनियम 127 को अधिक लचीला भी बनाया गया है क्योंकि इसमें खान सुरक्षा महानिदेशक को ये शक्तियां दी गई हैं कि यदि वे उचित समझें तो गैलरी के आकार के प्रतिबन्धों में ढील दे सकते हैं और एडवांस बोरहोल बनाने की शर्तों में छूट प्रदान कर सकते हैं।

3.2.3 1983 में जलप्लावन के कारण हुरिलाडीह दुर्घटना जिसमें 19 खनिकों की मृत्यु हुई और जलप्लावित क्षेत्रों के समीप कार्य करने से प्राप्त अनुभवों को ध्यान में रखते हुए विनियम 127 को पुनः 1990 में संशोधित किया गया था। इसमें अनुपयुक्त और परित्यक्त कार्यस्थल के बीच अंतर समाप्त करने के लिये विशिष्ट प्रावधान किये गये हैं। यहाँ जलप्लावित क्षेत्रों का पता लगाने के लिये होल ड्रिल करने तथा उनकी जांच तथा बाकी कार्यक्षेत्रों ... में भी बताया गया है।

3.3.1 इस स्थिति में यहाँ जलप्लावित क्षेत्रों के समीप कार्य करने से संबंधित विकसित देशों के भूमिगत कोयला खानों के सांविधिक प्रावधानों की समीक्षा करना संगत होगा। प्रायः, सभी देश जलप्लावित क्षेत्रों के समीप कार्य करते समय कुछ सांविधिक प्रतिबंध लगाते हैं। जलप्लावित क्षेत्रों और कार्यस्थलों के बीच सुरक्षा पिलर/बैरियर छोड़ने के रूप में ये प्रतिबंध लगाये जाते हैं। सुरक्षा पिलर के भीतर कुछ प्रतिबंधों के अधीन ही एक निश्चित सीमा में काम करने की अनुमति दी जाती है। प्रायः इन प्रतिबंधों की प्रकृति में गली की चौड़ाई और ऊंचाई सीमित करना तथा एडवांस बोरहोल के कवर के अन्तर्गत कार्यक्षेत्रों को आगे बढ़ाया जाना शामिल है।

3.3.2 संयुक्त राष्ट्र फेडरल कानून में यह विनिर्दिष्ट है कि यदि पुराने भूमिगत कार्यक्षेत्रों का कोई विश्वसनीय प्लान उपलब्ध नहीं है तो जलप्लावन के कारण दुर्घटनाओं को रोकने के लिये ऐसे कार्यस्थलों के 60 मीटर के भीतर एडवांस बोरहोलों का प्रावधान किया जाना होता है।

इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र का कानून कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम 127 की ही तरह का है।

3.3.3 फ्रांस की कोयला खानों के विनियमन में पानी भर जाने के खतरों के विरुद्ध कार्यक्षेत्रों की सुरक्षा अपेक्षित होती है। इसमें यह भी अपेक्षित है कि पानी भर जाने की संभावना वाले क्षेत्रों, गलियों या आगे बढ़ाये जाने वाले क्षेत्रों के पहले करीब 3 मीटर लंबा अग्रवर्ती बोरहोल बनाया जाये।

3.3.4 ब्रिटन के कोयला खान विनियमों में यह अपेक्षित है कि जब किसी खान के किसी अनुपयुक्त कार्यक्षेत्र के 45 मीटर भीतर कोई कार्य किया जा रहा है तो प्रबंधक आवश्यक सुरक्षात्मक उपायों का प्रबंध करता है इसमें निरीक्षकों तथा कर्मकारों के प्रतिनिधियों को इस संबंध में पूर्व सूचना देना शामिल है, इसके अलावा इसमें ऐसे कार्यक्षेत्रों में पालन की जाने वाली प्रक्रिया योजना भी शामिल है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पानी या किसी अन्य द्रव पदार्थ का अंदर की तरफ बहाव न हो।

3.3.5 भूमिगत पानी के खतरों से संबंधित विभिन्न देशों के उपरोक्त सांविधिक प्रावधानों की समीक्षा से यह पता चलता है कि हमारे सांविधिक सुरक्षा उपाय संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटन जैसे विकसित देशों के बराबर हैं।

अध्याय-4

आप्लावन के कारण दुर्घटनाएं

4.1 भारत में आप्लावन के कारण दुर्घटनाओं का सामान्य विश्लेषण

4.2 भारत में आप्लावन के कारण प्रमुख दुर्घटनाएं।

4.1.1 हमारे देश की कोयला खानों में दुर्घटनाओं में एक तिहाई व्यक्तियों की मृत्यु आप्लावन के कारण होती है। आप्लावन के कारण प्रमुख विपदाएं 10 दिसम्बर, 1954 को न्यूटन चिकली कोलियरी (मध्य प्रदेश), 20 फरवरी, 1958 को सैन्ट्रल भोवरा कोलियरी (बिहार), 05 जनवरी, 1960 को दमुआ कोलियरी (मध्य प्रदेश), 18 नवम्बर, 1975 को सिलेवरा कोलियरी (मध्य प्रदेश), 27 दिसम्बर, 1975 को चासनाला कोलियरी (बिहार) तथा 14 सितम्बर, 1983 को हुरीलाडीह कोलियरी (बिहार) में हुई जिनमें क्रमशः 63, 23, 16, 10, 375 तथा 19 व्यक्तियों की मृत्यु हुई।

4.2.1 दिसम्बर, 1954 में न्यूटन चिकली कोलियरी (मध्य प्रदेश) में दुर्घटना इस प्रकार हुई क्योंकि डिवलपमेंट गैलरी किसी पुरानी गैलरी तथा ऊपरी सीम की परित्यक्त जलप्लावित वर्किंग से जुड़ गई।

दो सीमा के बीच पृथक्करण जैसे अपथ्रोफाल्ट (ऊपर की ओर फैंकने की खराबी) के कारण उस क्षेत्र में ऊपरी सीम के बराबर के स्तर के निचली सीम को लाया गया। यह दुर्घटना मुख्यतः गलत खान योजना और भारतीय कोल खान विनियमन 1926 के विनियमन 74, जिसे कोयला खान विनियमन, 1957 के विनियमन 127 के द्वारा निरसित कर दिया गया था, का अनुपालन न किए जाने के कारण हुई। फरवरी, 1958 में सेन्ट्रल भोवरा कोलियरी (बिहार) में आप्लावन के कारण दुर्घटना उस समय हुई जबकि भूमिगत प्रचालन खान सीमा को पार कर गया तथा यह समीपवर्ती कोलियरी के जलाप्लावित प्रचालन में जा मिला। यह दुर्घटना मुख्यतः बिना उचित सर्वेक्षण तथा उचित योजनाओं के समीपवर्ती कोलियरी में अनधिकार प्रवेश तथा जलाप्लावित क्षेत्रों के 60 मी. के अन्दर बढ़ते हुए प्रचालन के सम्बन्ध में कोयला खान विनियमन, 1957 के विनियमन 127(3) और (5) के उल्लंघन के कारण हुई। जनवरी, 1960 में दमुआ कोलियरी (मध्य प्रदेश) में दुर्घटना उस समय हुई जबकि प्रचालन अपथ्रोफाल्ट के कारण जलाप्लावित क्षेत्र की ओर बढ़ गया। खराबी वाले क्षेत्र में दो प्रचालनों के बीच 1.8 मी. का अवरोध से दुर्घटना को बढ़ावा मिला।

4.2.2 भारतीय खनन इतिहास में सबसे अधिक घातक दुर्घटना दिसम्बर, 1975 में चासनाला (बिहार) में हुई जिसमें आप्लावन के कारण 325 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। चासनाला में पूर्व प्रचालन ने लगभग वर्ष 1949 में संचालन क्रास-आऊट निकालने समय पुराने प्रचालनों से असावधानी पूर्वक जुड़ने के कारण दिसम्बर, 1975 में दुर्घटना होने से लगभग 26 वर्ष पहले काम करना बन्द कर दिया था।

4.2.3 चासनाला में हुई दुर्घटना के कुछ प्वाइंट वही हैं जो अब हुई दुर्घटना के हैं। दोनों मामलों में ऊपरी पुराने जलाप्लावित प्रचालनों से आप्लावन हुआ तथा तत्काल इसके बाद धसकन हो गई। चासनाला कोलियरी के मामले में, सीम के साथ-साथ चलने वाली मुख्य इन्कलाई की लम्बाई प्लान में इसकी वास्तविक लम्बाई से बहुत कम दिखाई गई थी। महावीर खान के मामले में कलेपाकर पुरानी तथा परित्यक्त शाफ्ट को प्लान में निचली सीम तक बढ़ा हुआ नहीं दिखाया गया था। इसके अतिरिक्त, दोनों मामलों में सम्बन्धित प्रबंधकों ने खान सुरक्षा महानिदेशक द्वारा प्रचालन के लिए अनुमोदित न किए गए क्षेत्र में काम किया तथा उन्होंने कोयला खान विनियमन, 1957 के विनियमन 127 का उल्लंघन किया। सितम्बर, 1983 में हुरीलाडीह कोलियरी (बिहार) में दुर्घटना उस समय हुई जबकि दो अलग अलग समतल रेखाओं में मोटी सीम के विकसित होने से बनी कोयले की पतली सतह अचानक ढह गई। ऊपरी समतल रेखा जो [illegible] का एक भाग थी के प्रचालन से पानी निचली समतल रेखा की ओर बह गया जिससे 19 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। यह दुर्घटना मुख्यतः गलत योजना तथा कोयला खान विनियमन 1957 के विनियमन 127 के उल्लंघन के कारण हुई।

4.2.4 इन दुर्घटनाओं के कारणों के विश्लेषण से पता चलेगा कि ये दुर्घटनाएं मुख्यतः गलत खान योजनाओं तथा कोल खान विनियमन 1957 के विनियमन 127 के उल्लंघन आदि के कारण हुईं। दूसरे शब्दों में, ये दुर्घटनाएं ऐसी आपराधिक लापरवाही के कारण हुईं जिनसे बचा जा सकता था।

अध्याय—5

5.1 दुर्घटना

5.2 गुमशुदा व्यक्तियों की पड़ताल करना

5.3 बचाव कार्य

5.1.1 इस स्थिति में यह संगत होगा कि उन घटनाओं के क्रम की पुनरीक्षा की जाए जिनके कारण दुर्घटना हुई। ज्ञात है कि 12 नवम्बर, 1989 को तीसरी पारी में कार्य सामान्य की तरह प्रारम्भ हुआ। नारायण कुडी सीम में तीन प्रचालन भाग अर्थात् "बी" पिट डीपिलरिंग भाग, 21 क्रास कट और 42 क्रास कट डिवेलपमेंट भाग थे। इन सभी में कोयला के [illegible] भूमिगत प्रचालनों में 221 [illegible] नियोजित थे।

5.1.2 समस्त प्रचालन का ओवरमैन प्रभारी श्री फौजदार सिंह (एम डब्ल्यू-1) था। 42 क्रास कट डेवलपमेंट भाग, जहां दुर्घटना हुई, का सरदार तथा शाटफायरर क्रमशः श्री दौलत पाण्डे (एम डब्ल्यू-13) तथा श्री चन्द्रधारी बराय (एम डब्ल्यू-14) था।

5.1.3 पारी की शुरुआत में, 42 क्रास-कट भाग के 40 डिप फेस में बारह शाट छेद ड्रिल किए गए। इन शाट छेदों की लम्बाई लगभग 1.2 मी. थी। कोयला कटिंग मशीन खराब होने के कारण फेस पर कोई अन्डरकट नहीं थी।

5.1.4 शॉट फायरर श्री चन्द्रधारी बराई (एम डब्ल्यू-14) के साथ श्री बांगी राजभर (यू डब्ल्यू-5) श्री राम अवतार खुसिया, श्री टहुला मांझी और श्री प्यारे चन्द्र शाह हैल्पर थे इस भाग के अन्य फेसों में शाट फायरिंग पूरी करने के बाद, वे लगभग प्रातः 4.00 बजे 40 डिप फेस पर पहुंचे। श्री चन्द्रधारी बराय (एम डब्ल्यू-14) ने साक्ष्य दिया कि उसने फेस में ड्रिल किए गए बारह शॉट होल में से छह को चार्ज किया। इनमें से चार शॉट होल फ्लोर स्तर के थे और शेष दो गैलरी के लगभग मध्य में "कट होल" थे। तथापि श्री बांगी राजभर (यू डब्ल्यू-5) के अनुसार सभी बारह शाट होल को फेस में एक ही समय में चार्ज किया गया। पी. डिटोनेटरों तथा तात्कालिक विद्युत अग्रिक विस्फोटक पदार्थों का प्रयोग किया गया। इसके बाद श्री चन्द्रधारी बराय (एम डब्ल्यू-14) द्वारा छह शॉट होल विस्फोटित किए गए। धुआं तथा भाप हट जाने के बाद वे शेष शॉट होल को चार्ज करने के लिए फेस तक वापिस गए जबकि श्री बांगी राजभर (यू. डब्ल्यू-5) का कहना है कि वे किए शेष छह शॉट होल को जोड़ने गए। जब श्री बांगी राजभर (यू. डब्ल्यू-5) तड़के हुए कोयले के नीचे से शॉट फायरिंग केबल बाहर निकाल रहा था। तो श्री चन्द्रधारी बराय (एम डब्ल्यू-14) को सामने वाले फेस तथा अपने पीछे से ब्रेक होने की आवाज सुनाई दी। इसके तत्काल बाद उन्होंने फेस के दाहिनी तरफ से गंदा पानी फुहार की तरह बहता देखा, श्री बांगी राजभर (यू डब्ल्यू-5) को अपना काम छोड़ना पड़ा। श्री चन्द्रधारी बराय (एम डब्ल्यू-14) ने श्री बांगी राजभर (यू डब्ल्यू-5) को बाहर निकाला, अपने साथियों तथा औजारों को इकट्ठा किया और पानी के अकस्मात अन्तर्वाह की चेतावनी देता हुआ फेस से बाहर दौड़ा। रास्ते में, श्री चन्द्रधारी बराय (एम डब्ल्यू-14) को भाग के हालेज के निकट श्री दौलत पाण्डे (एम डब्ल्यू-13) मिला तथा उसने उसको पानी के अचानक अन्तर्वाह के बारे में बताया। श्री दौलत पाण्डे (एम डब्ल्यू-13) ने उसको उस भाग के सभी व्यक्तियों को बाहर निकालने के लिए कहा तथा उसने पानी के अन्तर्वाह के बारे में 21 क्रास कट भाग के कर्मकारों को सूचना दिया। श्री दौलत पाण्डे ने 40 डिप फेस पानी के अचानक अन्तर्वाह के बारे में लगभग प्रातः 4.30 बजे सी डी एम टेलीफोन पर श्री फौजदार सिंह (एम डब्ल्यू-1) को बताया। श्री फौजदार सिंह (एम डब्ल्यू-1) ने पिट टॉप पर हाजिरी केबिन से 21 डेवलपमेंट भाग [illegible] पर सी डी एम टेलीफोन पर तत्काल सम्पर्क किया परन्तु वहां से कोई उत्तर नहीं था। दुर्घटना की सूचना प्रबंधक एवं प्रबन्धक श्री. [illegible] (एम डब्ल्यू-17) को भेज दी गई। फिर उसने सी.डी.एम. टेलीफोन पर सुरक्षा अधिकारी श्री पी एन बनर्जी को दुर्घटना की सूचना दी। इसके पश्चात् उसने हाजिरी केबिन से "बी" पिट डीपिलरिंग भाग के सरदार श्री रामचन्द्र महतो से टेलीफोन पर सम्पर्क किया। उसने श्री रामचन्द्र महतो को "बी" पिट भाग से सभी व्यक्तियों को बाहर निकालने तथा भूमिगत सभी व्यक्तियों को बाहर निकालने के लिए अन्य भागों को सूचित करने के अनुदेश दिए। उसने सी डी एम आपरेटर को भी निदेश दिए कि वह सी डी एम में उपलब्ध माइक्रोफोन सुविधा से भूमिगत सभी व्यक्तियों को चेतावनी दे तथा उन्हें बाहर जाने के निदेश दे। श्री दौलत पाण्डे (एम डब्ल्यू-13) और श्री फौजदार सिंह (एम डब्ल्यू-1) ने 21 क्रास कट सेक्शन की ओर जाने की कोशिश की परन्तु पानी वहां

भी पहुंच गया। चूंकि ये कर्मचारी के बचाव के लिए कुछ नहीं कर सकते थे वे पिट सतह की ओर दौड़े जहां वे श्री पी.एल. बनर्जी (एम डब्ल्यू-16) से मिले। श्री पी.एल. बनर्जी (एम डब्ल्यू-16) के साथ श्री फौजदार सिंह (एम डब्ल्यू-1) तथा श्री बौदन पाण्डे (एम डब्ल्यू-13) सैक्शन की ओर वापिस आये। तथापि, 8 लेवल के निकट उन्होंने देखा कि पानी उत्स्रावन की ओर से बह रहा है। फिर श्री पी.एल. बनर्जी (एम डब्ल्यू-16) दो पिट की ओर गए और श्री बौदन पाण्डे (एम डब्ल्यू-13) तथा श्री फौजदार सिंह (एम डब्ल्यू-1) सं. "ए" पिट की ओर आये। इस आशंका से कि स्थिति बदतर न हो जाए वे तत्काल बाहर आ गए। पिट के बाहर वे मो. कालिम, अभिकर्ता एवं प्रबन्धक (एम. डब्ल्यू-17) से मिले। श्री फौजदार सिंह (एम डब्ल्यू-1) दोबारा सं. "ए" पिट के मध्य से श्री बौदन पाण्डे (एम डब्ल्यू-13) आक्रामक तथा मो. कालिम (एम डब्ल्यू-17) के साथ भूमि के नीचे गए। परन्तु उन्होंने देखा कि पिट की सतह से ही पानी लगभग सीने तक पहुंच गया है। यह महसूस करते हुए कि पिटों के माध्यम से कर्मकारों को बचाने की कोई गुंजाइश नहीं है, वे लगभग प्रातः 5.30 बजे बाहर वापिस आ गए।

5.2.1 चूंकि कुछ कर्मकारों की शिफ्ट के मध्य में नारायणकुरी सीम से नेगा सीम आने की संभावना थी, श्री पी. एल. बैनर्जी (एम डब्ल्यू-16) अन्यों के साथ नेगा सीम के समीपस्थ यूनिट के निमज्जन ड्रोन से नीचे गए। तथापि उन्होंने वहां नेगा सीम के केवल दो पम्प खलासियों को पाया जो बाहर ले जाये जाने की प्रतीक्षा कर रहे थे।

5.2.2 हाजिरी रजिस्टर की तत्काल जांच करने से पता लगा कि खान के नीचे 221 कर्मकार गए थे, जिनमें से 150 कर्मकार बाहर आ चुके थे और शेष 71 कर्मकार के बारे में यह अनुमान था कि वे भूमि के नीचे फंस गए। फंसे हुए खनिकों में से अधिकतम 21 क्रास कट भाग के थे और शेष 42 क्रास कट भाग के थे। सौभाग्य से सी.डी. एस टेलीफोन के द्वारा फंसे हुए खनिकों के दो ग्रुपों से शीघ्र सम्पर्क हो गया। फंसे हुए खनिकों ने बताया कि वे पानी के बहाव के कारण, जिससे उनका पहुंच रास्ता बन्द हो गया है, पिट की सतह पर पहुंचने में असमर्थ हैं।

फंसे हुए खनिकों की गिनती करने तथा शीघ्र ही बाहर आ जाने वाले खनिकों की गिनती से पता चला कि पैंसठ खनिक भूमि के नीचे फंस गए थे। अतः छह खनिकों के लापता होने की आशंका थी। बाद में, पैंसठ फंसे हुए खनिकों को सी डी एस टेलीफोन से निर्देश दिए गए कि वे उत्स्रावन की ओर जाएं क्योंकि बरमाछिद्र के माध्यम से बाहर से उनके साथ सीधे सम्पर्क करने के प्रयास किए जाएंगे। यह बताना संगत होगा कि आप्लावन की स्थिति में भी सी डी एस टेलीफोन की कारगरता से प्रारम्भिक अवस्थाओं में बचाव कार्य में महत्वपूर्ण योगदान मिला।

5.3.1 13 नवम्बर को लगभग प्रातः 10.00 बजे, खान सुरक्षा महानिदेशालय तथा मैसर्स ई.सी.एल. के वरिष्ठ अधिकारी महाबीर खान पर पहुंचे। यह शीघ्र ही स्पष्ट हो गया कि दुर्घटना नारायणकुरी सीम के पुरानी तथा जलाप्लावित शाफ्ट सं. 34 से जुड़ने कारण हुई थी तथा उत्स्रावन की ओर वर्किंग्स पानी रहित रहेंगी जहां फंसे हुए खनिज आश्रय ले सकेंगे। यह भी पता चला कि नेगा सीम के शल्क वृष्यांश (आउट क्रोप) के पीछे नारायणकुरी सीम में उत्स्रावन की ओर पहले ड्रिल किए गए कुछ अन्वेषणात्मक छेदों से वास्तव में वर्किंग्स में बाधा आ गयी थी। इस प्रकार यह महसूस किया गया कि बरमाछिद्र के माध्यम से फंसे हुए खनिकों से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता था। फंसे हुए खनिकों के वातावरण के बारे में मोटे तौर पर अनुमान था कि उनके लिए लगभग दो सप्ताह तक सामान्य वातावरण अच्छा रहेगा। अतः यह महसूस किया गया कि फंसे हुए खनिकों को आसन्न खतरा नहीं था।

5.3.2 आपात स्थिति के लिए एक ड्रिलिंग रिग लाया गया तथा सर्वाधिक दल द्वारा शीघ्र ही तैयार किए गए मौजूदा बरमा छिद्र सं. 3 का व्यास 14 नवम्बर को प्रातः 2.30 बजे तक चौड़ा करके 20 सें.मी. कर दिया गया। सी डी एस टेलीफोन से फंसे हुए खनिकों को सं. 3 बरमा छिद्र के नीचे एकत्र होने के निदेश दिए गए। पूर्ण सम्पर्क तथा बरमा छिद्र के माध्यम से स्थापित की गई संचार व्यवस्था और इसके चारों ओर फंसे हुए खनिकों के सुरक्षित होने से खनिकों के सुरक्षित बचाव की चिन्ता जो पहले बनी हुई थी वह कम हो गयी।

5.3.3 फंसे हुए खनिकों के बचाव के लिए एक बड़े व्यास का बरमा छिद्र ड्रिल करने के लिए उत्स्रावन की ओर बाहर तत्काल एक उपयुक्त स्थान का चयन किया गया। 14 नवम्बर को प्रातः 9.30 बजे प्रचालन कार्य आरम्भ किया गया तथा 15 नवम्बर को लगभग दोपहर के 3.30 बजे 52 सें.मी. व्यास का बरमा छिद्र पूरा कर दिया गया। जर्मनी डिजाइन पर आधारित कब्जेदार दरवाजों सहित एक स्टील कैप्सूल स्वदेशी रूप से तैयार की गई। एक अस्थाई तिपाई का निर्माण किया गया और घिरनी स्थापित की गई तथा घिरनी प्रचालित (कैप्सूल) के माध्यम से मैसर्स ई.सी. एल. के अतिरिक्त मुख्य खनन इंजीनियर, श्री जी.एस. गिल, जो बचाव कार्य में प्रशिक्षित थे, को 16 नवम्बर को लगभग प्रातः 2.20 बजे भूमिगत वर्किंग्स पर उतारा गया चूंकि हस्तचालित घिरनी से फंसे हुए खनिकों को बाहर लाने में समय लग रहा था, कुछ खनिकों को बचाने के बाद इसे क्रेन द्वारा प्रतिस्थापित किया गया। फंसे हुए पहले खनिक को 16 नवम्बर को प्रातः 2.40 बजे तथा अन्तिम खनिक को उसी दिन प्रातः 8.40 बजे बाहर लाया गया। बचाव की इस प्रणाली का भारत में पहली बार प्रयोग किया गया। इससे पहले इतने बड़े पैमाने पर ऐसी बचाव प्रणाली का प्रयोग विश्व में नहीं किया गया था। इस बचाव क्रिया का संचार माध्यम से काफी प्रचार हुआ।

5.3.4 इसके बाद, छः लापता व्यक्तियों की तलाश शुरू की गई। तलाशी दलों को कैप्सूल के माध्यम से भेजा गया तथा 18 नवम्बर को प्रातः तक दिन और रात तलाश जारी रही। इसके पश्चात्, बरमा छिद्र के माध्यम से तलाशी दलों को भेजना रोक दिया गया क्योंकि बरमा छिद्र के अरेखांकित भाग से फिसलन के संकेत मिले। तदोपरान्त, पिटों को पानी रहित कर दिया जाने पर, छह लापता खनिकों की तलाश जारी रखी गई। दुर्भाग्यवश इन छह खनिकों को जीवित नहीं बचाया जा सका। एक के बाद एक उनकी लाश पाई गई। अन्तिम लाश 23 दिसम्बर, 1989 को काफी प्रयासों के बाद मिली।

अध्याय-VI

6.1 दुर्घटना स्थल का प्रथम निरीक्षण

6.2 सतही निरीक्षण

6.3 द्वितीय निरीक्षण

6.4 टिप्पणियां

6.1.1 7 अप्रैल, 1991 को मैं दुर्घटना स्थल का निरीक्षण करने के लिए महाबीर खान गया। निरीक्षण के दौरान प्रो. ए.के. घोष, मूल्यांकनकर्ता (असेसर), श्री के. पाल, खान सुरक्षा महानिदेशक, श्री टी.के. देव, निदेशक (तकनीकी), मैसर्स ई.सी.एल. तथा खान सुरक्षा महानिदेशालय और मैसर्स ई सी.एल. के अन्य अधिकारी भी मेरे साथ थे। श्री बी.एन. तिवारी मूल्यांकनकर्ता उपस्थित नहीं हो सके। हम ए पिट के रास्ते से नारायणकुरी सीम तक नीचे गए तथा दिल्ली से हावड़ा तक ईस्टर्न रेलवे लाइन के नीचे ... रेल गेट। रास्ते में मैंने पानी के अन्तर्वाह से हुए विनाश को देखा जिससे हॉलेज पथ के कंक्रीट तथा पैकिंग सामग्री हट कर ... लेवल ... हो गई थी। मुझे वह स्थान भी दिखाया गया जहां से ... में से कुछ लाशें मिली थीं। 33 लेवल पर मैंने भूमिगत टेलीफोन पद्धति (अर्थात् सी.डी. एस. पद्धति) का रिसीवर देखा जिसका प्रयोग फंसे हुए खनिकों द्वारा बाहर आपरेटर से सम्पर्क करने के लिए किया गया था। इस रिपोर्ट

में मैंने पहले बताया है कि सी.बी.एम. पद्धति के कारगर रूप से कार्य किया तथा इसमें सफलता पूर्वक बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

6.1.2 33 पूर्वी लेवल ढुलाई सड़क के साथ चलते हुए, मैंने सवानन रोक (स्टापिंग) पर पानी द्वारा छोड़े गए निशान देखे। इससे मुझे मंजिला में हुए पानी के बहाव के अधिकतम स्तर का काफी अंदाजा हो गया। 40 डिप आफ 28 लेवल के जंक्शन के चारों ओर, मैंने फर्श पर पड़े पत्थर के दो बड़े ब्लाक देखे। मैंने पानी के प्रवाह से मुड़ी हुई तथा टेढ़ी हुई ढुलाई पटरियों को भी देखा। 40 डिप के प्रवेश मार्ग के साथ-साथ चलते हुए, मुझे स्पष्टतः महसूस हुआ कि 40 डिप पर गैलरी अपनी सामान्य उत्तर पूर्वी दिशा से अकस्मात विचलित हो कर लगभग दक्षिण की ओर हो गई जिससे 40 डिप पुरानी शाफ्ट नं. 34 से जुड़ गई। ठीक उसी स्थान को गोलाश्म (बाउल्डर्स) तथा कंकरों से आच्छादित कर दिया गया जहां 40 डिप आफ 28 लेवल से पुरानी तथा परित्यक्त शाफ्ट सं. 34 का कार्य बन्द कर दिया था। 40 डिप ऑफ 28 लेवल के प्रवेश द्वार के पार चलते हुए मैंने उस गैलरी में फलेंक बरमा छिद्र का केवल एक निशान देखा। दुर्घटना स्थल का दौरा करने के बाद में 29 लेवल के साथ-साथ समीपस्थ 39 डिप पर गया तथा 27 लेवल ऑफ 39 डिप पर की फलक (फेस) का निरीक्षण किया जहां से वर्ष 1988 में एक लम्बा बरमा छिद्र ड्रिल किया गया था। मैंने 27 लेवल पर गैलरी में ड्रिल किए गए फलेंक बरमा छिद्र देखे। मैंने 27 लेवल ऑफ 39 डिप पर पिल्लर की सतहों पर रिसाव जल के निशान भी देखे। फलेंक बरमा छिद्रों के नीचे थे। निशान सुस्पष्ट थे। मुझे दुर्घटना स्थल पर जाने तथा निरीक्षण करने में तीन घण्टे लगे।

6.2 8 अप्रैल, 1991 को मैं खान सुरक्षा महानिदेशालय तथा ई.सी.एल. के कुछ अधिकारियों के साथ सतह पर परित्यक्त शाफ्ट सं. 33 और 34 का निरीक्षण करने गया। शाफ्टों के चारों ओर वन्य-पेड़ थे। निरीक्षण के दौरान, कुछ ग्रामीण लोगों ने मुझे बताया कि 13 नवम्बर 1989, को दुर्घटना से पहले सतह पर शाफ्ट सं. 33 और 34 दिखाई नहीं देती थी क्योंकि वे मिट्टी से ढकी हुई थी और इन पर वनस्पति उगाई गई थी। बाद में मैंने उस बरमा छिद्र के स्थल का निरीक्षण किया जहां से कैप्सूल द्वारा फंसे हुए खनिकों को निकाला गया था। रास्ते में मैंने सड़क पर पड़े गड्ढे (पोटहोल) को देखा जो शायद दुर्घटना के तत्काल बाद हो गया था।

6.3 7 अप्रैल, 1991 को किए गए प्रथम दौरे का उद्देश्य मुख्यतः दुर्घटना स्थल की दशाओं का प्रत्यक्ष रूप से मूल्यांकन करना तथा 26 अक्तूबर, 1991 को किए गए दूसरे दौरे का उद्देश्य उन घटनाओं का पुनः प्रदर्शन करना था जिनके कारण दुर्घटना हुई। 26 अक्तूबर, 1991 को चन्द्रधारी यादव (एम डब्ल्यू 14) तथा भोला राजभर (यू. डब्ल्यू-5) ने उन घटनाओं के क्रम के बारे में पुनः बताया जिनके कारण 13 नवम्बर, 1989 की उस अभागी सुबह को 40 डिप फेस पर विस्फोट के बाद दुर्घटना हुई।

6.4.1 दुर्घटना स्थल के निरीक्षण के आधार पर मेरी टिप्पणी निम्नानुसार है :—

(1) 40 डिप गैलरी ऑफ 28 लेवल के प्रवेश द्वार पर केवल एक फलेंक बरमा छिद्र के सिवाय, रिब साइडों के साथ किसी फलेंक बरमा छिद्र होने का कोई सबूत नहीं था। न्यायालय रिकार्ड के योजनार्थ द्वितीय निरीक्षण के दिन 40 डिप गैलरी तथा 27 के लेवल के फोटोग्राफ तैयार किए गये जो अनुबंध-III पर हैं।

(2) यद्यपि यह स्वीकार किया जा सकता था कि ऐसा सीम से पानी के अन्तर्वाह के कारण गैलरी की साइडों पर कुछ निक्षेपण था, लेकिन 40 डिप गैलरी के साथ किसी फलेंक बरमा छिद्र होने का ऐसा कोई संकेत प्रमाण नहीं था जिससे विनिर्दिष्ट अन्तरालों पर फलेंकों बरमा छिद्रों की ड्रिलिंग के बारे में न्यायालय के समक्ष दिये गये बयानों पर अधिक संदेह होता हो।

(3) 40 डिप गैलरी के साथ दुर्घटना स्थल के निकट तथा 27 लेवल पर गैलरी की चौड़ाई को अनियमित रूप से मापा गया जिससे पता चला कि दुर्घटना से पहले गैलरी की चौड़ाई प्रारम्भ में लगभग 1.2 मी. थी।

(4) 28 लेवल तथा 40 डिप गैलरी के जंक्शन की सतह पर खाली स्थान था जहां से पत्थर का एक बड़ा ब्लाक खींचकर निकाला गया था और इसे 40 डिप गैलरी के उत्पलवन की ओर लगभग आधा किलकर खिसका गया था।

(5) 28 लेवल तथा 27 लेवल गैलरियों, जिनकी 27 लेवल तथा डिप के बीच कोयले की हल्की परत शामिल है, के साथ दुर्घटना स्थल पर, भू-खिसकन का ऐसा कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं था जिससे घातक दुर्घटना हो।

6.4.2 दुर्घटना स्थल के निरीक्षण के आधार पर, मुझे प्रबंधकों के कुछ साक्षियों द्वारा दिए गए इस तर्क के समर्थन में कोई प्रमाण नहीं मिला है कि 8 नवम्बर, 1989 के बाद से 40 डिप गैलरी को चालित करते समय मध्य तथा फलेंक बरमा छिद्रों को कोयला खान वि. 1957 के विनियम 127 में दी गई शर्तों के अनुसार सुव्यवस्थित तरीके से ड्रिल किया जा रहा था। यह तर्क दिया जा सकता था कि मध्य बरमा छिद्रों का कोई सबूत नहीं होगा, क्योंकि कोयला निकालते समय वे नष्ट हो जाते थे परन्तु यदि 40 डिप ऑफ 28 लेवल पर फलेंक बरमा छिद्रों की व्यवस्था की जाती तो दुर्घटना स्थल का निरीक्षण करते समय वे दिखाई देते। उदाहरण के तौर पर, वर्ष 1988 में 27 लेवल पर फलेंक बरमा छिद्र किए गए थे। जब मैंने दुर्घटना स्थल के समीपस्थ क्षेत्र का निरीक्षण किया और 27 लेवल तक गया तो वे फलेंक बरमा छिद्र स्पष्टतः दिखाई दे रहे थे।

अध्याय-VII

7.1 न्यायालय के समक्ष मुद्दे

7.2 शाफ्ट संख्या 34 का विस्तार

7.3 पानी का असामान्य रिसाव

7.4 अग्रशोधक लम्बा बरमा छिद्र

7.5 प्रकटता (अधिकता) की अनुमति

7.6 पार्श्वीय बरमा छिद्र

7.7 दुर्घटना से संबंधित अन्य मामले

7.1.1 जैसाकि पहले बताया गया है कि दुर्घटना उस समय हुई जबकि विकसित 40 डिप फेस ऑफ 28 लेवल पुरानी तथा जलाप्लावित शाफ्ट सं. 34 से जुड़ गया। रिकार्ड किए गए साक्ष्यों तथा प्रस्तुत किए गए लिखित तर्कों के आधार पर जांच न्यायालय के समक्ष निम्नलिखित मुद्दे थे :—

(1) क्या पुरानी तथा परित्यक्त शाफ्ट सं० 34 के नारायणकुड़ी सीम तक विस्तार की जानकारी महावीर खान के अभिकर्ता एवं प्रबंधक तथा उनके अधीन कार्यरत अन्य कर्मचारियों को थी और क्या शाफ्ट की गहराई का पता लगाने के लिये उन्होंने कर्तव्यपरायणता बरती।

(2) क्या उक्त कर्मचारियों को पानी के असामान्य रिसाव की पूर्व चेतावनी दी गई थी जिससे पता चले कि वर्किंग जलाप्लावित। शाफ्ट संख्या 34 के नजदीक जा रही है।

(3) क्या उन कर्मचारियों का लम्बे बरमा छिद्रों की व्यवस्था करके समाधान हो गया था कि शाफ्ट सं. 39 का नारायणकुरी सीमा तक विस्तार नहीं हुआ है।

(4) क्या उक्त कर्मचारियों को 40 डिप गैलरी ऑफ 28 लेवल प्रचालित करने के लिए खान सुरक्षा महानिदेशालय की प्रचालन अनुमति थी।

(5) क्या 40 डिप गैलरी ऑफ 28 लेवल को सड़क तथा पर्याप्त बरमा छिद्रों के उपयुक्त कवर से विकसित कर दिया गया था।

(6) और दुर्घटना से संबंधित अन्य मामले।

7.1.2 इन कारणों तथा परिस्थितियों का पता लगाने के लिए इन मामलों का विश्लेषण बाद के पैराग्राफों में किया गया है जिनके कारण यह दुर्घटना हुई।

7.2.1 मो. कालिम, अभिकर्ता एवं प्रबंधक एम डब्ल्यू-17 (तथा तथा अन्यों का यह तर्क था कि उन्हें भरसक प्रयासों के बावजूद यह जानकारी नहीं थी कि शाफ्ट सं. 34 नेगा सीम से आगे बढ़ गई है। इसके दूसरी ओर कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों का आरोप था कि शाफ्ट सं. 34 के नेगा सीम से आगे बढ़ जाने का पता लगाने के लिए अभिकर्ता एवं प्रबंधक तथा अन्यों ने पर्याप्त प्रयास नहीं किए।

7.2.2 अभिकर्ता एवं प्रबंधक, मो. कालिम (एम डब्ल्यू-17) तथा अन्य निम्नलिखित आधार पर इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि शाफ्ट सं. 34 नेगा सीम से आगे नहीं पहुंची थी :—

(1) श्री पी.एन. बैनर्जी, सुरक्षा अधिकारी (एम डब्ल्यू-16) ने बताया कि महावीर खान में लगभग एक सौ पुरानी शाफ्टें हैं और उनमें से कुछ शाफ्ट मलबे से भरी पड़ी हैं। शाफ्ट सं. 34 भी ऐसी भरी हुई एक शाफ्ट थी और यह सतह पर नजर नहीं आती थी। बहुत सी पुरानी शाफ्टों को खान के प्लान में दर्शाया गया था। सांविधिक प्लान एग्जीबिट एम-II में शाफ्ट सं. 34 को भी मलबे से भरा हुआ दर्शाया गया था। इसकी गहराई नहीं दी गई थी।

(2) पुरानी प्लानों में दर्शाई गई गहराई वाली सभी शाफ्टों से पता चला कि ये केवल नेगा सीम तक पहुंच गई थीं। कोई भी शाफ्ट ऐसी नहीं थी जो नीचे की नारायणकुरी सीम तक पहुंची हो।

(3) पुरानी शाफ्टों को पुराने प्लान अनुरेखित करके सांविधिक योजना एग्जीबिट एम-II में अंकित किया गया था। वर्ष 1976 में, महावीर खान के तत्कालीन सर्वेक्षक द्वारा एक जांच सर्वेक्षण किया गया। इस सर्वेक्षण में उपलब्ध पुरानी शाफ्टों की गहराई मापी गई तथा उनकी अवस्थिति का भी सत्यापन किया गया। तथापि, एक भी पुरानी शाफ्ट ऐसी नहीं पाई गई जो नेगा सीम से आगे पहुंची हो। शाफ्ट सं. 34 सतह पर नजर नहीं आता था और सतही क्षेत्र पर एक निजी वनस्पति बगीचा था। चूंकि यह सतह पर नजर नहीं आती थी इसकी गहराई नहीं मापी जा सकी।

(4) वर्ष 1961 में नारायणकुरी सीम जलाप्लावित नेगा सीम के नीचे विकसित की गई थी और यह विकास भी कई पुरानी शाफ्टों के नीचे किया गया था। परन्तु इनमें से कोई भी शाफ्ट नारायणकुरी सीम तक बढ़ी हुई नहीं पाई गई।

(5) श्री पी.एन. ठाकुर (एम डब्ल्यू-15) तथा मो. कालिम (एम डब्ल्यू-17) के अनुसार कोई ऐसा दस्तावेज रिकार्ड उपलब्ध नहीं था जिससे पता चले कि शाफ्ट सं. 34 नारायणकुरी सीम तक बढ़ गई है। महावीर खान के पूर्व अभिकर्ता श्री के.के. दास (एम डब्ल्यू-18) के अनुसार आसपास के क्षेत्र को वर्ष 1926 की कैडेस्टर्ल प्लान तथा 1950 की रिवेन्यू प्लान में भी पुरानी शाफ्ट सं. 34 को नहीं दर्शाया गया।

(6) वर्ष 1925 की मैसर्स बंगाल कोल कम्पनी की रानीगंज कोलियरी और 2 रानीगंज सीम की परित्यक्त खान प्लान (ए.एम.पी.) (दस्तावेज एम/2ए) में शाफ्ट सं. 34 को समीपस्थ खान की सतह पर दर्शाया गया। ए.एम.पी. में शाफ्ट की गहराई 86 फुट (25.9 मी.) रिकार्ड की गई जिससे पता चला कि यह केवल नेगा सीम तक बढ़ी हुई है।

(7) मो. कालिम (एम डब्ल्यू-17) ने निरीक्षण से सतह पर शाफ्ट सं. 34 का पता लगाने का प्रयास किया परन्तु वह पता नहीं लगा सका क्योंकि शाफ्ट पूर्णतः भरी हुई थी और सतही भूमि का प्रयोग वनस्पति उगाने के लिए किया जाता था।

(8) वर्ष 1989 में, मो. कालिम (एम डब्ल्यू-17) को शाफ्ट सं. 34 की अनुमानित स्थिति की ओर नारायणकुरी सीम में 27 श्रृंखला 30 डिप से ड्रिल किया हुआ लगभग 40 मी. लम्बे बरमा छिद्र का पता चला तथापि, यह लम्बा बरमा छिद्र न तो शाफ्ट को छू रहा था और न ही बरमा छिद्र से पानी का कोई रिसाव था जिससे पता चलता कि शाफ्ट सं. 34 नारायणकुरी सीम तक बढ़ी हुई है।

7.2.3 तथापि, कर्मचारी यूनियनों का तर्क था कि मो. कालिम तथा अन्य खान अधिकारी स्थायी सतही विशेषताओं के सन्दर्भ में करके सतह पर शाफ्ट सं. 34 का पता लगा सकते थे। यूनियन के तर्क के अनुसार चूंकि मो. कालिम (एम डब्ल्यू-17) और अन्य अधिकारियों ने शाफ्ट सं. 34 के विस्तार का पता लगाने के लिए न तो ऐसा कोई सर्वेक्षण किया और न ही कोई विशेष प्रयास किए इसलिए वे कर्तव्य परायणता निभाने में असफल रहे जिससे दुर्घटना हुई।

7.2.4 जांच न्यायाधीश के रूप में मैंने दोनों पक्षकारों के उक्त तर्कों पर विचार किया। न्यायालय के समक्ष ऐसा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे पता चले कि शाफ्ट सं. 34 सतह पर दिखाई देती थी। सतह पर शाफ्ट सं. 34 के मेरे निरीक्षण के दौरान मैं उस क्षेत्र में वन्य वनस्पति देखी जिसके बीच में कहीं कहीं वनस्पति बगीचे थे। मेरे निरीक्षण के दौरान उपस्थित ग्रामीण लोगों ने भी मुझे बताया कि घातक दुर्घटना होने से पहले शाफ्ट सं. 34 सतह पर दिखाई नहीं देती थी।

7.2.5 अगला प्रश्न है कि क्या मो. कालिम (एम डब्ल्यू-17) तथा अन्यों द्वारा उचित प्रयास किए जाने से सतह पर शाफ्ट सं. 34 का पता लगाया जा सकता था। यह माना गया है कि पुरानी योजनाओं से अनुरेखण तथा पुनः अनुरेखण के कारण और सर्वेक्षण की अयथार्थता के कारण प्लान में दर्शाई गई शाफ्ट सं. 34 की स्थिति में गलती होने की संभावना है। चूंकि महावीर खान का सतही क्षेत्र विस्तृत था और उस में कृषि योग्य तथा बंजर भूमि थी, जिसकी कोई प्रमुख सतही विशेषता नहीं थी, इसलिए मिट्टी की असमान परत के नीचे दबी हुई केवल 3 मी. व्यास की शाफ्ट का पता लगाना बहुत आसान न रहा हो। समस्या तभी समझी जा सकती है जब यह देखा जाए कि महावीर खान के छह वर्ग कि. मी. सतही क्षेत्र पर 36 से अधिक भरी हुई शाफ्टें हैं। अतः मेरा विचार है कि सतह पर भरी हुई शाफ्ट सं. 34 का पता लगाना अभिकर्ता एवं प्रबंधक, मो. कालिम (एम डब्ल्यू-17) तथा अन्यों के लिए वास्तव में संभव नहीं था।

7.2.6 मो. कालिम (एम डब्ल्यू-17) तथा अन्य व्यक्तियों ने शाफ्ट सं. 34 की गहराई के संबंध में ए एम पी (दस्तावेज एम/2ए) पर अधिक निर्भर किया परन्तु ए एम पी (दस्तावेज एम/2ए) समीपस्थ 1 व 2 पिट वर्किंग्स का था और न कि शाफ्ट सं. 34 से की गई वर्किंग का ए एम पी (दस्तावेज एम/2ए) में, शाफ्ट सं. 34 को केवल समीपस्थ खान की सतही विशेषता के रूप में दिखाया गया था। दूसरे ए एम पी (दस्तावेज

एम/2ए) में यह रिकार्ड किया गया था कि "पुरानी पिट सं. 34 गहराई 86 फुट करीब करीब स्थिति पुरानी योजना में दी गई। इस प्रकार, ऐसी ए एम पी (दस्तावेज एम/2ए) के आधार पर मो. कालिम (एम डब्ल्यू-17) को पुरानी शाफ्ट सं. 34 तथा इसके केवल नेगा सीम तक विस्तार को अनुमानित स्थिति स्वीकार नहीं करनी चाहिए थी। कोयला खानों में लगभग 28 वर्ष के अनुभव से मो. कालिम (एम डब्ल्यू-17) को इसकी जानकारी अवश्य थी कि गलत प्लान के कारण कोयला खानों में आप्लावन के कारण पहले कई दुर्घटना हुई हैं। इस परिप्रेक्ष्य में उसे तथा सुरक्षा अधिकारी, श्री पी एल बैनर्जी, (एम डब्ल्यू-16) को ए एम पी (दस्तावेज एम/2ए) के आधार पर शाफ्ट सं. 34 के नेगा सीम से आगे न बढ़ने के बारे में आश्वस्त नहीं होना चाहिए था।

7.2.7 जलप्लावित नेगा सीम के नीचे नारायणकुरी सीम को विकसित करने की अनुमति देते समय, खान सुरक्षा महानिदेशक ने पूर्व बरमा छिद्रों की व्यवस्था शामिल की थी यद्यपि प्रासंगिक अनुमति के लिए आवेदन करते समय तत्कालीन अभिकर्ता ने ऐसे बरमा छिद्रों के बारे में छूट की मांग की थी। स्पष्टतः खान सुरक्षा महानिदेशक को नारायणकुरी सीम में पुरानी वर्किंग्स की संभावना की आशंका थी और ए एम पी (दस्तावेज एम/2ए) पर विश्वास नहीं था यह एक और कारण था कि मो. कालिम (एम डब्ल्यू-17) तथा श्री पी. एल बैनर्जी को बहुत ध्यानपूर्वक आगे बढ़ना चाहिए था क्योंकि 40 डिप ऑफ 28 लेवल ऐसा स्थान था जहां पुरानी शॉफ्ट सं. 34 के होने की संभावना थी। यह सच है कि योजना (दस्तावेज एम/XI) में दी गई पुरानी शॉफ्ट सं. 34 की ओर 27 लेवल फेस से एक लम्बा बरमा छिद्र ड्रिल किया गया यद्यपि बरमा छिद्र ने इसे अन्तर्रोधित नहीं किया। परन्तु यह निर्णायक साक्ष्य नहीं हो सकता था कि शॉफ्ट सं. 34 नारायणकुरी सीम तक बढ़ी हुई नहीं थी। इस बात की काफी संभावना है कि लम्बा बरमा छिद्र केवल 3 मी. व्यास की शॉफ्ट को अन्तर्रोधित न कर सके जैसा कि इस मामले में हुआ। मो. कालिम (एम डब्ल्यू-17) तथा श्री पी. एल बैनर्जी (एम डब्ल्यू 16) को इतना अनुभव अवश्य था कि उनको इस बात की जानकारी थी।

7.2.8 दुर्घटना स्थल की योजना (दस्तावेज एम/12) से पता चलता है कि शॉफ्ट सं. 34 को वर्किंग प्लान (दस्तावेज एम/11) पर दी गई स्थिति 6.5. मी. दक्षिण पश्चिम में शिफ्ट हो गई। इस प्रकार अभिकर्ता एवं प्रबंधक मो. कालिम (एम डब्ल्यू-17) तथा श्री पी एल बैनर्जी, सुरक्षा अधिकारी (एम डब्ल्यू-16) ने एकल लम्बे बरमा छिद्र द्वारा उपलब्ध कराये गये आंकड़ों पर निर्भर रह कर गलती की कि शॉफ्ट सं. 34 नारायणकुरी सीम तक बढ़ी नहीं है।

7.2.9 अब एक प्रश्न उठता है कि कब और कैसे से शॉफ्ट सतह पर दिखाई दी। 13 नवम्बर, 1989 की प्रातः को दुर्घटना होने के शीघ्र बाद भरी हुई शॉफ्ट सं. 34 सतह पर दिखाई दी। थोड़ी देर बाद शॉफ्ट सं. 34 के निकट सतह पर धसकन तथा गड्ढे हो गए। इस बात की काफी संभावना है कि जब पानी नेगा सीम से निकल कर नारायणकुरी सीम की ओर बहने लगा तो पलस्तर जिससे शॉफ्ट भरी हुई थी, खुल गया और सतह पर शॉफ्ट सं. 34 दिखाई देने लगी।

7.3.1 अब मुझे यह विश्लेषण करने दें कि क्या घातक दुर्घटना से एक दम पहले 40 डिप ऑफ 28 लेवल पर पानी का कोई असामान्य रिसाव था। यह माना गया है कि सीम की ओर पानी का असामान्य रिसाव यह सुस्पष्ट चेतावनी है कि वर्किंग्स किसी जलाप्लावित क्षेत्र की ओर जा रही है। कर्मचारी यूनियनों ने बताया कि वर्किंग्स के पुरानी शॉफ्ट सं. 34 के निकट होने के समय पानी का रिसाव अधिक था, परन्तु अभिकर्ता एवं प्रबंधक मो. कालिम (एम डब्ल्यू-17) तथा अन्य अधिकारियों का कहना था कि पानी का रिसाव सामान्य था। को. खान वि. 1957 के विनियमन 127 में अन्य बातों के साथ-साथ यह व्यवस्था की गई है कि यदि किसी वर्किंग्स में किसी स्थान पर सीम की ओर पानी के असामान्य रिसाव का पता चलता है या यदि ऐसा कोई आशंका या संदेह है तो ऐसी वर्किंग्स को तत्काल बन्द कर दिया जाएगा और ऐसे रिसाव की सूचना तत्काल खान सुरक्षा महानिदेशक को दी जाएगी। तथा ऐसी वर्किंग्स का और विस्तार खान सुरक्षा महानिदेशक की लिखित पूर्व अनुमति तथा उसमें विनिर्दिष्ट शर्तों के अध्यधीन किया जाएगा।

7.3.2 नारायणकुरी सीम की वर्किंग्स सामान्यतः शुष्क है। 1 दिसम्बर, 1988 में पुरानी शॉफ्ट सं. 33 और 34 के निकट विकास कार्य करते समय पूर्व अभिकर्ता श्री के. के. दास (एम डब्ल्यू-18) ने 26, 27 तथा 28 लेवल्स ऑफ 39 डिप की फलकों (फेसिस) में पानी के असामान्य रिसाव की ओर ध्यान दिया। सर्वेक्षक, श्री पी. एन. ठक्कर (एम डब्ल्यू-15) ने पानी के इस असामान्य रिसाव की और वर्किंग्स के पुरानी शॉफ्ट सं. 34 की ओर जाने के बारे में अपनी सांविधिक सर्वेक्षण डायरी में लिखा। को. खा. वि. 1957 के विनियमन 19 के अधीन अपेक्षानुसार डायरी पर प्रबंधक मो. कालिम (एम डब्ल्यू-17) द्वारा प्रति हस्ताक्षर किए गए। पूर्व अभिकर्ता श्री के. के. दास (एम डब्ल्यू-18) ने भी उन फलकों में पानी के असामान्य रिसाव को देखा तथा इसे अपनी निरीक्षण रिपोर्ट पुस्तक (दस्तावेज डब्ल्यू-15) में लिखा। इस क्षेत्र में वर्किंग्स बन्द कर दी गई तथा खान सुरक्षा महानिदेशक को सूचित कर दिया गया। इसके पश्चात् पूर्व अभिकर्ता, श्री के. के. दास (एम डब्ल्यू/18) ने 19 जनवरी, 1988 को खान सुरक्षा महानिदेशक को लिखे अपने पत्र (दस्तावेज एम/5) में बताया कि उक्त रिसाव को ध्यान में रखते हुए उससे पहले खान सु. महा. द्वारा अनुमोदित की गई। (दस्तावेज एम/5) शॉफ्ट सं. 33 और 34 के निकट विकास परियोजनाओं में परिवर्तन का पता लगाया तथापि श्री के. के. दास (एम डब्ल्यू-18) ने अपनी निरीक्षण रिपोर्ट (दस्तावेज डब्ल्यू/5) में लिखा कि 13 जनवरी, को देखा गया रिसाव 28 जनवरी, 1988 को रिपोर्ट प्रस्तुत करते समय कम हो गया था। परन्तु उसकी टिप्पणी सरसरे अनुमान पर आधारित थी न कि वास्तविक माप पर। श्री के. के. दास (एम डब्ल्यू/18) ने अपने बयान में यह भी कहा कि 27 लेवल पर छत में दरार से पानी का रिसाव हो रहा था। यदि यह ऐसा था तो उसने अपनी निरीक्षण रिपोर्ट (दस्तावेज डब्ल्यू-5) में यह भी रिकार्ड किया होता। उसने ऐसा नहीं किया इसके विपरीत उसने लिखा कि छत और दीवारें (साइड) अच्छी थीं। इसके अतिरिक्त, श्री के. के. दास (एम डब्ल्यू-18) का वर्किंग्स योजना (दस्तावेज एम/11) में दी शॉफ्ट सं. 34 की स्थिति की ओर 27 लेवल ऑफ 39 डिप से ड्रिल किए गए एक लम्बे बरमा छिद्र का पता लगा। तथापि, शॉफ्ट सं. 34 बरमा छिद्र से जुड़ी नहीं था जैसा कि पहले बताया गया है। फिर भी श्री के. के. दास (एम डब्ल्यू-18) ध्यान पूर्वक आगे बढ़ा और उस क्षेत्र में और विकास कार्य नहीं किया तथा पुरानी शॉफ्ट सं. 34 से लगभग 100 मी. दूर संशोधित परियोजना में कार्य करने के लिए जनवरी, 1988 में खा. सु. महा. की फिर से अनुमति ली। प्रश्न यह है कि श्री के. के. दास (एम डब्ल्यू-18) ने जनवरी, 1988 के बाद 27 लेवल पर वर्किंग्स पर और कार्य क्यों नहीं किया। स्पष्ट था कि 27 लेवल पर पानी का रिसाव इतना अधिक था कि उसने नई परियोजना की वर्किंग्स के लिए खा. सु. महा. की अनुमति ली। श्री के. के. दास (एम डब्ल्यू-18) ने अपने बयान में बताया था कि वह 27 लेवल पर एक लम्बा बरमा छिद्र करके पानी के रिसाव का मूल्यांकन करने के लिए अधिक समय चाहता था। अतः श्री के. के. दास (एम डब्ल्यू-18) की कार्य प्रणाली में सावधानी पश्चात् पूर्व अभिकर्ता, श्री के. के. दास (एम डब्ल्यू 18) ने 19 जनवरी, 1988 को खान सुरक्षा महानिदेशक को लिखे अपने पत्र (दस्तावेज एम 5) में बताया कि उक्त रिसाव के स्थान को ध्यान में रखते हुए उससे पहले खान सुरक्षा महानिदेशक द्वारा अनुमोदित की गई (दस्तावेज एम/5) से शॉफ्ट सं. 33 और 34 के निकट विकास परियोजनाओं में परिवर्तन का पता लगाया। तथापि श्री के. के. दास (एम डब्ल्यू-18) ने अपनी निरीक्षण रिपोर्ट (दस्तावेज डब्ल्यू/5) में लिखा कि 13 जनवरी, को देखा गया रिसाव 28 जनवरी, 1988 को रिपोर्ट प्रस्तुत करते समय कम हो गया था। परन्तु उसकी टिप्पणी सरसरे अनुमान पर आधारित थी न कि वास्तविक माप पर। श्री के. के. दास (एम डब्ल्यू-18) ने अपने बयान में यह भी कहा कि 27 लेवल पर छत में दरार से पानी का रिसाव हो रहा

था। यदि यह ऐसा था तो उसने अपनी निरीक्षण रिपोर्ट (दस्तावेज डब्ल्यू 5) में यह भी रिकार्ड किया होता। उसने ऐसा नहीं किया इसके विपरीत उसने लिखा कि छत और दीवारें (साईड्स) अच्छी थीं। इसके अतिरिक्त श्री के के दास (एम डब्ल्यू 18) को वर्किंग योजना (दस्तावेज एम/11) में दी शॉफ्ट सं. 34 की स्थिति की ओर 27 लेवल ऑफ 39 डिप से ड्रिल किए गए एक लंबे बरमा छिद्र का पता लगा। यथापि, शॉफ्ट सं. 34 लम्बे बरमा छिद्र से जुड़ी नहीं थी जैसा कि पहले बताया गया है। फिर भी, श्री के के दास (एम डब्ल्यू 18) ध्यानपूर्वक आगे बढ़ा और उस क्षेत्र में और विकास कार्य नहीं किया तथा पुरानी शॉफ्ट सं. 34 से लगभग 100 मी. दूर संशोधित परियोजना में कार्य करने के लिए जनवरी, 88 में खान सुरक्षा महानिदेशक की फिर से अनुमति ली। प्रश्न यह है कि श्री के के दास (एम डब्ल्यू 18) ने जनवरी, 1988 के बाद 27 लेवल पर वर्किंग पर और कार्य क्यों नहीं किया। स्पष्ट था कि 27 लेवल पर पानी का रिसाव इतना अधिक था कि उसने नई परियोजना की वर्किंग के लिए खा. सु. महा. की अनुमति ली। श्री के के दास (एम डब्ल्यू. 18) ने अपने बयान में बताया था कि-वह 27 लेवल पर एक लम्बा बरमा छिद्र करके पानी के रिसाव का अवलोकन करने के लिए अधिक समय चाहता था। अतः श्री के के दास (एम डब्ल्यू 18) की कार्यप्रणाली में सावधानी सर्वाधिक महत्वपूर्ण थी। जब श्री के.के. दास (एम डब्ल्यू 18) ने सावधान रहने संबंधी इस प्रकार का संकेत दे दिया तो मो. कासिम (एम डब्ल्यू 17) जो श्री के के दास के अधीन महावीर खान का प्रबंधक था और जिसे इस संबंध में सभी विकास कार्यों की जानकारी थी, को खान सु० महा. की अनुमति के बिना नवम्बर 8, 1989 को 40 डिप गैलरी ऑफ 28 लेवल (जो 39 डिप आफ 27 लेवल के बहुत नजदीक थी तथा शाफ्ट सं. 34 के भी नजदीक थी) में कार्य आरम्भ नहीं करना चाहिए था। यह बताना महत्वपूर्ण है कि घातक दुर्घटना 40 डिप गैलरी ऑफ 28 लेवल में कार्य शुरू करने के पांच दिन के बाद हो गई।

7.3.3 इस बात का साक्ष्य विद्यमान है कि 40 डिप फेस ऑफ 28 लेवल को लगभग दो वर्ष बाद 8 नवम्बर, 1989 को दोबारा आरम्भ किया गया। श्री चंदन पाण्डे (एम डब्ल्यू 13) श्री रामशंकर सरकार (एम डब्ल्यू 12) श्री शिवदास चैटर्जी (एम डब्ल्यू 9) श्री मिहिर कुमार चटर्जी (एम डब्ल्यू 10) तथा श्री चन्द्रशेखर बराय (एम डब्ल्यू 14) सहित प्रबंधतन्त्र के अधिकतम साक्षियों ने बताया कि 12 नवम्बर, 1989 को 40 डिप वर्किंग्स से पानी का कोई रिसाव नहीं था। तथापि, श्री गणेश राम (एम.डब्ल्यू 5) ने बताया कि वे कभी-कभी 42 क्रासकट की फलको से रिसने वाले पानी से पानी की बोतलें भरा करते थे। दुर्घटना के दिन तीसरी पारी में 40 डिप के लोडर, श्री नूर मोहम्मद (एम डब्ल्यू 4) ने कहा कि 40 डिप फेस पर कुछ रिसाव के अलावा यह भाग शुष्क था। इसके विपरीत यूनियनों द्वारा पेश किए गए श्री राम चन्द्र महतो (यू डब्ल्यू 4) और श्री मंगी राजभार (यू. डब्ल्यू 5) जैसे साक्षियों ने बताया कि 12 नवम्बर, 1989 की तीसरी पारी में 40 डिप की छत तथा फलक फेस से पानी का रिसाव काफी था। 40 डिप फेस पर सुरक्षित खनन के लिए तत्परवर्ती कोयला धूल को नियंत्रित रखने के लिए पानी छिड़कने की कोई व्यवस्था नहीं थी, यद्यपि यह व्यवस्था इस भाग की अन्य फलकों फेस में की गई थी।

7.3.4 प्रश्न यह है कि क्या घातक दुर्घटना से तत्काल पूर्व 40 डिप फेस ऑफ 28 लेवल पर पानी का रिसाव असामान्य था। यदि यह असामान्य था, तो अभिकर्ता एवं प्रबंधक मो. कासिम (एम डब्ल्यू 17) और उनके अधीन अन्य अधिकारियों को अप्रत्याशित वर्किंग्स के होने की पूर्व चेतावनी लेना चाहिए था और यथावश्यक पूर्व सावधानी बरतना चाहिए था। यद्यपि प्रबंधतन्त्र के अधिकतम साक्षियों (अर्थात् एम डब्ल्यू एस) ने बताया कि पानी का कोई असामान्य रिसाव नहीं था, लेकिन कामगार यूनियन के सभी साक्षियों (अर्थात् यू डब्ल्यू एस) ने घातक दुर्घटना से तत्काल पूर्व 40 डिप फेस पर पानी के असामान्य रिसाव के बारे में बताया। तथापि, कामगार यूनियन के साक्षियों द्वारा पानी के रिसाव की मात्रा अलग-अलग बताई गई। श्री रामचन्द्र महतो (यू डब्ल्यू 4) ने पानी के अधिक रिसाव के बारे में बताया जिससे सामान्य वर्किंग पर प्रभाव पड़ा। श्री मंगी राजभार (यू डब्ल्यू 5) जो अब सेवा निवृत्त हो गए हैं का बयान था कि दुर्घटना से पहले 40 डिप फेस पर पानी का रिसाव असामान्य था जो फुहारे की तरह लगता था। मुझे लगा कि श्री मंगी राजभार (यू डब्ल्यू 5) अपक्षपाती तथा विश्वसनीय साक्षी है। मैं उसके व्यवहार तथा सीधे सादे और सरल उत्तरों से प्रभावित हुआ। घातक दुर्घटना से पहले 40 डिप फेस पर पानी के असामान्य रिसाव के बारे में उसके कथन पर मेरा विश्वास है और मेरा विचार है कि मो. कासिम (एम डब्ल्यू 17) और उनके अधीन अन्य अधिकारियों को नारायणकुरी सीम जो अन्यथा शुष्क थी में जलाप्लावित क्षेत्र में वर्किंग जाने की पर्याप्त जानकारी थी। स्वाभाविक है कि वर्किंग्स के इतने अधिक निकट जलाप्लावित शाफ्ट के होने से 40 डिप फेस पर पानी का असामान्य रिसाव हुआ।

7.3.5 पूर्व अभिकर्ता, श्री के. के. दास (एम डब्ल्यू 18) और मो. कासिम (एम डब्ल्यू 17) ने बताया कि 26, 27 तथा 28 लेवल की छत, जहां से वर्ष 1988 में पानी का रिसाव हुआ, खराब थी और इसके लिए ठोस टेक (सपोर्ट) की आवश्यकता थी। तथापि दुर्घटना के पश्चात् इन वर्किंग्स के मेरे निरीक्षण के दौरान न तो छत में दरार और न छत खराब थी तथा न ही ठोस टेक लगी हुई थी। यह छत उस भाग की अन्य वर्किंग्स की तरह सामान्य प्रतीत होती थी। उस क्षेत्र की योजना (दस्तावेज एम 11) में भी भौगोलिक बाधा के होने का पता नहीं चलता था। मैंने भी 27 लेवल ऑफ 39 डिप विशेषकर जहां 1988 में विकसित फ्लैंक बरमा छिद्र ड्रिल किए गए थे, की दीवार पर रह गए पानी के रिसाव के निशान देखे थे अतः वर्ष 1988 में 27 लेवल पर पानी का असामान्य रिसाव किसी भौगोलिक बाधा के कारण नहीं था बल्कि यह इसलिए था कि वर्किंग्स जलाप्लावित शाफ्ट सं. 34 के अधिक निकट क्षेत्र की ओर बढ़ रही थी।

7.3.6 जैसा कि पहले ही बताया जा चुका है कि जनवरी, 1988 में पानी के असामान्य रिसाव के कारण 40 डिप की वर्किंग को बन्द कर दिया गया था और इस रिसाव को सांविधिक पुस्तक में रिकार्ड किया गया था तथा खान सुरक्षा महानिदेशक को भी सूचित कर दिया गया था। अतः को. खा. वि. 1957 के विनियम 127 (5) की अपेक्षानुसार खा. सु. महा. की लिखित अनुमति के बिना मो. कासिम (एम डब्ल्यू 17) को भी 8 नवम्बर, 1989 को 40 डिप फेस आफ 28 लेवल को दोबारा शुरू करने का अधिकार नहीं था इस पर श्री पी एन बनर्जी, सुरक्षा अधिकारी (एम डब्ल्यू 16) द्वारा भी आपत्ति नहीं की गई जो जिसका प्रमुख कर्तव्य खान में सुरक्षा सुनिश्चित करना था। श्री के दत्ता (एम डब्ल्यू 15) सहायक प्रबंधक ने भी यह जानते हुए भी विरोध नहीं किया कि 40 डिप आफ 28 लेवल ऐसा क्षेत्र है जहां पानी का अत्यधिक रिसाव है जहां कि वर्ष 1988 में काम बन्द कर दिया गया था और इस क्षेत्र में काम शुरू किया जाना खा. सु. महा. की वर्किंग अनुमति के अधीन नहीं आता।

7.4.1 अब पुरानी शाफ्ट सं. 34 का पता लगाने के लिए वर्ष 1988 का में ड्रिल किए गए लम्बे बरमा छिद्र के बारे में साक्ष्य का विश्लेषण इस प्रकार है। जनवरी 1988 में 26-27 तथा 28 लेवल फलकों (फेसिस) पर पानी का रिसाव हुआ और सर्वेक्षक श्री पी एन जकर (एम डब्ल्यू 16) ने इसे तत्कालीन प्रबंधक मो. कासिम (एम डब्ल्यू 17) और पूर्व अभिकर्ता श्री के. के. दास (एम डब्ल्यू 18) को बताया कि वर्किंग्स शाफ्ट सं. 34 की ओर जा रही है। इस प्रकार पुरानी शाफ्ट सं. 34 की अनुमानित स्थिति की ओर 27 लेवल आफ 39 डिप से एक लम्बा बरमा छिद्र ड्रिल किए जाने का प्रस्ताव किया गया। इस लम्बे बरमा छिद्र को ड्रिल करने का उद्देश्य था कि शाफ्ट सं. 34 का पता लगाया जाए ताकि खा. सु. महा. की लिखित अनुमति

(दस्तावेज एम/6) की शर्तों का अनुपालन भी किया जाए। श्री पी.एल. ठक्कर निरीक्षक (एम डब्ल्यू 15) ने बरमा छिद्र की दिशा बताई जिससे कि यह नारायणकुरी सीम में शाफ्ट नं. 34 को अन्तर्रोधन कर सके। उसने 27 लेवल ऑफ 39 डिप फेस की स्थिति के अनुरूप खान वर्किंग प्लान (दस्तावेज एम/11) पर दर्शाई गई शाफ्ट नं. 34 की स्थिति पर आधारित बरमा छिद्र की दिशा तथा लम्बाई का अनुमान लगाया। सर्वेक्षक द्वारा अंकित दिशा के आधार पर ड्रिलर श्री रमेश मांझी (एम डब्ल्यू 8) ने 27 लेवल के फेस के लगभग मध्य में 133 फुट (40मी.) लम्बा छिद्र ड्रिल किया। ड्रिलिंग कार्य श्री पी एल बैनर्जी (एम डब्ल्यू 16) की देख रेख में किया गया। श्री पी एल ठक्कर (एम डब्ल्यू 15) ने लम्बे बरमा छिद्र की लम्बाई आदि तथा इसकी दिशा का सत्यापन किया मैंने दुर्घटना स्थल के निरीक्षण के दौरान उक्त लम्बा बरमा छिद्र को देखा इस प्रकार मेरा समाधान हो गया है कि लम्बे बरमा छिद्र को शाफ्ट सं. 34 का पता लगाने के लिए वास्तव में वर्ष 1989 में ड्रिल किया गया।

7.4.2 मो. कासिम (एम डब्ल्यू 17) ने खान वर्किंग प्लान (दस्तावेज एम/11) में दर्शाई गई शाफ्ट सं. 33 और 34 की स्थिति में गलती की संभावना को स्वीकार किया। तथा श्री पी एल बैनर्जी (एम डब्ल्यू 16) ने बताया कि इस लम्बे बरमा छिद्र के सम्भाव्य विचलन को रोकना सम्भव नहीं था और उनके पास यह ज्ञात करने के लिए ऐसा कोई उपकरण उपलब्ध नहीं था कि क्या लम्बा बरमा छिद्र वास्तव में अपने स्थान से हट गया है। श्री पी एल ठक्कर (एम डब्ल्यू 15) ने बताया कि यदि ड्रिलर पर्याप्त सावधानी न बरते तो बरमा छिद्र के विचलित होने की पूरी संभावना थी। इस प्रकार लम्बे बरमा छिद्र के विचलित होने तथा पुरानी शाफ्ट नं. 34 को अन्तर्रोधन न करने की सम्भावना थी। मो. कासिम (एम डब्ल्यू 17) और श्री पी एल बैनर्जी (एम डब्ल्यू 16) के पूर्णतः विश्वस्त होने का कोई आधार नहीं था कि 133 फुट (40 मी.) का लम्बा बरमा छिद्र पुरानी शाफ्ट नं. 34 को पार गया है।

7.4.3 तदोपरान्त, प्रबंधतंत्र द्वारा दुर्घटना स्थल का सर्वेक्षण किया गया तथा एक प्लान (दस्तावेज एम/12) तैयार की गई इसमें बताया गया कि शाफ्ट सं. 34 की वास्तव में खान वर्किंग प्लान (दस्तावेज सं. एम/11) में दर्शाई गई स्थिति से 6.5 मी. दूर थी। अतः लम्बा बरमा छिद्र नारायणकुरी सीम में पुरानी शाफ्ट सं. 34 को अन्तर्रोधन करने में असफल रहा। इस प्रकार, वर्ष 1988 में 27 लेवल पर केवल एक लम्बा बरमा छिद्र ड्रिल करने से सुनिश्चितता की गलत भावना पैदा हो गई कि कि शाफ्ट सं. 34 नारायणकुरी सीम तक नहीं पहुंची है।

7.5.1 28 लेवल पर 40 डिप पर कार्य करने के लिए अभिकर्ता-एवं-प्रबंधक मो. कासिम (एम डब्ल्यू 17) द्वारा खा. सु. महा. की वर्किंग अनुमति प्राप्त किए जाने के बारे में विश्लेषण इस प्रकार है। कर्मचारी यूनियनों द्वारा लिखित आरोप लगाया गया कि खा. सु. महा. की बिना किसी वर्किंग अनुमति के 40 डिप आफ 28 लेवल को 8 नवम्बर 1988 से विकसित किया जा रहा है। दूसरी ओर प्रबंधतंत्र का तर्क था कि उनके पास खा. सु. महा. की वैध अनुमति है और इसलिए 40 डिप आफ 28 लेवल के चालन की अनुमति है।

7.5.2 को. खा. वि. 1957 के विनियमन 127 में अपेक्षा की गई है कि विनिर्दिष्ट शर्तों के अध्यधीन खा. सु. महा. की बिना पूर्व लिखित अनुमति के किसी वर्किंग विस्तार या किसी जलाप्लावित वर्किंग के 60 मी. के अन्दर नहीं किया जाएगा। विनियमन में यह भी अपेक्षा की गई है कि ऐसी किसी वर्किंग के विस्तार की अनुमति के लिए प्रत्येक आवेदन पत्र के साथ प्लान संलग्न किए जाएं जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ प्रस्तावित वर्किंग की रूप रेखा, स्थल तथा विधि दी गई हो। यदि वर्किंग के विस्तार के लिए खा. सु. महा. द्वारा अनुमति दे दी जाती है तो इसका विस्तार पूर्णतः अनुमोदित योजना, विधि और इसमें विनिर्दिष्ट शर्तों के अनुसरण में किया जाएगा। वर्किंग अनुमति में दी गई शर्तों में अभिकर्ता एवं प्रबंधक द्वारा कोई परिवर्तन किए जाने की कोई गुंजाइश नहीं है जब तक ऐसे परिवर्तन को बाकायदा खा. सु. महा. द्वारा अनुमोदित न किया गया हो।

7.5.3 दिसम्बर, 1983 में प्रबंधतंत्र ने मुख्य रेलवे लाइन के दक्षिण में नारायणकुरी सीमा क्षेत्र को विकसित करने की अनुमति के लिए आवेदन किया आवेदन पत्र (दस्तावेज एम 4) के साथ प्रस्तुत की गई योजना में पुरानी शाफ्ट सं. 33 तथा 34 के नीचे विकास की परियोजना दर्शाई गई। इस विकास के लिए खा. सु. महा. के 12 मार्च, 198 के पत्र सं. एस-3/173 (सी डी, एम बी) II-बी 84/1062 (दस्तावेज एम 5) के तहत वर्किंग अनुमति प्रदान की गई थी, इसमें वह क्षेत्र शामिल किया गया था जहां 13 नवम्बर, 1989 को दुर्घटना हुई। वर्किंग अनुमति में अपेक्षा की गई थी कि पुरानी शाफ्ट बनाए गए स्तम्भ के ऊपर हो। इस अनुमति के अनुसार ठोस स्तम्भों में शाफ्ट को रोकते हुए शाफ्ट सं. 33 तथा 34 की स्थिति में पड़े 26 लेवल तथा 31 लेवल के बीच के क्षेत्र को विकसित किया जा सकता था। इस प्रकार, वर्ष 1984 में वर्किंग अनुमति प्रदान करते समय, खान सुरक्षा महानिदेशक ने भी सुरक्षा पूर्वोपायों की ओर पर्याप्त ध्यान दिया था।

7.5.4 तथापि, पूर्व अभिकर्ता, श्री के. के. दास (एम डब्ल्यू 18) ने 19 जनवरी, 1988 के अपने पत्र सं. ई सी एल : एस-पी डी-ई-सी 88/198 में पुरानी शाफ्ट सं. 34 के निकट 26 लेवल आफ 38 डिप तथा 27 लेवल आफ 39 डिप की दरारों (क्रिप) में पानी के असामान्य रिसाव को ध्यान में रखते हुए खा. सु. महा. से विकास परियोजनाओं में परिवर्तन की अनुमति मांगी।

7.5.5 योजना के प्रोजेक्शन की तुलना 1983 (प्रदर्श-एम/4) के लिए अनुमति के अनुप्रयोग के साथ 1988 (प्रदर्श-एम/7) से करने पर पता चलता है कि संशोधित प्रोजेक्शन (प्रदर्श-एम/7) में 26 और 31 स्तरों के बीच किए जा रहे कार्य को पुराने शाफ्ट सं-33 एवं 34 की ओर आगे नहीं किया जाना चाहिए था। पुराने शाफ्टों को 32 स्तर से क्रास-कट के बाद बाईपास किया जाना था। 41 क्रास कट नामक अगले क्रास कट को शाफ्ट सं.-33 से 45 मीटर की दूरी पर और शाफ्ट सं-34 से 100 मीटर की दूरी पर हटाया जाना था 41 क्रास कट के गहराई वाले भाग का आगे विकास करने का प्रस्ताव नहीं था।

7.5.5 खान सुरक्षा महा. के दिनांक 2 मार्च, 1988 (प्रदर्श-एम/8) के अपने पत्र सं.-एस-3/22.03/062/II ए/88/623 में नए प्रोजेक्शन (प्रदर्श-एम/7) के अनुसार नारायणकुरी सीम का विकास करने के लिए संशोधित अनुमति दी थी। तथापि, खान सुरक्षा महा. के पूर्व अनुमति सं.-1062 दिनांक 12 मार्च, 1984 (प्रदर्श-एम/5) में निर्धारित शर्तों को बदला नहीं गया था।

7.5.6. पूर्व एजेंट, श्री के. के. दास (एम. डब्ल्यू-18), प्रबंधक, मु. कासिम (एम. डब्ल्यू. 17), सुरक्षा अधिकारी श्री पी. एल. बनर्जी (एम. डब्ल्यू. 16) का यह विचार था कि 1984 की अनुमति (प्रदर्श-एम 15) द्वारा मंजूर की गयी विकास का प्रोजेक्शन तब भी वैध था जब उन्होंने विशेष कारणों से प्रोजेक्शन (प्रदर्श-एम/7) में संशोधन के लिए इच्छा व्यक्त की थी और तदनुसार उनको 1988 (प्रदर्श एम 8) की अनुमति मिली थी। दूसरे शब्दों में, 1988 की अनुमति 1984 का अनुमति का अतिक्रमण नहीं करती थी और इसलिए नवम्बर 8, 1989 से 28 स्तर पर 40 डिप का विकास अनुमति प्राप्त क्षेत्र में किया गया था। मेरे विचार से खान सुरक्षा महा. के लिए "1984 की अनुमति" से तात्पर्य करते हुए यह उल्लेख करना आवश्यक नहीं था कि "1984 की अनुमति" रद्द की गयी थी। इस प्रकार का स्पष्टीकरण स्वतः स्पष्ट था, क्योंकि पूर्व एजेंट श्री के. के. दास (एम डब्ल्यू 18) ने स्वयं शाफ्ट सं.-34 के समीप 26 [illegible] 27 [illegible] के पास [illegible]

रिसने की घटना को देखते हुए संशोधन का अनुरोध किया था । इसके अलावा, प्रबंधन का यह कथन कदापि मानने योग्य नहीं है, क्योंकि यथोक्त विनियमन 127 (5) में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यदि ज्यादा पानी रिसने के कारण किसी विशेष क्षेत्र में एक बार कार्य रोक दिया जाता है तो उस क्षेत्र में दुबारा कार्य तब तक नहीं शुरू किया जाएगा, जब तक खान सुरक्षा महानिदेशालय से लिखित रूप में नयी अनुमति प्राप्त न हो जाए । इस मामले में, खान सुरक्षा महानिदेशालय ने कोई नयी अनुमति नहीं दी थी । अतः 28 स्तर के 40 डिप के पास 8 नवंबर 1989 से खनन कार्य शुरू करना, जिसको जनवरी, 1988 में ज्यादा पानी रिसने के कारण बंद कर दिया गया था, बिल्कुल गलत था । मो. कलीम (एम. डब्ल्यू. 17) श्री पी. एन. बनर्जी (एम. डब्ल्यू 16) और श्री के. दत्त (एम. डब्ल्यू. 18) वरिष्ठ और उत्तरदायी अधिकारी हैं और इनके पास प्रबंधक कुशलता का प्रमाणपत्र है । इन अधिकारियों को विनियम के इस पहलू को महसूस करना चाहिए था ।

7.5.5 प्रबंधन का यह कहना है कि जब पानी जमाव क्षेत्र एक ही सीम में स्थित होता है, तब यह आवश्यक होता है कि एक बीच का बोरहोल और अनेक अगल बगल बोरहोल ड्रिल किया जाए, लेकिन यदि प्रस्तावित कार्यक्षेत्र के ठीक ऊपर पानी जमाव स्थल विद्यमान है तो 3 मीटर लंबे अगल बगल बोरहोल बनाना अनावश्यक होता है और आगे किसी भूवैज्ञानिक खतरे की संभावना का पता लगाने के लिए केवल एक बीच का बोरहोल बनाना अपेक्षित होता है । लेकिन इस दलील में ज्यादा दम नहीं है, जैसा कि आगे के विश्लेषण से स्पष्ट हो जाएगा ।

7.5.6 नेगा और नारायणकुरी सीम के बीच का अंतर केवल 24 मीटर है और एक अज्ञात गहराई का पुराना शाफ्ट है, जो शायद नारायणकुरी सीम तक बढ़ गया हो । नारायणकुरी सीम तक एक पुराने शाफ्ट या ऊपर वाले सीम के पिलरों के माध्यम से नारायणकुरी सीम में पुराने कार्यक्षेत्रों के होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता । अतः यह माना नहीं जा सकता, जैसा कि प्रबंधन का कथन है, कि पानी जमाव क्षेत्र केवल ऊपर वाले सीम में स्थित था और इस प्रकार आगे अगल बगल छेद करना आवश्यक नहीं था । खान सु. महानिदेशालय की अनुमति (प्रदर्श एम/5) में इन सभी संभावनाओं का ध्यान रखा जाना था, क्योंकि खान सुरक्षा महा. ने सेन्ट्रल बोरहोल के साथ उचित संख्या में अगल बगल भी बोरहोल बनाने का आदेश दिया था ।

7.5.7 इसका यदि विस्तृत रूप से वर्णन किया जाए तो इस प्रकार है :— सतग्राम खान के नारायणकुरी सीम के लिये खान सुरक्षा महा. की 1984 और 1988 में दी गयी कार्य अनुमति पूर्णतया विनियमन 127(6) (क) के अनुसार थी, जिसके द्वारा यह अपेक्षित था कि जब पानीजमाव क्षेत्रों की ओर कार्य बढ़ाया जाये तो कार्यस्थल के मध्य भाग के समीप कम से कम एक बोरहोल बनाया जाये और दोनों ओर उचित संख्या में फ्लैंक बोरहोल बनाये जायें, और जहां आवश्यक हो कार्य स्थल के ऊपर और नीचे भी बोरहोल बनाये जायें जिनकी एक दूसरे से दूरी 5 मीटर से ज्यादा न हो । ऐसे सभी बोरहोल बनाए जाए और कार्यस्थल के पहले उचित दूरी से इस पर ध्यान रखा जाये और किसी भी मामले में यह दूरी 3 मीटर से कम न हो । इन प्रावधानों का पालन विशेष रूप से इस उद्देश्य के लिये प्राधिकृत खान अधिकारी द्वारा, जिसके पास प्रबंधक या ओवर मैन का प्रमाणपत्र हो, किया जाना अपेक्षित है । संगत विनियमन के अन्तर्गत, कार्यस्थलों की ऊंचाई और चौड़ाई तथा बोरहोल की संख्या उनकी लंबाई और दिशा का रिकार्ड एक रजिस्टर में दर्ज किया जाना अपेक्षित है और इस रजिस्टर पर प्रतिदिन इस उद्देश्य के लिये प्राधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर और प्रबंधक द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किया जाना होता है । इन रिकार्डों का पालन मो. कलीम एजेंट-सह प्रबंधक (एम. डब्ल्यू-17) और उनके अधीनस्थ कार्य कर रहे कर्मचारियों द्वारा नहीं किया गया ।

7.6.1 अब मुझे सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण मुद्दे से संबंधित साक्ष्यों का विश्लेषण करना है कि क्या 8 नवम्बर 1989 से शुरू किए गए चालीसवें डिप के मुहाने पर किये जा रहे कार्य में सेन्ट्रल और फ्लैंक बोरहोल्स की उचित सुरक्षा थी मोहम्मद कलीम (एम. डब्ल्यू 17) ने यह कहा है कि खान सुरक्षा महानिदेशक की कार्य अनुमति तथा कोयला खान नियमावली, 1957 के विनियमन 127 की अपेक्षाओं का पालन सुनिश्चित करने के क्रम में उन्होंने ड्रिलिंग मशीन जनशक्ति और पर्यवेक्षण जैसी आवश्यक अन्य संरचनाओं की व्यवस्था की थी । एडवांस बोरहोल को सामान्य कोयला ड्रिलों से ड्रिल किया गया था । इस प्रक्रम में मुहाने पर एक सेन्ट्रल बोरहोल और मुहाने से 45° पर दो फ्लैंक बोरहोल शामिल थे । फ्लैंक होल की लंबाई 3 मीटर से 3.6 मीटर तक थी और इसके दोनों रिबों में ड्रिल किया गया था । होल ड्रिल करने के उद्देश्य से 1.8 मीटर 3.6 मीटर और 5.4 मीटर की लम्बाई वाले स्टील ड्रिलों के तीन सेटों सहित एक कोयला ड्रिल का प्रावधान किया गया था ।

7.6.2 इस बात के प्रमाण हैं कि जून 1989 तक एडवांस ड्रिलिंग गैंग की सुविधा नियमित रूप से उपलब्ध करवाई गई थी । ड्रिलिंग गैंग के ये कर्मकार, जिनको ड्रिलर कहा जाता है के नाम श्री कुलदीप दास (यू डब्ल्यू 1) भारी दुसाद और बिंदु बावरी थे । यह ड्रिलिंग गैंग प्रथम पारी के आरम्भिक घंटों में डिप में पहुंच जाया करता था और बढ़ाए जाने के लिए प्रस्तावित सभी मुहानों से बोरहोल ड्रिलिंग का कार्य उसी दिन समाप्त कर दिया करता था । तथापि जून 1989 में मोहम्मद कलीम (एम. डब्ल्यू 17) एजेंट सह प्रबंधक द्वारा ड्रिलिंग गैंग को भंग कर दिया गया और ड्रिलरों को अन्य कार्यों में लगा दिया गया था । श्री कुलदीप दास (यू डब्ल्यू 1) के अनुसार चूंकि जून 1989 में ड्रिलिंग गैंग को भंग कर दिया गया था इसीलिए कोई एडवांस बोरहोल ड्रिल नहीं किया गया था । मो. कलीम (एम. डब्ल्यू 17) और श्री पी. एन. बनर्जी (एम. डब्ल्यू-16) ने यह कहा है कि जनशक्ति के बेहतर उपयोग के लिये एडवांस ड्रिलिंग गैंग को भंग कर दिया गया था । तथापि एडवांस बोरहोल के ड्रिलिंग का कार्य प्रथम पारी के सामान्य मजदूरों द्वारा किया जा रहा था और ऐसी एडवांस सेन्ट्रल बोरहोल और फ्लैंक बोरहोल का प्रावधान 40 डिप फेस में किया था, जब 8 नवम्बर 1989 से इसको प्रारम्भ किया गया था । उसके बाद प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत गवाहों के अनुसार इन सभी बोरहोल को नियमित रूप से ड्रिल किया जाता था और 12 नवम्बर 1989 को पहली पारी में एडवांस सेन्ट्रल बोरहोल को 3.6 मीटर से 5.4 मीटर तक बढ़ाया गया था 3.0 मीटर से 3.6 मीटर की लम्बाई वाले दो बोरहोल को 40 डिप फेस के रिब में ड्रिल किया गया था । इन एडवांस बोरहोल की ड्रिलिंग श्री मिहिर कुमार चटर्जी (एम. डब्ल्यू-10) और श्री सी. डी. सिंह (एम डब्ल्यू 11), ओवरमैन के पर्यवेक्षण में की गयी थी । उन्होंने सभी एडवांस बोरहोल की लम्बाई को सही पाया था । दूसरी पारी में, श्री शिवदास चटर्जी (एम. डब्ल्यू 9) ओवरमैन ने एडवांस बोरहोल की जांच की और उन्हें पता चला कि इसकी लम्बाई 3.6 मीटर थी । उन्होंने एडवांस फ्लैंक बोर होल की भी जांच की और इसे सही पाया तीसरी पाली में श्री दुखन पाण्डेय, सरदार (एम. डब्ल्यू 13) ने भी 40 डिप फेस के सेन्ट्रल बोरहोल की जांच की और उन्हें पता चला कि इसकी लंबाई 3 मीटर से अधिक थी । शाट फायरर श्री चंद्रधारी बरई (एम. डब्ल्यू 14) ने यह कहा कि दुर्घटना के दिन 40 डिप के फेस में शाट चार्ज करने के पूर्व, उन्होंने अपनी 1.8 मीटर लंबी छड़ी से सभी सेन्ट्रल और फ्लैंक बोरहोल की जांच की थी और उन्होंने आगे कहा कि ये होल उस समय 1.8 मीटर से ज्यादा लम्बे थे । तथापि श्री धनी राजभर (यू. डब्ल्यू. 5), जिन्होंने दुर्घटना के ठीक पहले 40 डिप के शाट-होलों को चार्ज किया था, ने यह कहा कि फेस में की गई एडवांस और फ्लैंक बोरहोल नहीं था । उन्होंने दावा किया कि वे शाट होल और एडवांस बोरहोल में अंतर समझते हैं ।

गनेश राम (एम. डब्ल्यू 5) और श्री राम चंद्र महतो (यू. डब्ल्यू 4) जैसे अन्य गवाहों ने भी फेस में कोई एडवांस होल नहीं देखा।

7.6.3 यहां एक उल्लेखनीय बात यह है कि वैसे सभी व्यक्तियों जिन्होंने यह कहा है कि एडवांस बोरहोल ड्रिल किये गये थे, वे इन होलों को ड्रिल करने वाले एक भी ड्रिलर का नाम तक नहीं बताया। केवल एक गवाह श्री सी. डी. सिंह (एम. डब्ल्यू-11) ने माधुरी पासवान नामक एक ड्रिलर का नाम बताया। लेकिन वे भी उस ड्रिलर के पदनाम के बारे में निश्चित नहीं थे। प्रारंभ में उन्होंने कहा कि यह ड्रिलर एक सामान्य मजदूर है लेकिन बाद में उसका पदनाम ड्रिलर के रूप में बताया। चूंकि एडवांस बोरहोल की ड्रिलिंग नियमित रूप से होती है, जैसा कि एजेंट-सह प्रबंधक मो. कलीम (एम. डब्ल्यू-17) और उनके अधीनस्थ कार्य कर रहे कर्मचारियों का कहना है अतः यह असंभव है कि एजेंट-सह प्रबंधक से नीचे के कर्मचारियों में से किसी को भी, जो 28-स्तर के 40 डिप के एडवांस बोरहोल के पर्यवेक्षण से संबद्ध है, इस एडवांस बोरहोल ड्रिल करने वाले किसी भी व्यक्ति का नाम याद न हो। दूसरी बात यह है कि एक सामान्य कोयला ड्रिल से 5.4 मीटर के एक एडवांस बोरहोल को ड्रिल करने से क्रमिक रूप से ड्रिल रॉड में परिवर्तन होता है। ड्रिल होल को मध्य में ड्रिल किया जाना तथा फेस से 45° पर ड्रिल किया जाना अपेक्षित होता है। अतः इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता है कि एडवांस बोरहोल को ड्रिल करने में उतनी कुशलता चाहिये जितनी की फेस के शाट होल्स को ड्रिल करने के लिये अपेक्षित होती है। यह असंभव है कि यह कार्य नैमित्तिक आधार पर इस काम पर लगाये गये सामान्य मजदूरों से हो सकता है, जैसा कि मो. कलीम, एजेंट-सह प्रबंधक (एम डब्ल्यू 17) और अन्य अधिकारियों का दावा है।

इसके अलावा इस न्यायालय के समक्ष गवाह के रूप में प्रस्तुत किसी भी पर्यवेक्षी अधिकारी ने कोयला खान नियमावली, 1957 के विनियम 127 (6) के अन्तर्गत निर्दिष्ट शर्तों के अधीन एडवांस होल के पर्यवेक्षण का उत्तरदायित्व स्वीकार नहीं किया गया। मो. कलीम (एम. डब्ल्यू 17) ने यह कहा कि उन्हें याद है कि उन्होंने इस उद्देश्य के लिये दो ओवर मैनों को प्राधिकृत किया था, पर वे श्री मुखर्जी को छोड़कर किसी और का नाम नहीं बता सके। तथापि, कोई ऐसे व्यक्ति (अर्थात् श्री मुखर्जी) को प्रबंधक द्वारा गवाह के रूप में पेश नहीं किया गया। श्री मिहिर चटर्जी, ओवरमैन (एम. डब्ल्यू 10) ने एडवांस बोरहोल के पर्यवेक्षण का उत्तरदायित्व केवल उस हद तक स्वीकार किया कि उनको आमतौर पर मो. कलीम (एम. डब्ल्यू 17) एजेंट सह प्रबंधक द्वारा एडवांस बोरहोल के कार्य का पर्यवेक्षण करने को कहा जाता था, पर कोयला खान नियमावली, 1957 के विनियम 127 के अन्तर्गत अपेक्षित तरीके से ऐसे बोरहोल के निरीक्षण के लिये उनको प्राधिकृत नहीं किया गया था। मो० कलीम (एम० डब्ल्यू०17) ने यह स्वीकार किया कि 28 स्तर के बगल वाले 40 डिप या महावीर खान के अन्य कार्य मुहानों पर एडवांस बोरहोल का अनिवार्य रिकार्ड नहीं रखा गया।

7.6.4. एडवांस सेन्ट्रल बोरहोल को 5.4 मीटर लंबा ड्रिल करने और फ्लैंक बोरहोल को 3.0 मीटर से 3.6 मीटर लंबा ड्रिल करने की मानिटरिंग की पद्धति और प्रक्रिया तथा फेस से 45° का स्थान एजेंट-सह प्रबंधक मो. कलीम (एम. डब्ल्यू 17) द्वारा साफ शब्दों में नहीं बताया गया था। साक्ष्यों के विश्लेषण से यह पता चलता है कि जब कभी भी पर्यवेक्षी टास्क फेस पर आता था, तभी वे एडवांस बोरहोल की नाप-जोख करते थे। इसका रिकार्ड रखने और इसको मानिटर करने की कोई नियमित व्यवस्था नहीं थी।

7.6.5 दुर्घटना के बाद 40 डिप फेस के मेरे निरीक्षण के दौरान मैंने फ्लैंक बोर होल गैलरी के शुरू में एक को छोड़कर, के किसी प्रमाण को नहीं देखा। ये फ्लैंक बोरहोल यदि ड्रिल किए जाते हैं तो उन्हें खेमे में छोड़ दिया जाता है। इस मुद्दे पर न्यायालय के प्रश्न के उत्तर में श्री पी. एल. बनर्जी (एम. डब्ल्यू 16) और श्री के. दत्ता (एम. डब्ल्यू 19) ने यह कहा कि जब पानी का सोता फूटा तो फ्लैंक बोरहोल पानी में डूब गये और पानी के कारण इनका निशान मिट गया। तथापि, 40 डिप की चौड़ाई किसी के अन्य गैलरी की तरह ही है, अर्थात करीब 4.2 से 4.5 मीटर इसकी चौड़ाई है। किनारे और छत सामान्यतः उसी तरह उबड़ खाबड़ दिखायी देती है, जैसा कि कोई गैलरी ब्लास्टिंग के बाद विकसित की जाती है। अतः श्री पी. एल. बनर्जी (एम० डब्ल्यू-16) तथा प्रबंधतंत्र और इंडियन माइन मैनेजर्स एसोसियेशन का यह कथन, कि फ्लैंक बोर होल का नामोनिशान पानी के प्रवाह से मिट गया, विश्वास करने योग्य नहीं है। इसी तरह, अन्दर आने वाले पानी के प्रवाह के कारण कीचड़ और कोयला चूर्ण से फ्लैंक बोर होल के बंद हो जाने की संभावना का भी स्वीकार नहीं किया जा सकता क्योंकि दुर्घटना स्थल पर मेरे द्वारा किये निरीक्षण संबंधी विश्लेषण से इस बात की पुष्टि नहीं होती।

7.6.6 दुर्घटना स्थल पर निरीक्षण के दौरान किए गये विश्लेषण के आधार पर, जिससे साफ पता चलता है कि फ्लैंक बोर होल नहीं किये गये थे, श्री मंगो राजभर जैसे प्रत्यक्षदर्शी गवाह (यू डब्ल्यू. 5), बोरहोल के न्यूनतम अनिवार्य रिकार्ड प्रस्तुत करने में खान प्रबंधन की असफलता और ऐसे किसी भी एक गवाह को पेश नहीं किया जाना जिसने वास्तव में एडवांस बोरहोल ड्रिल किया हो, मेरा यह विचार है कि दुर्घटना की तारीख 12 नवम्बर 1989 को 40 डीप फेस में कोई एडवांस सेन्ट्रल और फ्लैंक बोरहोल ड्रिल नहीं किया गया था. यह कोयला खान नियमावली, 1957 के विनियम 127(6) का पूर्ण रूप से जानबूझकर किया गया उल्लंघन था।

7.6.7 दुर्घटना स्थल पर अपने निरीक्षण के दौरान मैंने देखा कि 40 डिप गैलरी किसी की किसी अन्य गैलरी से भिन्न नहीं है। फ्लैंक होल की व्यवस्था वाले समीप के अन्य गैलरियों सहित किसी अन्य गैलरी की चौड़ाई, ऊंचाई और रूपरेखा है। 40 डिप गैलरी की किनारों में, गैलरी के आरंभ एक फ्लैंक बोरहोल को छोड़कर कोई अन्य फ्लैंक बोरहोल होने का कोई प्रमाण नहीं है।

7.6.8 मेरे विचार में श्री पी. एल. बनर्जी (एम. डब्ल्यू.-16) श्री सी. डी. सिंह (एम डब्ल्यू-11) श्री मिहिर कुमार चटर्जी (एम. डब्ल्यू 10), श्री चंद्रधारी बराई (एम. डब्ल्यू 14) और श्री के. दत्ता का यह कथन कि 4.2 मीटर की सामान्य चौड़ाई के मुकाबले 40 डिप गैलरी चौड़ाई केवल 3 मीटर थी, असत्य थी। यह कथन संभवतः इस बात को न्यायोचित ठहराने के उद्देश्य से दिया गया था कि 40 डिप में बनाये गये फ्लैंक बोरहोल अन्दर आने वाले पानी के कारण सपाट हो गये थे जिससे अन्ततः इसकी चौड़ाई 4.2 मीटर हो गई।

7.7.1 दुर्घटना स्थल का प्लान 40 डिप गैलरी में तीव्र घुमाव प्रदर्शित करता है, जो शाफ्ट सं. 34 से तनेक्शन के समीप है। श्री के. दत्ता (एम डब्ल्यू 19), श्री मिहिर कुमार चटर्जी (एम डब्ल्यू 10) श्री सी. डी. सिंह (एम. डब्ल्यू 11), श्री दूवनु पांडेय (एम डब्ल्यू 13) और श्री चन्द्रधारी बराई (एम. डब्ल्यू 14) जैसे प्रबंधन की तरफ गवाहों ने यह बयान दिया है कि दुर्घटना के दिन फेस के पीछे 40 डिप गैलरी की मध्य रेखा ज्यादा से ज्यादा 3 मीटर से 3.6 मीटर की थी। तथापि सर्वेयर श्री पी. एल. ठक्कर ने यह दावा किया कि 8 नवम्बर 1989 से पुनः शुरू होने के बाद उन्होंने 40 डिप गैलरी के मध्य रेखा की मापजोख जारी नहीं की थी। उन्होंने यह भी बयान दिया कि 8 नवंबर और दुर्घटना वाले दिन 13 नवंबर के बीच उन्होंने कभी भी 40 डिप गैलरी का दौरा नहीं किया। यह हो सकता है कि उनके सहायकों ने मध्य रेखा को आगे बढ़ाया हो, पर इस बारे में भी वे आश्वस्त नहीं थे। गैलरी के ऐसे तीव्र घुमाव के कारणों के बारे में किसी भी गवाह या किसी भी पक्षकार ने कुछ भी नहीं कहा। यह हो सकता है कि प्लान में शाफ्ट सं. 34 का संभावित स्थल का ध्यान रखते हुए इस गैलरी को जानबूझकर घुमाया गया हो ताकि इसके नीचे ड्राईव किया जा सके और यह निश्चित हो सके कि बनने वाला पिलर शाफ्ट के समीप हो। 40 डिप गैलरी के ढाल के पास पुराने शाफ्ट सं. 31

से एक इनसैट की उपस्थिति एवं अन्य संभावना हो सकती है। जब गैलरी का कार्य आगे बढ़ रहा था इनसैट के साथ लगा बैरियर छोटा हो गया और अंततः यह नाकाम हो गया। पुराने और परित्यक्त शाफट से संबंध के परिणामस्वरूप एक तीव्र दक्षिणवर्ती घुमाव बन गया। अपने निरीक्षण के दौरान चालीस डिप गैलरी की पूरी लम्बाई के आकार प्रकार में मैंने अधिक अन्तर अनुभव नहीं किया। अतः मुझे यह सम्भव नहीं लगता है कि पहले यह एक शाफट इन्सैट या शाफट संख्या 34 में एक गैलरी विद्यमान थी। इसके अलावा सभी प्रत्यक्षवर्ती गवाहों के इस बयान के अनुसार कि एक मध्य रेखा का प्रावधान था, और इसके विपरीत इसका कोई साक्ष्य विद्यमान न होने के गैलरी में घुमाव होने की तीसरी सम्भावना से मैं इन्कार करता हूं। इस प्रकार से यह महसूस करता हूं कि यह सम्भव है कि गैलरी में जानबूझकर परिवर्तन किया गया था।

7.7.2 जैसे कि पहले भी कहा गया है, पुराने शाफट संख्या 34 के समीप के 40 डिप फेस को उस क्षेत्र में ज्यादा पानी रिसने के कारण जनवरी 1988 से बन्द कर दिया गया था। उस समय 28 स्तर से इस फेस की दूरी ज्यादा से ज्यादा 10 से 12 फीट की थी (3 से 3.6 मी)। बाद में 28 स्तर के समीप के 40 डिप के जंक्शन पर अनंत समय तक समान परिवहन करने के लिये रिटेन परखी स्थापित कर दी गयी। मो. कलीम (एम डब्ल्यू.-17) ने यह बयान दिया है कि चालीस डिप गैलरी को नवम्बर, 1989 में फिर से शुरू किया गया जबकि श्री के. दत्त (एम डब्ल्यू 19) ने यह बयान दिया है कि इसको नवम्बर 1989 के प्रथम सप्ताह में पुनः शुरू किया गया। श्री मिहीर कुमार चटर्जी (एम. डब्ल्यू 10), श्री शिवदास चटर्जी (एम डब्ल्यू 9) और श्री सी. डी. सिंह (एम डब्ल्यू 11) जैसे अन्य गवाहों ने यह बयान दिया है कि 40 डिप में इसको 8 नवम्बर 1989 से पुनः शुरू किया गया। अतः मेरा मानना है कि 28 स्तर के समीप 40 डिप फेस जो पुराने शाफट संख्या 34 से जुड़ गया था और जिसके कारण यह घातक दुर्घटना हुई, को दुर्घटना के ठीक 5 दिन पहले 8 नवम्बर 1989 से पुनः शुरू किया गया।

7.7.3 अलगा मुद्दा यह है कि क्या शाफट संख्या 34 से 40 डिप गैलरी के जुड़ जाने के अन्य कारण और परिस्थितियां थीं। श्री पी. एल. बनर्जी (एम. डब्ल्यू 16) ने यह दावा किया है कि शाफट संख्या 34 और गैलरी के बीच 3 मीटर से भी ज्यादा के एक कोयला बैरियर के अचानक टूट जाने के कारण यह सम्बन्ध (कनैक्शन) स्थापित हुआ।

7.7.4 दुर्घटना के पहले, 40 डिप फेस की लम्बाई का आकलन श्री राम शंकर सरकार (एम डब्ल्यू 12) श्री शिव दास चटर्जी (एम डब्ल्यू 9), श्री सी. डी. सिंह (एम डब्ल्यू 11) और श्री मिहीर कुमार चटर्जी (एम. डब्ल्यू 10) जैसे अन्य गवाहों द्वारा किया गया जो कि करीब 40 से 45 फीट के बीच था, (12 से 17मी.)

7.7.5 40 डिप गैलरी की लम्बाई और दुर्घटना स्थल के प्लान प्रदर्श एम 12) से निर्धारित पुराने शाफट संख्या 34 के बारे में उपरोक्त गवाहों के आकलन के आधार पर श्री पी. एल. बनर्जी (एम. डब्ल्यू - 16 ने यह बयान दिया है कि दुर्घटना होने के ठीक पहले शाफट संख्या 34 और 40 डिप फेस के बीच का बैरियर 3 मीटर से ज्यादा का था। लेकिन मैंने यह स्वीकार नहीं किया है क्योंकि विभिन्न गवाहों द्वारा बतायी गयी 40 डिप फेस की लम्बाई केवल नेत्रवानुमान पर आधारित थी। और वास्तव में इसकी कोई नाप जो नहीं की गई थी।

अध्याय-VIII

8.1 साक्ष्यों का विश्लेषण
शाफट सं. 34 का एक्सटेंशन
8.2 पानी का असामान्य रिसाव
8.3 40 डिप का पुनः शुरू किया जाना
8.4 एडवांस बोर होल
8.5 स्तरों का खिसकना (मुवमेंट)
8.6 फ्लोर पत्थर का ढीला होना
8.7 दुर्घटना का कारण

8.1 यह सर्वविदित था कि नारायणकुरी सीम के 24 मीटर ऊपर पुराने रानीगंज कोलियरी के नेगा सीम के कार्यस्थलों में पानी भरा था इसमें अनेक पुराने शाफट भी थे, जिनमें से कुछ की गहराई अभी तक अज्ञात है। ऐसा है एक पुराना शाफट संख्या 34 था, जो मलबे से भरा हुआ था और जिसकी गहराई भी ज्ञात नहीं थी। खान प्रबंधन ने यह बयान दिया है, कि उन्होंने उपलब्ध पुराने प्लान और दस्तावेज का अध्ययन किया, लेकिन इससे भी पुराने शाफट की गहराई का पता नहीं चला। तथापि समीर के कार्यस्थल के एक ए.एम.पी. ने शाफट संख्या 34 की गहराई 86 फीट होने का संकेत दिया, जो कि उस क्षेत्र नेगा सीम की गहराई के बराबर है। खान सुरक्षा महा. ने 1934 में विकास की अनुमति (प्रदर्श-एम/5) देते हुये बहुत ही सतर्क थे और उन्होंने नारायणकुरी सीम तक पुराने शाफट के बढ़ जाने की आशंका का ध्यान रखते हुए फ्लैंक और सेन्ट्रल एडवांस होल का प्रावधान करने की शर्तें को इसमें शामिल कर दिया 1988 में जब पुराने शाफट सं.-34 के समीप विकास कार्य हो रहा था तब खान प्रबंधन ने भी ज्यादा पानी के रिसाव की बात देखी थी। जैसा कि पहले भी उल्लेख किया गया है, उन्होंने विकास कार्य रोक दिया और कोयला खान नियमावली, 1957 के विनियमन 127 (5) के अन्तर्गत अपेक्षित शर्तों के अनुसार खान सुरक्षा महानिदेशालय को सूचित किया चूंकि शाफट सं.-34 का वास्तविक स्थल संदेहास्पद था अतः प्रबंधन ने उपलब्ध, दस्तावेजों और सूचना प्राप्त करने के अन्य स्त्रोतों के माध्यम से जानकारी लेनी चाही, ताकि शाफट सं. 34 की गहराई निश्चित की जा सके। तथापि, उनको इसकी गहराई के बारे में कोई निश्चित सूचना नहीं मिली। उन्होंने प्रत्यक्ष निरीक्षण करके भी शाफट सं. -34 के स्थान को निश्चित करने का प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे क्योंकि शाफट सं. 34 मलबे से भर गया था। बाद में, खान प्रबंधन ने 39 डिप के समीप 27 स्तर से एक लंबा बोरहोल करके शाफट का स्थान निश्चित करने का प्रयास किया। लेकिन न बोरहोल का संपर्क पुराने शाफट से हुआ और न इससे पानी का रिसाव हुआ। खान प्रबंधन ने यह स्वीकार किया कि पुराने प्लान में पता लगाने, प्लान के छोटे हो जाने की संभावना और सर्वेक्षण और नक्शा बनाने में हुयी चूक के कारण वर्किंग प्लान (प्रदर्श-एम/II) में दर्शायी गयी शाफट सं. 34 की स्थिति में गलती की संभावना थी। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि शायद लंबे बोरहोल की दिशा में परिवर्तन हो गया था। स्पष्टतः करीब 40 मीटर लंबे एक बोरहोल द्वारा केवल 3 मीटर व्यास के एक पुराने शाफट के स्थान का पता लगाने का तरीका बहुत पुराना था।

8.2 1988 में खान प्रबंधक ने कार्य स्थगित करने और संभावित पुराने शाफट सं.-34 के आसपास द्वारा विकास कार्य की दिशा में परिवर्तन करने का सही निर्णय लिया। 26, 27 और 28 स्तरों पर पानी के असामान्य रिसाव के कारण प्रोजेक्शन में परिवर्तन का आवेदन किया गया। इस क्षेत्र से करीब 100 मीटर की दूरी पर संशोधित प्रोजेक्शन प्लान की मंजूरी खान सुरक्षा महा. द्वारा मार्च, 1988 में दी गयी (प्रदर्श एम/8)

8.3 नवंबर 1989 में संशोधित प्रोजेक्शन 1988 (प्रदर्श-एम 8) के अनुसार जब विकास कार्य हो रहा था तब 42 क्रास कट भाग में एक डाइक संपर्क में आया। बदले में एक नया कार्य क्षेत्र ढूंढने के उद्देश्य मो. कलीम (एम डब्ल्यू. 17) ने सर्वेक्षण कार्यालय में प्लान का अवलोकन किया और 28 स्तर के समीप 40 डिप फेस को पुनः शुरू करने का निर्णय लिया। जैसा कि पहले भी उल्लेख किया गया है। इस फेस में किया जा रहा कार्य 1988 से बंद कर दिया गया था। प्रबंधन के इस कथन कि इस क्षेत्र में केवल वायु संचार में सुधार करने के लिये 8 नवंबर 1989 से 40 डिप फेस को पुनः शुरू किया गया था, को स्वीकार नहीं किया जा सकता क्योंकि वायु संचार प्रणाली में सुधार करने के लिए अन्य उपाय भी मौजूद थे। 40 डिप के पास कार्य शुरू करके मो. कलीम (एम. डब्ल्यू. 17) ने कोयला खान नियमावली 1957 के विनियमन 127 (5) के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन किया, जिसके द्वारा अपेक्षित था कि कार्य शुरू करने के पूर्व खान सुरक्षा महा. से अनुमति ली जाए दूसरे शब्दों में, ज्यादा पानी रिसाव के कारण जनवरी, 1989 में शाफट

सं. 34 के पास जब कार्य एक बार बंद कर दिया गया था, तब कोयला खान नियमावली, 1957 के विनियमन 127(5) के अन्तर्गत ऐसे कार्यों को अपने आप पुनः शुरू करने के लिए मो. कलीम प्राधिकृत नहीं थे। इस प्रकार मैं समझता हूं कि मो. कलीम ने खान सुरक्षा महा. की अनुमति के बिना और कोयला खान नियमावली, 1957 के विनियमन 127(3) का उल्लंघन करते हुए 40 डिप, जो पानी जमाव क्षेत्र के 60 मीटर के भीतर स्थित है, का विकास कार्य 8 नवंबर, 1989 से शुरु कर दिया।

8.4 अनेक गवाहों ने यह बयान दिया है कि जून 1989 से एक नियमित कार्यदल द्वारा उचित तरीके से एडवांस बोरहोल की ड्रिलिंग बंद कर दी गयी थी बाद में, एडवांस बोरहोल को कथित रूप से सामान्य मजदूरों द्वारा ड्रिल करवाया जाता था। ऐसी ड्रिलिंग के लिये कथित रूप से काम पर लगाये गये ये सामान्य मजदूर नियमित नहीं थे बल्कि उनको नैमित्तिक आधार पर काम में लगाया गया था। ये कर्मकार अपेक्षाकृत अकुशल कर्मकार थे जबकि नियमित ड्रिलर कुशल कर्मकार होते हैं। 40 डिप के दीवारों में किसी फ्लैंक बोरहोल का भी निशान नहीं है। यह संकेत देने के लिये भी कोई रिकार्ड नहीं है कि ऐसे बोरहोल ड्रिल किये गये थे। एडवांस बोरहोल को ड्रिल करने वाले कर्मकारों को प्रबंधन द्वारा गवाह के रूप में पेश किया गया। एजेंट सह-प्रबंधक द्वारा ऐसे एडवांस बोरहोल के ड्रिलिंग का पर्यवेक्षण करने के लिये किसी सक्षम प्राधिकारी की नियुक्ति भी नहीं की गयी थी। एडवांस बोरहोल के प्रावधानों से संबंधित ब्यूसतम सांविधिक रिकार्ड रखने सहित किसी अन्य दस्तावेजी साक्ष्यों के न होने से, ऐसे बोरहोल की ड्रिलिंग के लिये नियमित कर्मकारों और ड्रिलिंग के पर्यवेक्षण के लिये सक्षम प्राधिकारी की नियुक्ति न करने से, ऐसे बोरहोल की लंबाई और दिशा मापने की पद्धति और मेरे निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर फ्लैंक बोरहोल के न होने से मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि 40 डिप फेस में सेन्ट्रल बोरहोल भी ड्रिल नहीं किया गया था।

8.5 कुछ अन्य साक्ष्य भी हैं, क्योंकि सुरक्षा अधिकारी श्री पी.एल. बनर्जी (एम.डब्ल्यू. 16) ने बताया है कि एक बड़े भू-स्तर के खिसकने के कारण 40 डिप फेस और शाफ्ट सं.-34 के बीच का कोयला बैरियर टूट गया। इंडियन माइन्स मैनेजर्स एसोसिएशन का भी यही तर्क है। श्री चंद्रधारी बराई (एम. डब्ल्यू. 14), जब वे 40 डिप फेस में दूसरी बार शाट फायर कर रहे थे तब उन्होंने फेस के आगे और पीछे छत की चट्टान टूटने की आवाज सुनी। 40 डिप और 28 स्तर के जंक्शन से भूतल पत्थरों के बड़े टुकड़ों का खिसकना और सतह पर पोटहोल बन जाना भूस्तर खिसकने का साक्ष्य बताया गया है। यदि चट्टान टूटने की आवाज हुई होती तो वह न केवल श्री चन्द्रधारी बराई (एम. डब्ल्यू. 14) को सुनाई देती बल्कि 28 लेवल के आसपास उपस्थित अन्य कर्मकारों को भी सुनाई देती। लेकिन इस बात का कोई साक्ष्य नहीं है कि अन्य कर्मकारों में किसी चीज की टूटने की आवाज सुनी। मेरे विचार से 27 स्तर और 40 डिप के बीच एक मीटर से भी कम मोटे कोयला रिब और छत पर किसी भी दृष्टव्य प्रमाण के न होने सहित 50 डिप के करीब बड़े भू-स्तर मूवमेंट के बारे में किसी सबूत के न होने के कारण इस प्रकार की घटना के होने की संभावना को नकारता है। अतः यह कहना उचित नहीं होगा कि ऊपर स्थित नेगा सीम में पुराने और परित्यक्त स्टूक के टूटने के कारण हुये भूस्तर मूवमेंट से 40 डिप गैलरी और शाफ्ट सं.-34 के बीच का कोयला यदि बैरियर टूट गया। यदि ऐसा कोई भूस्तर मूवमेंट हुआ रहता तो इससे कहीं-कहीं पॉटहोल होने की बजाए भूमि का बहुत बड़ा भाग नीचे खिसक गया होता। पॉटहोल का बनना पुराने कार्यस्थल से पानी निकालने के बाद आमतौर पर देखी जाती है।

8.6 यह कहना उचित नहीं होगा कि 40 डिप की सतह और 20 स्तर जंक्शन से बड़े पत्थरों की चट्टानों के खिसकने का और इन चट्टानों के करीब आधा पिलर की दूरी पर चले जाने का कारण भूस्तरीय मूवमेंट था, जिसके कारण यह घातक दुर्घटना हुयी। यह संभव हो सकता है कि मूलतः हलका होने के कारण फ्लोर स्टोन ढीला हो गया हो। जब अचानक पानी अंदर पाया तो शायद पत्थरों का ढीला खंड अपनी वास्तविक स्थिति से करीब आधे पिलर की दूरी पर चला गया। किसी भी स्थिति में 40 डिप और 28 स्तर के जंक्शन की सतह पर पत्थर ढीला होने की घटना का इस घातक दुर्घटना से कोई संबंध नहीं है।

8.7 साक्ष्य के आधार पर मैं यह समझता हूं कि उस पर स्थित परित्यक्त और पानी से भरे नेगा सीम से जुड़े नारायणकुरी सीम में एडवांस 40 डिप गैलरी और पानी से भरे शाफ्ट सं. -34 के बीच सीधे संपर्क के कारण यह घातक दुर्घटना हुई। नारायणकुरी सीम में पानी से भरे शाफ्ट सं.-34 की ओर बढ़े 28 स्तर के समीप 40 डिप गैलरी में सेन्ट्रल और फ्लैंक बोरहोल न होने के कारण यह दुर्घटना हुई। ऐसे दो रहोल का होना कोयला खान नियमावली, 1957 के विनियमन 127(6) के अन्तर्गत अनिवार्य है तथा खान सुरक्षा महा. की कार्य अनुमति द्वारा अपेक्षित है। इसके अलावा 28 स्तर के समीप 40 डिप गैलरी को खान सुरक्षा महा. द्वारा कार्य करने के लिये गैर मंजूरी कृत क्षेत्र में पानी से भरे शाफ्ट सं. 34 की ओर बढ़ाया गया था। अतः गैर मंजूरी कृत क्षेत्र जहां ज्यादा पानी रिसने के कारण जनवरी, 1988 में खनन कार्य बंद कर दिया गया था, की गैलरी में कार्य शुरू करने के पांच दिनों के भीतर यह घातक दुर्घटना थी। यह गैर मंजूरीकृत क्षेत्र खान सुरक्षा महा. द्वारा खनन कार्य के लिये मंजूर क्षेत्र से करीब 100 मीटर की दूरी पर था। इस प्रकार यह घातक दुर्घटना अभियोज्य मानवीय लापरवाही के कारण थी।

अध्याय IX

9.1 दायित्व का विश्लेषण

9.2 एजेंट व प्रबंधक

9.3 सुरक्षा अधिकारी

9.4 सहायक प्रबंधक

9.5 सर्वेक्षक

9.6 उच्च प्रबंधक

9.7 अन्य

9.1 दुर्घटना के कारणों का पता लग जाने के पश्चात् इसके लिए जिम्मेदार कौन था इसका पता लगाना होगा। दुर्घटना के कारणों से यह स्पष्ट है कि यह अभियोज्य मानवीय लापरवाही के कारण से हुई। निम्नलिखित पैराग्राफों में मैंने उत्तरदायित्व के निर्धारण के लिए साक्ष्यों का विश्लेषण किया है:—

9.2.1 मो. कलीम (एम. डब्ल्यू. 17) जून, 1987 से खान प्रबंधक और जुलाई, 1988 से एजेंट-सह-प्रबंधक हैं। अतः वे दिसम्बर, 1987 से 13 नवम्बर, 1989 तक की खान की घटनाओं से पूर्णतः परिचित हैं। खान के पुराने शाफ्ट सं. 33 और 34 के समीप 26, 27 और 28 स्तर के पास के कार्यस्थलों में दिसम्बर, 1987 में ज्यादा पानी की रिसाव की घटना देखी गयी और पूर्व एजेंट श्री के. के. दास (एम डब्ल्यू 18) द्वारा जनवरी, 1988 में उस क्षेत्र में कार्य स्थगित कर दिया गया था। तब उन्होंने ज्यादा पानी रिसाव को देखते हुए विकास की दिशा में परिवर्तन करने के लिए खान सुरक्षा महानिदेशक के पास आवेदन दिया। जनवरी, 1988 में खान सुरक्षा महा. को दिए गए संशोधित आवेदन सहित शाफ्ट सं. 34 को 100 मी. की दूरी से बाइपास करने की प्रोजेक्शन योजना (प्रवर्ण—एम/7) के बारे में मो. कलीम (एम. डब्ल्यू. 17) को प्रबंधक की हैसियत से जानकारी थी। संशोधित प्रोजेक्शन को मंजूर करते हुए अनुमति पत्र (प्रवर्ण एम/8) की प्रति खान सुरक्षा महा. द्वारा प्रबंधक मो. कलीम (एम. डब्ल्यू. 17) को मार्च, 1988 को भेजी गयी। 1988 में, शाफ्ट सं. 34 की संभावित स्थिति की ओर 27 स्तर से एक लंबा बोरहोल ड्रिल किया गया। चूंकि लंबे बोरहोल का संपर्क शाफ्ट सं. 34 से नहीं हुआ और बोरहोल से पानी का भी रिसाव नहीं हुआ, अतः मो. कलीम (एम.डब्ल्यू. 17) ने यह अनुमान लगाया कि

पुराना शाफ्ट केवल नेगा सीम तक ही था। स्पष्टत: इन अपूर्ण मान्यों के आधार पर मो. कलीम (एम डब्ल्यू 17) जैसे एक अनुभवी प्रबंधक के लिए यह समझना उचित नहीं था कि पुराने शाफ्ट सं. 34 का विस्तार केवल नेगा सीम तक ही था।

9.2.3 नवंबर 1989 में जब खान सुरक्षा महा. द्वारा मंजूर नियमित क्षेत्रों के कार्यस्थल में बहुत सारे डाइक मिले तो मो. कलीम (एम. डब्ल्यू. 17) ने सर्वेक्षण कार्यालय से संपर्क करके, और सर्वेक्षक से प्लान के बारे में विचार-विमर्श करके 28 स्तर फेस के समीप 40 डिप में कार्य पुनः शुरू करने का निर्णय लिया। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने खान सुरक्षा से संबंधित खान सुरक्षा महा. के पूर्व के सभी अनुमति पत्रों और अन्य पत्राचारों का अध्ययन किया। इस प्रकार मो. कलीम इस बात से पूर्ण रूप से अवगत थे कि ज्यादा पानी रिसाव के कारण जनवरी, 1988 में शाफ्ट सं. 34 के समीप कार्य बंद कर दिया गया था। उन्हें कोयला खान नियमावली 1957 के विनियमन 127(5) के प्रावधानों के बारे में भी जानकारी थी, जिसके द्वारा यह अपेक्षित था कि ज्यादा पानी के रिसाव के कारण जिन कार्य स्थलों को बंद कर दिया गया है उनको खान सुरक्षा महा. की लिखित पूर्व अनुमति के बिना आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। चूंकि ऐसी कोई अनुमति प्राप्त नहीं की गयी थी अतः नवंबर 1989 से उनके द्वारा स्वयं ही 40 डिप को पुनः शुरू कर दिए जाने की घटना कोयला खान नियमावली 1957 के विनियमन 127(5) का जानबूझकर किया गया उल्लंघन है।

9.2.2 मो. कलीम (एम. डब्ल्यू. 17) ने यह भी स्वीकार किया है कि खान सुरक्षा महा. के अनुमति पत्र (प्रदर्श एम 18) और कोयला खान नियमावली 1957 के अन्तर्गत अपेक्षित एडवांस सेन्ट्रल और फ्लैंक बोरहोल तथा कार्य का प्लान का रिकार्ड नहीं रखा गया। उन्होंने एडवांस होल के ड्रिलिंग का पर्यवेक्षण करने के लिये किसी सक्षम अधिकारी को भी प्राधिकृत नहीं किया। यह कोयला खान नियमावली 1957 के विनियमन 127(6) (ख) का स्पष्ट उल्लंघन था। एडवांस बोरहोल को ड्रिल करने के लिये उन्होंने नियमित ड्रिलिंग गैंग का भी प्रावधान नहीं किया और इसके स्थान पर इस कार्य के लिये सामान्य मजदूरों जैसे अकुशल कर्मकारों को नैमित्तिक आधार पर कार्य में लगाया। यह दुःखद बात है कि मो. कलीम (एम. डब्ल्यू. 17), जिनके पास वर्षों का अनुभव है, इस स्पष्ट खतरे को पहचान नहीं सके। यह खतरा अचानक नहीं आया बल्कि पर्याप्त पूर्वसूचनाओं के लक्षण के बाद ही आया। मो. कलीम (एम. डब्ल्यू. 17) ने या तो आत्म विश्वास के कारण या इस गलत धारणा के कारण, कि शाफ्ट सं. 34 नेगा सीम के आगे नहीं गई है, खतरे को भांपने में असमर्थ रहे जिसके परिणामस्वरूप यह घातक दुर्घटना हुयी। अतः मैं उन्हें 13 नवंबर 1989 को महावीर खान में घटित दुर्घटना का प्रमुख दोषी व्यक्ति मानता हूं। लेकिन दुर्घटना के मो. कलीम (एम. डब्ल्यू. 17) को प्रमुख दोषी मानते हुये भी साक्ष्य देने में उनकी दृढ़ता तथा जिस रीति से उन्होंने सच्चाई से बयान दिया है, प्रशंसनीय है। उन्होंने यह भी बयान दिया है कि वे खान-कार्यों का संचालन कर रहे थे और उन्हें कोयला उत्पादन की उस सीमा के बारे में निर्देश नहीं दिया गया जिसके बाद सुरक्षा विनियमनों का उल्लंघन हो सकता है। जांच के दौरान उचित व्यवहार के लिये मो. कलीम (एम. डब्ल्यू. 17) निश्चय ही प्रशंसा के पात्र हैं।

9.3.1 क्रमानुक्रम में श्री पी. एल. बनर्जी (एम. डब्ल्यू. 16) खान में मो. कलीम (एम. डब्ल्यू. 17) के बाद अधीनस्थ अधिकारी है। उन्होंने महावीर खान में जून 1988 से सुरक्षा अधिकारी के रूप में कार्य किया। 1983 से उन्होंने उक्त खान के सहायक प्रबंधक के रूप में भी कार्य किया। इस प्रकार वे 1983 से लगातार खान में कार्य करते आ रहे थे। उनकी ड्यूटी में पानी भरने की घटना सहित सभी संभावित खतरों के स्रोत के बारे में प्रबंधक (अर्थात् मो. कलीम) को जानकारी देना शामिल है। उनको खान के विभिन्न भागों का अवलोकन करके प्रबंधक को इस बात की रिपोर्ट देनी होती है कि खान अधिनियम और इसके अन्तर्गत बनाये गये विनियमनों का पालन किया जा रहा है या नहीं।

9.3.2 श्री पी. एल. बनर्जी ने कहा कि उन्होंने पुराने प्लान का अध्ययन किया और उन्हें पता चला कि शाफ्ट सं.—34 में मलवा भरा है। कार्यक्षेत्रों का प्लान बनाने के लिये उन्होंने खान कार्यालय में उपलब्ध विभिन्न प्लानों का उपयोग किया। सतह पर शॉफ्ट सं.—34 उनको नजर नहीं आई। जनवरी 1988 में उन्होंने 27 स्तर के पास ज्यादा पानी का रिसाव देखा था और इसके लिये एक लंबा बोर होल ड्रिल करवाने का इंतजाम किया था। उनके बयान के अनुसार लंबे बोरहोल को घुमाव की संभावना के बारे में भी उनको जानकारी थी। उन्होंने खान सुरक्षा महा. की 1984 की अनुमति (प्रदर्शन एम. 15) और 1988 की अनुमति (प्रदर्शन एम 18) का अध्ययन किया था और अनुमति के शर्तों से वाकिफ थे 18 नवंबर, 1989 से 40 डिप फेस को पुनः शुरू किये जाने के बारे में भी उनको जानकारी थी। उन्होंने यह भी बताया कि 40 डिप फेस से पानी का रिसाव नहीं हो रहा था और 8 नवंबर 1989 से कार्य शुरू किये जाने के बाद फ्लैंक और सेन्ट्रल बोर होल के दायरे में फेस को आगे बढ़ाया जा रहा था। लेकिन उन्होंने बयान दिया कि प्रत्येक कार्यक्षेत्र फेस में एडवांस बोरहोल को आगे बढ़ाने के पहले इन बोरहोलों की ड्रिलिंग सुनिश्चित करने के लिये उनके पास कोई पद्धति नहीं थी। उन्होंने कार्यक्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान ऐसे बोरहोलों की मानिटरिंग सुनिश्चित की तथापि उनके बयान के अनुसार वर्किंग फेसों के निरीक्षणों की कोई निर्धारित समय सूची नहीं थी। मैंने पहले भी स्पष्ट किया है कि गैर मंजूरी कृत कार्य क्षेत्र में ज्यादा पानी के रिसाव के बावजूद एडवांस बोर होल तैयार किये बिना 40 डिप फेस को आगे बढ़ाये जाने के कारण यह घातक दुर्घटना हुयी। इन उल्लंघनों के बारे में भी पी. एल. बनर्जी (एम. डब्ल्यू. 16) को जानकारी थी। इस प्रकार उन्होंने कोयला खान नियमावली 1957 के विनियमन 41 ए और बी (iii) के अन्तर्गत अपने कर्तव्यों का पालन नहीं किया, क्योंकि पानी भर जाने के एक संभावित स्रोत के रूप में शाफ्ट सं. 34 के बारे में उन्होंने एजेंट-सह प्रबंधक (एम. डब्ल्यू. 17) को सूचना नहीं दी। अपने निरीक्षणों के दौरान न तो उन्होंने सेन्ट्रल और फ्लैंक बोरहोल ड्रिल किये जाने पर ध्यान नहीं दिया बल्कि कोयला खान नि. 1957 के विनियमन 41 ए(1) (एफ) के साथ पठित कोयला खान नि. 1957 के विनियमन 127(6) का उल्लंघन करते हुये बिना बोरहोल बनाये 40 डिप फेस को आगे बढ़ाने की जानबूझकर अनुमति दी। अतः यह स्पष्ट है कि श्री पी. एल. बनर्जी (एम. डब्ल्यू. 16) ने कोयला खान विनियमन 1957 के विनियमन 41 ए (1) (जी.) के साथ पठित विनियमन 127 का उल्लंघन करते हुए 40 डिप फेस के एडवांस बोरहोल की सुरक्षात्मक ड्रिलिंग पद्धति को सुनिश्चित करने के लिये भी कोई उपाय नहीं किया। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि संभावित खतरों को जानते हुए श्री पी. एल. बनर्जी (एम. डब्ल्यू. 16) ने कोयला खान नियमावली 1957 के विनियमन 41 ए (1) (जी.) के अन्तर्गत अपेक्षित सुरक्षा उपायों के पालन करने के लिए उचित कदम नहीं उठाया। अतः इस दुर्घटना के लिये वे भी उत्तरदायी है।

9.4.1 महावीर खान में दो सहायक प्रबंधक थे। एक का नाम श्री के. दस (एम. डब्ल्यू. 19) और दूसरे का नाम श्री एस. के. सेनगुप्ता (सी. डब्ल्यू. 1) है। श्री के. दस ने सहायक प्रबंधक के रूप में महावीर खान में 1979 से कार्य करना प्रारंभ किया। उन्होंने 7 नवंबर और 12 नवंबर, 1989 के बीच 40 डिप का दो बार निरीक्षण किया और 12 नवंबर 1989 की दूसरी पारी में भी इसका निरीक्षण किया। उन्हें इस बात की जानकारी थी कि ज्यादा पानी रिसाव के कारण 40 डिप फेस में जनवरी 1988 से काम बंद कर दिया गया था। उन्हें इस बात की भी जानकारी थी कि उपस्थित नेगा सीम में पूर्णतः पानी भरा है। उन्होंने बयान दिया कि 40 डिप फेस उचित लम्बाई के एडवांस सेन्ट्रल और फ्लैंक बोरहोल का प्रावधान किया था लेकिन इतना साफ बयान देने के बावजूद भी न तो उन्होंने इस उद्देश्य के लिये रखे जा रहे किसी रिकार्ड से इस बयान को साबित किया न ही ऐसा स्वतंत्र गवाह प्रस्तुत किया जो यह कह सके कि ऐसे बोरहोल नियमित रूप से बनाये जाते थे। उन्होंने यह भी साबित नहीं किया कि गैलरी आगे बढ़ाये जाते से पहले पर्यवेक्षी अधिकारियों द्वारा ऐसे बोरहोल की उचित जांच होती थी।

9.4.2 अतः इस क्षेत्र के सहायक प्रबंधक के रूप में वे यह सुनिश्चित करने में असफल रहे कि को. खा. नि. 1957 के विनियमन 127(6) के साथ पठित को. खा. नि. 1957 के विनियमन पर की अपेक्षाओं के अनुसार 40 डिप फेस में एडवांस बोरहोल की ड्रिलिंग हो रही थी। इस प्रकार से उन्होंने भी कानून का जानबूझकर उल्लंघन किया जिसके कारण दुर्घटना हुयी और इस दुर्घटना के लिये वे भी उत्तरदायी हैं।

9.4.3 दूसरे सहायक प्रबंधक श्री एस. के. सेनगुप्ता (सी. डब्ल्यू. 1) ने खान में अक्तूबर 1989 से ही कार्यभार ग्रहण किया। वे कुछ दिनों के अवकाश पर थे इसके बाद उनको किसी अन्य विकास कार्य का जिम्मा दिया गया और उन्होंने दुर्घटना स्थल के 42 क्रास-कट क्षेत्र का पर्यवेक्षण का कार्य नहीं किया। इस प्रकार इस घातक दुर्घटना के लिये वे उत्तरदायी नहीं है।

9.5.1 श्री पी. एल. ठक्कर (एम. डब्ल्यू 15) 1957 में महाबीर खान के सर्वेयर थे। उन्होंने जनवरी 1988 में 27 स्तर के ज्यादा पानी के रिसाव की घटना देखी। उन्होंने इस बात को अपनी सांविधिक सर्वेक्षक डायरी में रिकार्ड किया तथा यह भी सूचना दर्ज की कि पानी से भरे शाफ्ट सं. 34 का कार्य क्षेत्र बढ़ रहा है। इस डायरी को प्रबंधक मो. कलीम (एम. डब्ल्यू. 17) द्वारा प्रति हस्ताक्षरित किया गया। उनका यह कहना थी कि वे प्रबंधक को इस बात की सूचना दें कि हो रहा कार्य पानी से भरे शाफ्ट सं. 34 के पास पहुंच रहा था। उन्होंने इस मामले में भी ऐसा ही किया। पूर्व एजेंट श्री के. के. दास (एम. डब्ल्यू. 18) ने यह बयान दिया कि उन्हें इस बात का स्मरण है कि श्री पी. एल. ठक्कर (एम. डब्ल्यू. 15) ने उन्हें एक रिपोर्ट दी थी कि 27 स्तर का कार्य क्षेत्र परित्यक्त शाफ्ट सं.—34 की ओर बढ़ रहा था। मो. कलीम (एम. डब्ल्यू. 17) ने यह भी स्वीकार किया कि श्री पी. एल. ठक्कर (एम. डब्ल्यू. 15) को डायरी द्वारा पानी भर जाने के खतरे की ओर भी उनका ध्यान आकर्षित किया गया था। इस प्रकार श्री पी. एल. ठक्कर (एम. डब्ल्यू. 15) ने को. खा. नि. 1957 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अधीन अपनी ड्यूटी का उचित ढंग से पालन किया।

9.5.2 इस स्थिति में, मैं दुर्घटना के लिये श्री पी. एल. ठक्कर (एम. डब्ल्यू. 15) को उत्तरदायी नहीं मानता हूं।

9.6.1 जिरह के दौरान मो. कलीम (एम. डब्ल्यू. 17) ने यह बयान दिया कि पर्यवेक्षकों से विचार कर के ही वे कोयला उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित करते रहे थे। यह एक संयुक्त निर्णय था और यह महाप्रबंधक द्वारा जो कि उनका वरिष्ठ अधिकारी था, आरोपित स्वेच्छाचारी निर्णय नहीं था। इसके अलावा कार्य के दौरान यदि कोई समस्या थी तो वे उत्पादन लक्ष्य पर विचार-विमर्श करने और इसमें संशोधन करने के लिये स्वतंत्र थे। उन्होंने इस आरोप का खंडन किया कि उत्पादन लक्ष्य में कमी होने की संभावना के कारण उन्होंने अनधिकृत प्रोडेक्शन में स्थित खान में बेरोक-टोक खनन कार्य किया। कार्य अनुमति के लिए खान सुरक्षा महा. को प्रस्तुत आवेदन के संबंध में उन्होंने बयान दिया कि महाप्रबंधक की औपचारिक अनुमति अपेक्षित नहीं है फिर भी उन्होंने ऐसे मामलों पर महाप्रबंधक से विचार किया। उन्होंने बयान दिया कि खान सुरक्षा विनियमनों के प्रवर्तन के लिये एजेंट सह प्रबंधक के रूप में उनके पास पर्याप्त शक्तियां थीं। उनके ठीक ऊपर वरिष्ठ अधिकारी कुनस्तोरिया क्षेत्र के महाप्रबंधक थे। महाप्रबंधक को क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी, जो उनका स्टाफ कर्मचारी है, द्वारा सुरक्षा मामलों पर सलाह दी गयी थी। मो. कलीम (एम. डब्ल्यू. 17) ने पानी भर जाने के संभावित खतरे के बारे में क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी और महाप्रबंधक से विचार-विमर्श किया था। मो. कलीम (एम. डब्ल्यू. 17) ने यह बयान दिया है कि इन अधिकारियों ने उनको सदैव खान सुरक्षा महा. की "अनुमति" का पालन करने की सलाह दी थी। इस प्रकार मो. कलीम (एम. डब्ल्यू. 17) ने यह स्वीकार किया कि 8 नवंबर, 1989 से 28 स्तर के पास 40 डिप में उनके आदेश से कार्य शुरू किया गया और इससे उनके वरिष्ठ अधिकारियों का कुछ लेना-देना नहीं था। इसके अलावा ऐसा कोई गवाह नहीं है जिसने 8 नवंबर 1989 से 40 डिप की गैलरी में कार्य शुरू होने के बारे में महाप्रबंधक को जानकारी के संबंध में जांच न्यायालय के समक्ष बयान दिया हो। इस बात का भी कोई साक्ष्य नहीं है कि महाप्रबंधक को इस बात की जानकारी थी कि सुरक्षा विनियमनों का उल्लंघन किया जा रहा था और गैलरी को बढ़ाते समय एडवांस सेन्ट्रल बोर और फ्लैंक बोर होल नहीं बनाये गये थे। महाप्रबंधक ग्यारह खानों के प्रभारी हैं। जिनमें से एक महाबीर खान है। उनके लिये यह संभव नहीं था कि वे को. खा. नि. 1957 के विनियमन 127 के अनुसार एडवांस बोरहोल बनाने के लिए खान सुरक्षा महा. की अनुमति में निहित शर्तों के प्रवर्तन का पर्यवेक्षण करें। तदनुसार, मैं कुनुस्तोरिया क्षेत्र के महाप्रबंधक को इस दुर्घटना के लिये उत्तरदायी नहीं मानता हूं।

9.7.1 ओवर मैन और रिसदार जैसे पर्यवेक्षी कर्मचारियों द्वारा भी चूकें हुयी हैं। इन चूकों का विश्लेषण इस प्रकार है :—

9.7.2 श्री निहिर कुमार चटर्जी (एम डब्ल्यू 10) ओवरमैन जो सामान्य पारी कहे जाने वाली प्रथम पारी में स्थायी रूप से तैनात थे। उन्होंने बयान दिया है कि चूंकि उनका कार्य विविध प्रकृति का है और उनको एडवांस बोरहोल के पर्यवेक्षण के लिये औपचारिक रूप से नियुक्त नहीं किया गया था, बल्कि एजेंट-सह प्रबंधक मो. कलीम (एम. डब्ल्यू 17) आमतौर पर उनसे ऐसे बोरहोल के ड्रिलिंग आदि का पर्यवेक्षण करने को कहा करते थे। श्री सी.डी. सिंह (एम. डब्ल्यू 4) 42 क्रासकट क्षेत्र के शिफ्ट ओवरमैन थे और 12 नवंबर, 1989 की पहली पारी में वे ड्यूटी पर थे। श्री शिवदास चटर्जी ओवरमैन (एम डब्ल्यू 9) और श्री फौजदार सिंह (एम डब्ल्यू 1) अन्य दो ओवर मैन थे जिनको 12 नवंबर 1989 को क्रमशः दूसरी और तीसरी पारी में ड्यूटी पर लगाया गया था।

9.7.3 श्री निहिर कुमार चटर्जी (एम. डब्ल्यू. 10) और श्री सी.डी. सिंह (एम. डब्ल्यू 4) ने 12 नवंबर, 1989 को पहली पारी में 40 डिप फेस में 5.4 मीटर लंबे एडवांस सेन्ट्रल बोरहोल और दो फ्लैंक बोर होल की निश्चित ड्रिलिंग करने का दावा किया है। श्री शिवदास चटर्जी (एम डब्ल्यू 9) ने उसी दिन की दूसरी पारी में उन एडवांस बोर होलों की नापजोख करने का दावा किया है। इन सभी ओवर मैनों ने यह दावा किया है कि 40 डिप फेस में ज्यादा पानी का रिसाव नहीं था।

9.7.4. जैसा कि मैंने पहले भी कहा है कि 12 नवंबर, 1989 को 28 स्तर के समीप 40 डिप फेस में कोई एडवांस बोरहोल नहीं था और उसी दिन फेस से ज्यादा पानी का रिसाव हो रहा था। अतः एडवांस बोरहोल की ड्रिलिंग और ज्यादा पानी न रिसने के संबंध में इन ओवर मैनों के बयान पर मैं विश्वास नहीं करता हूं।

9.7.5. श्री फौजदार सिंह (एम डब्ल्यू 1) ही अकेले 12 नवंबर, 1989 की तीसरी पारी में जब दुर्घटना हुयी थी, ओवर मैन को ड्यूटी पर थे और उनके चार्ज में अधिक दूरी पर स्थित तीन क्षेत्र थे। अतः दुर्घटना होने के पूर्व 40 डिप फेस का निरीक्षण करने का अवसर उन्हें नहीं मिला।

9.7.6. श्री राम शंकर सरकार (एम डब्ल्यू 12) और दूदन पाण्डेय (एम डब्ल्यू 13) 12 नवंबर, 1989 की दूसरी और तीसरी पारी में 42 क्रासकट क्षेत्र में ड्यूटी पर थे। मैं उनके बयान पर भी विश्वास नहीं करता कि 40 डिप फेस में एडवांस बोरहोल थे और फेस में से ज्यादा पानी का रिसाव नहीं हो रहा था।

9.7.7. श्री चंद्र धारी बराई (एम डब्ल्यू. 14) 12 नवंबर, 1989 की तीसरी पारी में 40 डिप फेस के शाट फायरर की ड्यूटी पर थे। मैं उनके इस बयान पर भी विश्वास नहीं करता कि उन्होंने दुर्घटना वाले दिन 13 नवंबर, 1989 को शाट फायर करने के पहले 40 डिप फेस के एडवांस और फ्लैंक बोरहोल की जांच कर ली थी।

9.7.8. खान सुरक्षा का प्रथम उत्तरदायित्व प्रबंधन पर है । खान के सहायक कर्मचारियों से यह अपेक्षा होती है कि वे उनके आदेशों का पालन करें । मैंने पहले भी कहा है कि इस बात की जानकारी एजेंट सह-प्रबंधक (एम.डब्ल्यू. 17) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को थी कि 40 डिप फेस में एडवांस बोरहोल ड्रिल नहीं किये गये है और इससे ज्यादा पानी रिस रहा है । यदि एजेंट सह-प्रबंधक और अन्य वरिष्ठ कर्मचारी सतर्क रहते और खान सुरक्षा के अपने उत्तरदायित्व के प्रति सतर्क रहते तो उन्होंने एडवांस बोरहोल की ड्रिलिंग करवा ली होती और ज्यादा पानी के रिसाव की ओर ध्यान दिया होता ।

उनके द्वारा स्थिति को हाथ से निकलने देने के कारण अधीनस्थ कर्मचारियों जैसे ओवरमैनों, सिरदारों तथा सोट फाइररों को गलत संकेत मिले। अतः उनकी गल्तियों के बावजूद भी मैं सर्वश्री मिहिर कुमार चटर्जी (एम डब्ल्यू 10), सी. डी. सिंह (एम.डब्ल्यू 11), शिबदास चटर्जी (एम डब्ल्यू 9) , राम शंकर सरकार (एम डब्ल्यू 12), दोदन पाण्डे (एम डब्ल्यू 13) चन्द्रधारी बराई (एम डब्ल्यू-14) को घातक दुर्घटना के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराता हूं ।

9.7.9 पानी भर जाने के कारण हुई अधिकांश दुर्घटनाओं तथा आपदा के कारणों का विश्लेषण यह दर्शाता है कि खान में कार्यरत उच्चाधिकारी मूल रुप से जिम्मेदार होते है, परन्तु सामान्य कर्मकार तथा उनके पर्यवेक्षकों जैसे सोटफाइररों, सिरदारों तथा ओवरमैन के लिए सुरक्षा पैरामीटर की जानकारी अपेक्षित है । सामान्यतः पानी भर जाने के कारण हुयी किसी दुर्घटना पहले कुछ अपसामान्य संकेत तथा लक्षणों जैसे बहुत अधिक पानी की सीपेज इत्यादि होती है । यह जरूरी है कि भूमिगत कोयला-खानों में काम करने वाले प्रथम स्तर के पर्यवेक्षक तथा कर्मकार ऐसे सूचक लक्षणो/कारण की पहचान कर उन्हें प्रबन्धन के उच्च स्तर की जानकारी में लाएं। यह आवश्यक है कि पर्यवेक्षकों तथा कर्मकारों को इस प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए और सुरक्षा संबंधी ज्ञान उन्हें दिया जाना चाहिए ।

9.7.10 कमकारों के निरीक्षकों के संस्थान तथा सुरक्षा समिति को इस आशय से कानूनी समर्थन दिया गया है कि कमकारों की सुरक्षा में संस्थानों के क्रियाकलाप दुर्घटनाओं तथा गम्भीर संकट की घटनाओं को कम करने में महत्वपूण भूमिका निभाएंगे । इस मामले में कमकारों क निरीक्षक तथा सुरक्षा समिति उनसे अपेक्षित उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे । कमकारों के निरीक्षक ने अस्वीकृत क्षेत्र में 40 डिप को पुनः प्रारम्भ करने के कारणों के बारे में पूछताछ नहीं की। उन्होंने यह भी सुनिश्चित नहीं किया कि 40 डिप फेस बोरहोलों खुदायी भी पहले से कर ली जाए । इसक विपरीत उसने मेरे सामने पानी के अपसामान्य सीपेज न होने तथा 12 नवम्बर, 1989 को 40 डिप फेस पर बोर होलों को पहले से ही खुदायी के बारे में गलत बयान दिया ।

9.7.11 लगभग सभी पयवेक्षक स्टाफ और अनेक कमकारों को इस बात की जानकारी थी कि उपरिशायी नेगासीम में काफी पानी जमा था। फिर भी खान में पानी भर जाने के खतरे का मामला सुरक्षा समिति जिसकी बैठक महीने में लगभग एक बार होती है के सामने विचार के लिए नहीं आया ।

9.7.12 यह सही है कि खान की सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रबन्धन की है। परन्तु यह भी सही है कि इसे बिना कर्मकारों के तथा ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों के सक्रिय सहयोग के प्राप्त नहीं किया जा सकता है । इस मामले में यह प्रतीत होता है कि एडवान्स बोर होल को व्यवस्था तथा फेस पर पानी की असामान्य सीपेज की जानकारी कुछ कर्मकारों द्वारा स्थानीय ट्रेय यूनियन नेताओं के ध्यान में लायी गयी थी । दुर्भाग्य से ऐसी सूचना होने पर उनके द्वारा भी कोई अनुकूल कारवाई नहीं की गई।

अध्याय-10

10.1 निष्कर्षों का सा

10.2 सिफारिशें

10.3 खर्चों की वसूली

10.4 आभार

10.1.1 13 नवम्बर, 1989 को महाबीर खान की नारायणकूरी सीम में घटित घातक दुघटना का कारण पुराने पड़े हुए उपरिसायी तथा साफ्ट सं. 34 के कार्यों से जलाक्रांत नेगा सीम से पानी का तेज बहाव था । परित्यक्त तथा जलाक्रांत साफ्ट सं. 34 जिसे 28 लेवल के पास 40 डिप गैलरी को बढ़ाते हुए नाराणकु सीम तक जोड़ा गया था के कारण दुर्घटना हुयी और इससे 6 बहुमूल्य जाने गयी ।

10.1.2 यह दुर्घटना, जलाक्रांत साफ्ट सं. 34 की ओर जाने वाली 40 डिप गैलरी में पर्याप्त संख्यां में मध्य तथा फलैंक बोर होल्स उपलब्ध न कराये जाने क कारण हुयी । यदि ऐसे विकसित बोरहोल्स कवर उपलब्ध कराये गये होते तो अधिकारीगण जलाक्रांत साफ्ट के खतरे के बारे में सावधान हो जाते और इस प्रकार से घातक दुघटना को टाला जा सकता था । ऐसे विकसित बोरहोल्स कोयला खान नियमावली 1957 के 127 विनियम के अन्तर्गत आवश्यक है । खान सुरक्षा महानिदेशक द्वारा जारी कार्य सम्बन्धी अनुमति में भी स्पष्ट रूप से उल्लेख था कि ऐसे बोरहोल्स उपलब्ध कराये जाने चाहिएं थे । इसके अतिरिक्त 28 लेवल के पास तक 40 डिप गैलरी को खान सुरक्षा महानिदेशक द्वारा कार्य कर के लिए स्वीकृत परिवर्धन प्रक्षेपण से दूर लगभग 100 मी. अनाधिकृत क्षेत्र में बढ़ा दिया गया था । यह घातक दुर्घटना 28 लेवल के पास 40 डिप गैलरी जहां पानी की अपसामान्य सीपेज के कारण जनवरी, 1988 में खनन कार्य रोक दिया गया था, में कार्य प्रारम्भ किं जाने के मात्र 5 दिन के भीतर ही हो गयी । मेरे विचार से यह घातक दुर्घटना सर्व श्री मों. कलीम , एजेंट तथा प्रबन्धक तथा पी. एल. बनर्जी सुरक्षा अधिकारी तथा महाबीर खान के सहायक प्रबन्धक श्री के. दत्ता की गम्भीर लापरवाही के कारण घटी है । इन तीनों अधिकारियों ने कोयला खान नियमावली 1957 के विनियम 127 ले प्रावधानों तथा साथ ही साथ खान सुरक्षा महानिदेशक द्वारा जारी की गयी कार्यानुमति में निर्धारित शर्तों का उल्लघंन किया है ।

10.2.1. हमारे देश की भूमिगत कोयला खानों में बाढ़ के कारण अन्य घोर विपदाओं की तरह यह घातक दुर्घटना कोयला खान विनियमों के संगत प्रावधानों के अनुपालन में मनुष्य द्वारा की गयी चूक के कारण हुयी । जबकि संगत कोयला खान विनियमों का अनुपालन ही ऐसे घातक और घोर विपदाओं को रोक सकता है, चिन्ता की बात यह है कि समय-समय पर इसकी पुनरावृत्ति होती है । मेरे विचार में कर्मकारों को तथा प्रथम पंक्ति के पर्यवेक्षक कर्मचारियों जैसे शॉट फाइर्स, सिरदारों तथा ओवर मैनों को इस बारे में कानूनी प्रावधानों के साथ-साथ उनकी जिम्मेदारियों के प्रति अवगत कराना बाढ़ संबंधी खतरे के संकेतों के बारे में पहले से सचेत रहने के लिए उपयुक्त रूप से उन्हें प्रशिक्षित करना जिससे कि समय पर दोष निवारक उपाय किए जा सकें । मैंने यह भी पाया कि कर्मकारों के निरीक्षण के स्थान तथा सुरक्षा समिति जो कि काफी हद तक सुरक्षा चेतना जगा सकती है को सुदृढ़ करने की पर्याप्त गुंजाइश है ।

10.2.2. चूंकि जलाक्रांत वर्किंग्स आने वाले समय में कोयला खनन में सम्भावित जोखिम के स्रोत बने रहेंगे । इन जोखिमों का अधिक यथार्थ रूप से पता लगाने के लिए किसी प्रणाली की खोज अविरल रूप से की जानी चाहिए । *****बाढ़ के सम्भावित जोखिमों के निर्धारण के लिए मानवोचित निर्णय पर भरोसा करने में अनेक कठिनाइयां है जैसा कि कोयला खानों में अनेक दुर्घटनाओं तथा घोर संकटों की प्रचुर मात्रा से ज्ञात होत है । अतः भारत के कोयला उद्योग को जलाक्रांत कार्यप्रणाली की पहचान तथा रूप रेखा बनाने के लिए अधिक विकसित तकनीक अपनानी चाहिए जिससे कि बाढ़ के समय मानव द्वारा की गयी चूक से दुर्घटनाएं तथा भारी संकट उत्पन्न न हों । संक्षेप में, मैं निम्नलिखित सिफारिशें करता हूं :—

(i) शिक्षा और प्रशिक्षण के कार्यक्रमों में वृद्धि के द्वारा जोखिमों का पता लगाने की आवश्यकता को देखते हुए प्रथम पंक्ति के पर्यवेक्षकों तथा कर्मकारों के अभिज्ञान का विकास करना ;

(ii) सुरक्षा समिति तथा कर्मकारों के निरीक्षक संस्थानों को सक्रिय करना जिससे कि वे भूमिगत कोयला खानों की सुरक्षा आवश्यकताओं को तर्क संगत बना सके ;

(iii) भूमिगत कोयला खान कर्मचारियों के मन में सुरक्षा कानूनों तथा विनियमों के प्रावधानों के अनुपालन की आवश्यकता को बैठाना ;

(iv) जलाक्रांत कार्यों की विद्यमानता का पता लगाने के लिए ड्रीलिंग एडवान्स बोरहोल्स के लिए अर्धसंरचना व्यवस्था ;

(v) भूमिगत संचित जलाशयों का पता लगाने तथा रूप रेखा बनाने के लिए अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के जरिये नयी तकनीकियों का विकास ।

(vi) संकट के समय खान में फंसे हुए खनिकों के लिए केन्द्रीयकृत स्थान पर बर्डे डायमीटर आकार की बोरिंग सुविधाओं की व्यवस्था ।

10.3. रिपोर्ट के अन्तिम भाग का संबंध न्यायालय के खर्चों की वसूली से है । खान अधिनियम, 1952 की धारा 63 के अन्तर्गत बनायी गयी खान नियमावली , 1955 के नियम 22 में स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी जांच न्यायालय को यह पता चलता है कि दुर्घटना प्रबन्धन की असावधानी अथवा लापरवाही के कारण हुयी है तो न्यायालय इस पर आयव्ययों की वसूली मालिक एजेंन्ट अथवा मैनेजर से वसूल करने के निर्देश जारी कर सकता है, रिपोर्ट से यह पता चलता है कि यह दुर्घटना एजेंट तथा मैनेजर की लापरवाही और अन्य अधिकारियों द्वारा कोयला खान विनियमावली, 1957 के विनियम 12.7 का अनुपालन न किए जाने के कारण हुयी । लेकिन क्योंकि खर्चो की वसूली के आदेश करने के बारे में जांच न्यायालय का अपना विवेकाधिकार है और क्योंकि न्यायालय के खर्चो को न्यूनतम रखा गया है तथा चूकचर्ता अधिकारी केन्द्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रम के हैं । मैं आदेश देता हूं कि जांच न्यायालय की लागत की वसूली किसी भी पक्ष अथवा कर्मचारी से नहीं की जायेगी ।

10.4. रिपोर्ट को समाप्त करने से पूर्व मैं निर्धारणकर्ता श्री बी. एन. तिवाड़ी और प्रो. ए.के. घोष की सहायता के लिए उनका आभार प्रकट करता हूं । वे न्यायालय की लगभग सभी बैठकों में उपस्थित रहे । अनेक व्यवस्तताओं के बावजूद भी उन्होंने कोर्ट के सामने साक्ष्य तथा दलीलों पर विचार-विमर्श तथा उनका मूल्यांकन करने में अपना बहुमूल्य समय दिया । मैं, इस्टर्न कोलफील्ड लि., उनके एडवोकेट श्री बी. जोशी तथा कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों जो कि इस कार्यवाही में पक्षकार थे का भी आभारी हूं । मैं रिपोर्ट के इस भाग में उनके नामों का भी उल्लेख करना चाहता था किन्तु स्थानाभाव के कारण मैं ऐसा नहीं कर पाया तथापि कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों जिन्होंने इस कोर्ट के समक्ष शहादत के बारे में तथा जिरह में भाग लिया है कि एक सूची अनुलग्नक XIV पर है। मैं, श्री एस.सी. चटर्जी, क्षेत्रीय निदेशक सेन्ट्रल माइन प्लानिंग तथा डिजायन इन्स्टिट्यूट, आसनसोल और उनके अधिकारियों जिन्होंने आसनसोल में इस न्यायालय को कार्य करने के लिए अधसंरचना सहायता उपलब्ध करायी, के लिए उनका आभार प्रकट करता हूं

ह०

(पी.सी. होता)

महाबीर कोर्ट आफ इन्क्वारी

श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग,

नई दिल्ली-110001

ह./- ह./-

(बी.एन.तिवाड़ी) (प्रो.ए.के.घोष)

निर्धारणकर्ता निर्धारणकर्ता

अनुलग्नक-I

महाबीर माइन में 13 नवम्बर, 1989 को घटित घातक दुर्घटना में जान गंवाने वाले व्यक्तियों की सूची ।

क्रम सं.	नाम	पदनाम	आयु
1.	सीताराम दुसाद	टिम्बर मजदूर	52
2.	पन्ना लाल तिवारी	,, ,,	54
3.	आमन्दी तुरी	लोडर	45
4.	बिशु हाजम	विस्फोटक ले जाने वाले	51
5.	अंगु नुनिया	लाइन मजदूर	54
6.	झारी बिसरा	लोडर	54

अनुलग्नक-II

जांच न्यायालय

की नियक्ति संबंधी

अधिसूचना

श्रम मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, दिनांक 16 अप्रैल, 1990

का. आ. 327(ई):—13 नवम्बर, 1989 को पश्चिम बंगाल राज्य के बर्दवान जिले में स्थित मैसर्स ईस्ट्रन कोलफील्ड लि० की महाबीर कोलियरी में एक दुर्घटना हुई थी जिसमें कई व्यक्तियों की जाने गयी थी;

और केन्द्रीय सरकार का विचार है कि दुर्घटना के कारणों और परिस्थितियों की तात्कालिक जांच की जाये ;

अतः केन्द्रीय सरकार खान अधिनियम, 1952 (1952 का 35) की धारा 24 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री के. सी. शर्मा, अवकाश प्राप्त अपर सचिव श्रम मंत्रालय को इस बारे में जांच करने के लिए एतद्द्वारा नियुक्त करती है और उस जांच के लिए निर्धारकों के रूप में नियुक्त करती है।

(1) श्री बी. एन. तिवाड़ी,
महासचिव
कोलयरी मजदूर सभा (एटक),
जी. टी. रोड, आसनसोल,
जिला बर्दवाई (पश्चिम बंगाल)

(2) प्रो. ए. के. घोष,
प्रोफेसर आफ माईनिंग इंजीनियरिंग,
इंडियन स्कूल आफ माईन्स,
धनबाद —826004 (बिहार)

[फा. सं. एन 11015/1/90 आई एस एच-II]

ह०/—

आर. टी. पाण्डे, उप सचिव

अनुलग्नक–III

श्री पी. सी. होता की नियुक्ति के संबंध में अधिसूचना

भारत का राजपत्र असाधारण

[भाग II—खण्ड 3 (ii)]

श्रम मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 3 जनवरी 1991

का. आ. 3(ई):—भारत सरकार श्रम मंत्रालय की अधिसूचना का. आ. सं. 327(ई) दिनांक 16 अप्रैल, 1990 में आंशिक संशोधन करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री पी. सी. होता, अपर सचिव, भारत सरकार श्रम मंत्रालय को श्री के. सी. शर्मा के स्थान पर महावीर कोलियरी में हुई दुर्घटना के कारणों और परिस्थितियों की जांच के लिए तुरन्त प्रभाव से नियुक्त करती है।

[फा. सं. एन-11015/1/90-आई एस एच–II]

ह./-

आर. टी. पाण्डेय, उप सचिव

अनुलग्नक–IV

माननीय कलकत्ता उच्च न्यायालय को श्री पी. सी. होता द्वारा दी गई अंडरटेकिंग।

कलकत्ता उच्च न्यायालय में न्यायालय आवेश सं. 7650(डब्ल्यू) 1990 में श्री पी. सी. होता, महावीर कोलयरी दुर्घटना जांच न्यायालय का लिखित वक्तव्य—कोल माईन्स आफिसर्स आफ इंडिया बनाम महावीर कोलयरी दुर्घटना जांच न्यायालय

